



- पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू - 12






- पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर राज्यों को मिलेगी ज्यादा एलपीजी- 12





- ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार - 13





- पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधु - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.18
सूर्यास्त 06.23


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 06:53 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 113, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




नई दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग को कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। ● एजेंसी

## दिल्ली और इंदौर में भीषण अग्निकांड, 17 लोगों की मौत

### पालम इलाके में आवासीय इमारत में लगी आग, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की जान गई | इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करते वक्त हुआ हादसा 8 मृतकों में एक ही परिवार के दो बच्चे, तीन महिलाएं

नई दिल्ली/इंदौर, एजेंसी

दिल्ली और इंदौर की आवासीय इमारतों में हुए भीषण अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग में एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में तीन मंजिला मकान में तड़के इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करते वक्त धमाके के बाद आग लग गई। यहां भी एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ की जान चली गई।

दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित इमारत के बेसमेंट, भूतल



इंदौर में घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मी।

और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जिसके मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। कश्यप के परिवार में पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियां थीं। मृतकों में राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियां शामिल हैं। तीनों बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी मौत हो गई। राजेंद्र का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इस पर अनिल ने खुद भी छलांग लगा दी। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत से कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया।

इंदौर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के मकान में तड़के 4:00 आग लगी। पुलिस के मुताबिक मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। अचानक चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी भीषण आग ने मकान को चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में रखे रसोई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग और विकराल हो गई। घटना में मकान के अंदर मौजूद तन्मय (6), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) की मौत हो गई। दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मुश्किल हुई।

### दिल्ली: सौंदर्य उत्पादों से भड़की आग

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आग पहली मंजिल पर लगी और तेजी से फैल गई। दुकान में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। शोरूम में थिनर, नेल पॉलिश और रिमूवर जैसे कई ज्वलनशील पदार्थों का भंडार था।

### 30 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, एनडीआरएफ कर्मियों और वायुसेना पुलिस के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गईं। काले धुएं के घने गुबार और आग की लपटों के बीच भीड़ वाले बाजार में आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ा।

### मोदी ने इंदौर की घटना पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से देने की घोषणा की।

---

**ब्रीफ न्यूज**

### रुपये में 49 पैसे की बड़ी गिरावट, 93 के करीब



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और 92.41-92.89 के बीच कारोबार करता रहा। अंत में 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो 49 पैसे की बड़ी गिरावट है। मंगलवार को रुपया 92.47 का स्तर छूकर 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### विवादास्पद गीत पर दिया एनएचआरसी ने नोटिस

नई दिल्ली। विवादास्पद गीत 'सरके चुनर' में अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं। संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गीत को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है।

### खराब मौसम : दिल्ली में 22 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम की खराब स्थिति के कारण बुधवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 22 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में आंधी आई और भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आईजीआईए की 22 आगमन उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर परिवर्तित किया गया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है जो प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है।

## ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद पश्चिम एशिया में और बढ़ा घमासान

### ईरान ने इजराइल पर बरसाईं मिसाइलें, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दूसरे दिन भी हमला

- यूएई में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना भी बनाया मिसाइल का निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान के दो शीर्ष अधिकारी अली लारीजानी और जनरल गुलाम रजा सुलेमानी के मारे जाने के बाद बुधवार को पश्चिम एशिया में घमासान और तेज नजर आया। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला लेने के लिए बुधवार को दोनों की मौत की पुष्टि के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर मिसाइलों की बारिश की, इसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इसके अलावा, ईरान ने यूएई में ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस को भी निशाना बनाया।

रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक उसने मध्य इजराइल को 'मल्टीपल-वारहेड' मिसाइलों से निशाना बनाया, जिनमें रक्षा प्रणालियों से बचने और रडार को भ्रमित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा खुर्रमशहर-4 और कादर मिसाइल भी दागीं। इस बीच, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर बुधवार तड़के



ईरान से दागी गई मिसाइलें बुधवार को मध्य इजराइल के आसमान में तेजी से गुजरीं।

लगातार दूसरे दिन हमला हुआ। मंगलवार को बगदाद स्थित दूतावास परिसर के अंदर एक ड्रोन भी गिरा था। ईरान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर भी हमला किया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने कहा, 18 मार्च की सुबह बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है।

**मोसाद के लिए जासूसी के आरोप में फांसी:** ईरान में बुधवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। आरोप हैं कि उसने संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें और जानकारी' मोसाद को उपलब्ध कराई थीं।

### ईरान के परमाणु संयंत्र और गैस संयंत्रों पर हमले, नुकसान नहीं

इस बीच, ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला हुआ, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा ईरान के विशाल अपतटीय साउथ पार्स क्षेत्र में प्राकृतिक गैस संयंत्रों पर भी बुधवार को हमला हुआ। ईरान और कतर फारस की खाड़ी में स्थित अपतटीय तेल क्षेत्र साझा करते हैं।

### मिसाइल हमलों के बाद दुबई में अलर्ट

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मिसाइल हमलों के कारण बुधवार को अलर्ट जारी कर दुबई के लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियां मिसाइलों को रोक रही हैं। दुबई के विभिन्न हिस्सों में तेज आवाजें सुनाई देने के बाद अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमेरिका ने होर्मुज के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों को गिराया है। इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटीशिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं।

## यूपी में सुरक्षा से विकास तक अब नया मॉडल : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी ने किया 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन
- कहा, प्रदेश में अब न भय न तनाव, न ही दंगों का खतरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने इस परिवर्तन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, सरकार की नीतियों, जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और जनता के सहयोग का परिणाम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश पहचान के संकट, कमजोर कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहा था, लेकिन अब न भय है, न अराजकता और न दंगों का खतरा। नवरात्रि और रमजान जैसे पर्व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। सरकार ने 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक नौकरियां दीं, जिनमें 2.19 लाख पुलिस भर्तियां शामिल हैं। पुलिस सुधार के तहत प्रशिक्षण क्षमता बढ़ी, कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुई और हर जिले में साइबर थाने बने। योगी ने कहा कि प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभरा है।

सात शहरों में मेट्रो, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट इसकी पहचान हैं। राज्य में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और जेवर देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। निवेश के क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश ग्राउंडिंग हो चुकी है, जबकि जापान, सिंगापुर और जर्मनी के निवेशक भी उत्साहित हैं। कृषि विकास दर 8.5 से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई, गन्ना किसानों को 3.16 लाख करोड़ का भुगतान हुआ और सिंचाई का विस्तार हुआ। महिला सशक्तीकरण में 1.75 लाख से अधिक बेटियों को नौकरी मिली, जबकि 1.10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक ने भी उपलब्धियां गिनाई और पुस्तक के विमोचन में हिस्सा लिया।

### संवाद से जन-जन तक पहुंचेगा '9 वर्ष' का विजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 9 विषयों पर आधारित 9 दिवसीय कार्यक्रम बसंत नवरात्रि से शुरू होगा। इसमें युवा, किसान, महिलाएं व समाज के सभी वर्ग सहभागी बनेंगे। संवाद के जरिए जहां 9 वर्षों की उपलब्धियां साझा होंगी, वहीं आगे के विकास का विजन भी तय किया जाएगा। उन्होंने कहा, 9 पूर्णता का प्रतीक है और यह अभियान उसी दिशा में एक अहम कदम है।

## चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

- 13 आईएएस और पांच आईपीएस की तैनाती, संभालेंगे चुनाव की कमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का नया दौर शुरू करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ पांच आईपीएस अधिकारियों को भी उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया है।

आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार तबादला निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह फेरबदल निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद किए गए कई बदलावों के बाद हुआ है।

## अगले सप्ताह शनिवार-रविवार को भी होगी संसद की बैठक

- बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण लिया गया निर्णय

**नई दिल्ली।** संसद में इस सप्ताह बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगले सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को भी दोनों सदनों की बैठक आयोजित होगी।

लोकसभा में पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों को सूचित किया कि बृहस्पतिवार, 19 मार्च और शुक्रवार 20 मार्च के लिए निर्धारित सदन की बैठकें रद्द कर दी गई हैं। उनके स्थान पर शनिवार 28 मार्च और रविवार 29 मार्च को बैठकें होंगी जिनमें प्रश्नकाल नहीं होगा। बृहस्पतिवार को उगादी उत्सव मनाया जाएगा, वहीं शुक्रवार को ईद-उल-फितर का अवकाश रहेगा। राज्यसभा में इस बाबत घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

## उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त शुल्क न वसूल करें विमानन कंपनियां

- ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतों के बीच सरकार ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानन कंपनियों को घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने का निर्देश दिया है। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों की ओर से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि उड़ान में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच तय हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क बुक की जा सकती हैं, बाकी सीटों के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।

### एक ही पीएनआर पर अब साथ-साथ देनी होगी सीट

नए निर्देशों के तहत एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट दी जाएं। आमतौर पर एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थीं।

## होर्मुज संकट पर मोदी ने की कुवैत के युवराज से बात

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना भारत की सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई। मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया।

## सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाएं दुनिया भर में बाधित

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को बुधवार को बड़ी तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण भारत सहित बड़े पैमाने पर दुनिया भर के यूजर्स के लिए इसकी सेवाएं बाधित हो गईं।

सेवाओं के बाधित होने पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार भारत में रात आठ बजे इस मंच के काम न करने की खबरें आईं। मोबाइल एप और कंप्यूटर वेबसाइट दोनों में समस्या आई। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों के यूजर्स ने टाइम लाइन को अपडेट करने, उत्तर देखने और नए संदेश साझा करने में दिक्कतें झेलीं।

**कैबिनेट के फैसले**

सरकार ने दी 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी

## देश भर में विकसित होंगे 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा गया है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को



गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग एंड प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत उत्पादन शुरू कर सकती हैं।

### बाराबंकी से बहराइच तक राजमार्ग होगा 6969.04 करोड़ से फोरलेन

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच एनएच-927 का 101.5 किमी का हिस्सा चार लेन का बनाया जाएगा। इस पर 6969.04 करोड़ लागत आएगी। चार लेन होने से इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़ की समस्या हल होगी। साथ ही नेपालगंज सीमा के जरिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी।

### कैबिनेट ने 2584 करोड़ लागत की लघु जल विद्युत विकास योजना की मंजूर

देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584.60 करोड़ रुपये की लागत से ''लघु जल विद्युत विकास योजना'' शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। वैष्णव ने बताया कि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर कपास खरीद के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये

भारतीय कपास निगम को 2023-24 के कपास सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था के तहत दिए गए मूल्य समर्थन को लेकर 1,718.56 करोड़ रुपये दिए जाने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के दौरान कपास के बाजार भाव एमएसपी से नीचे गिरने के कारण सरकारी एजेंसी को 32.84 लाख गांठ के लिए एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ी।

अमृत विचार

बरेली, गुरुवार, 19 मार्च 2026



# चैती मेला जाते समय ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से महिला की गई जान

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** इलाबांस देवल पर लगे चैती मेले में शामिल होकर लौट रही महिला की ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

बता दें कि बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव गंगापुरी निवासी लेखराज राजपूत अपनी पत्नी 45 वर्षीय पार्वती देवी के साथ बाइक से चैती मेले में आए थे। शाम को दोनों बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। पैनियां हिम्मत गांव के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में पार्वती की मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस पहुंची और जानकारी की। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि चालक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर भाग गया है। मामले की जांच करा रहे हैं।

## कार्यशाला का समापन

**पीलीभीत।** जिले के गजरौला, बरखेड़ा, बरहा और ललौरीखेड़ा मंडलों में भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशालाओं का बुधवार को समापन हो गया। ललौरीखेड़ा और बरहा मंडल के प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कराई थी जबकि गजरौला मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, बरखेड़ा मंडल में विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत कराई थी। पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, पूर्व लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल, जिला महामंत्री लेखराज भारती, दिनेश पटेल, तुलाराम लोधी, मंगली प्रसाद वर्मा आदि रहे।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांकः 2230 / 413सी0(ई0टेण्डर)–3 / 2025–26 दिनांक 14.03.2026

अल्पकालीन ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दरो पर स्वीकृति की प्रत्याशा में ई–निविदा दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लगत | | | धरोहर धनराशि (रू0लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सिविल कार्य की लागत (रू0लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू०लाख में) | कुल अनुमानित लागत (4+5) (रू०लाख में) | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत कार्य | | | | | | | | |
| 1 | निर्वुआ से सब्जीपुर खाता मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 104.50 | 6.10 | 110.60 | 7.53 | 2725.00 | 05 माह | ए,बी (मार्ग कार्य) |
| 2 | ग्राम आनन्दीपुर से मुड़िया जागीर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 69.00 | 5.00 | 74.00 | 5.70 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 3 | ग्राम डहिया पुल मार्ग से न्योधना तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 38.10 | 2.00 | 40.10 | 4.01 | 2725.00 | 03 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 4 | ग्राम पचतौर सरनियां मार्ग से बादशाह नगर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 70.20 | 4.00 | 74.20 | 5.71 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 5 | ढकिया बरकली से तिगरी तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 68.50 | 5.10 | 73.60 | 5.68 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 6 | भगवानपुर पक्की सड़क से मल्हपुर के शेर सिंह के खेत तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 117.00 | 8.70 | 125.70 | 8.29 | 2725.00 | 05 माह | ए,बी (मार्ग कार्य) |
| 7 | ग्राम पंडरी खालसा से कैथोला बेनीराम तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 124.30 | 8.50 | 132.80 | 8.64 | 2725.00 | 05 माह | ए,बी (मार्ग कार्य) |
| 8 | ग्राम फिदाईपुर से आनन्दपुर गौटिया सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 59.20 | 4.20 | 63.40 | 5.17 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 9 | ग्राम कुरतरा से लक्ष्मणजति मढ़ी मन्दिर होते हुए सतुईया तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 81.00 | 4.50 | 85.50 | 6.28 | 2725.00 | 04 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 10 | स्टेडियम रोड स्थित सिटी हार्ट कॉलोनी में मुख्य मार्ग से फब्बारा होते हुए अन्त तक एवं लिंक गलियों से सड़क का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 218.00 | 5.45 | 223.45 | 13.17 | 2725.00 | 06 माह | ए, (मार्ग कार्य) |
| 11 | पीलीभीत बाईपास रोड मुख्य मार्ग से शहीद भगत सिंह अस्पताल होते हुए डा0 नयन सिंह के प्लॉट के सामने से मुख्य मार्ग तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 224.00 | 5.60 | 229.60 | 13.48 | 2725.00 | 06 माह | ए (मार्ग कार्य) |
| 12 | भोलामानपुर से पैगा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 160.50 | 12.00 | 172.50 | 10.63 | 2725.00 | 05 माह | ए,बी (मार्ग कार्य) |
| 13 | ग्राम पर्खुरनी से ग्राम भदरक का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 76.50 | 5.30 | 81.80 | 6.09 | 2725.00 | 04 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 14 | ग्राम हथमना मार्ग से भंगा रास्ते की पुलिया एवं मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 115.20 | 5.30 | 120.50 | 8.03 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 15 | ग्राम अहमदनगर उर्फ गोकिलपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 64.50 | 3.60 | 68.10 | 5.41 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 16 | चुरैला मन्दिर से दीन नगर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 153.70 | 11.50 | 165.20 | 10.26 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 17 | ग्राम भोगपुर से डंडियानगला सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 40.90 | 3.00 | 43.90 | 4.20 | 2725.00 | 03 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 18 | ग्राम नौली से संतोष गौटिया तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 174.80 | 13.10 | 187.90 | 11.40 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 19 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत ग्राम अग्रास से सोरहा होते हुए मन्डोली तक मार्ग एवं पुलिया का निर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 74.60 | 5.60 | 80.20 | 6.01 | 2725.00 | 04 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 20 | जनपद बरेली में विधानसभा बिथरी चौनपुर में एन0एच0–24 से पदारथपुर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 65.40 | 4.90 | 70.30 | 5.52 | 2725.00 | 04 माह | ए, बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 21 | जनपद बरेली में नदेली भुड़िया मार्ग से पंडरा वीरान सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 185.50 | 13.90 | 199.40 | 11.97 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 22 | जनपद बरेली में टेहरा से पुनुनागर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 101.00 | 7.50 | 108.50 | 7.43 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 23 | विशेषरपुर से कमालपुर ज्योतिजागीर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 145.60 | 10.90 | 156.50 | 9.83 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 24 | ग्राम गौटिया से जासपुर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 148.00 | 11.10 | 159.10 | 9.96 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 25 | ग्राम पीतमपुर से अल्हैया तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 174.80 | 13.10 | 187.90 | 11.40 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 26 | ग्राम कोठा मक्खन से मलुआ सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 56.40 | 4.20 | 60.60 | 5.03 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 27 | ग्राम डबरी से कमलापुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 84.20 | 6.30 | 90.50 | 6.53 | 2725.00 | 04 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 28 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद बरेली में विकासखण्ड बहेड़ी में परसरामपुर से ग्राम ईश्वरपुर तक मार्ग पर 5X5 मी0 3 सेल बाक्स कल्वर्ट पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग का नवनिर्माण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 187.40 | 10.10 | 197.50 | 11.88 | 2725.00 | 05 माह | ए,बी (सेतु कार्य) |
| 29 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत ग्राम शाहपुर इनायतुल्ला फाटक से सैदपुर सरौरा नहर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 40.50 | 3.00 | 43.50 | 4.18 | 2725.00 | 03 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 30 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत ग्राम चुनुआ से हिमकरा व मुड़िया विशनसहाय तक सम्पर्क मार्ग | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 59.00 | 4.40 | 63.40 | 5.17 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 31 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत संजय गांधी इण्टर कॉलेज जादौपुर रोड से हिमकरा गांव तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 67.20 | 5.00 | 72.20 | 5.61 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 32 | ग्राम मथुरापुर सुन्दरलाल भगत जी के घर से ओमप्रकाश पेन्ट की दुकान तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 39.20 | 0.90 | 40.10 | 4.01 | 2725.00 | 03 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 33 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत ग्राम फरदीया मनकरा से उत्तराखण्ड सीमा तक छूटी कड़ी सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 168.80 | 11.20 | 180.00 | 11.00 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 34 | खड़ौआ में नरेश नेता जी के घर से होली चौराहा होते हुए डेलापीर तक सीसी मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 44.30 | 2.80 | 47.10 | 4.36 | 2725.00 | 03 माह | ए, बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 35 | अटरिया रेलवे क्रासिंग से रोठा पुल के निकट तक व लिंक यादव जी वकील साहब के सामने से प्राथमिक पाठशाला होते हुए मुख्य मार्ग का नवनिर्माण कार्य । | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 39.20 | 0.90 | 40.10 | 4.01 | 2725.00 | 03 माह | ए, बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 36 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत ग्राम डहिया (विकास खण्ड–फतेहगंज पश्चिमी) के उत्तर में खंडजे पर पक्की सडक का नवनिर्माण | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 67.00 | 3.00 | 70.00 | 5.50 | 2725.00 | 04 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |
| 37 | जनपद बरेली में विकास खण्ड भोजीपुरा में ग्राम हंसा मार्ग पर किमी0 01 में 1X4 मी0 1 सेल का बाक्स कल्वर्ट एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 40.10 | 0.00 | 40.10 | 4.01 | 2725.00 | 03 माह | ए,बी,सी (सेतु कार्य) |

2–निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

**UP-248433 दिनांक 17.03.2026**

**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


# बंद रहा कंट्रोल रूम, जांची गईं 6200 कॉपियां

## बोर्ड मूल्यांकनः शहर के ड्रमंड और जीजीआईसी कॉलेज को बनाया गया केंद्र, आईडी चेक के बाद मिला प्रवेश

- **फोर्स भी रहा तैनात, पहले दिन उप प्रधान परीक्षक ने चेक की कॉपी**
- **मूल्यांकन में लगाए गए शिक्षकों को दी गई विस्तृत जानकारी**

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों के मूल्यांकन की शुरुआत बुधवार से हुई। शहर के दो केंद्रों पर पहले दिन डीएचई (उप प्रधान परीक्षक) और अंकक्षेक ने कॉपियां चेक की। साथ ही मूल्यांकन में लगाए गए शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद परीक्षकों ने भी कॉपियां जांची। मगर पहले ही दिन अव्यवस्थाएं देखने को मिली। जिस वजह से सीसीटीवी से निगरानी के दावे धड़ाम दिखे। हालांकि अफसर कंट्रोल रुम संचालित होने की बात कहते रहे। पहले दिन 6200 कॉपियां जांची गई।

ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को बोर्ड की कॉपी जांचने के लिए मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। बोर्ड की ओर से करीब दो मंडलों के जिलों की 185624 कॉपियां अलॉट की गई हैं। इनमें 77852 इंटरमीडिएट और हाईस्कूल 108042 की कॉपियां हैं। जीजीआईसी में हाईस्कूल और ड्रमंड कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियों की जांच होगी। मंगलवार को प्रशिक्षण के बाद बुधवार को सुबह 10 बजे दोनों केंद्रों पर मूल्यांकन शुरू किया गया।

कॉपियां जांचने से पहले ड्रमंड कॉलेज के उप नियंत्रक संतोष कुमार, जीजीआईसी की उप नियंत्रक अनीता रानी ने परीक्षकों और डीएचई के साथ बैठक की। जहां उन्हें बोर्ड की गाइडलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद दोनों केंद्रों पर सबसे पहले डीएचई और अंकक्षेक ने कॉपी जांची। प्रत्येक डीएचई ने अलग-अलग विषय की 20-20 कॉपियां चेक कीं। इसके बाद परीक्षकों को कॉपी जांचने के लिए दी गईं। जीजीआईसी में पहले दिन 64 में 64 डीएचई मूल्यांकन में उपस्थित हुए। जिन्होंने कॉपियां जांची। वहीं परीक्षक में 611 में 290 परीक्षक ही उपस्थित हुए। 321 अनुपस्थित रहे। इन सभी को सूचित कर ड्यूटी ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए। उपस्थित हुए 290 परीक्षक ने पूरे दिन में कुल 2469 कॉपियां जांची गई। इधर, ड्रमंड कॉलेज में इंटरमीडिएट की 77852 कॉपियां आवंटित हुई। यहां पहले दिन 35 डीएचई और 155 परीक्षकों ने कॉपियां जांची। हालांकि 192 परीक्षक अनुपस्थित रहे। दो डीएचई भी अनुपस्थित रहे। पहले दिन कॉपियों में कोई भी खामी नहीं मिली।

इस केंद्र पर पूरे दिन में कुल 3731 कॉपियों का मूल्यांकन पूर्ण किया गया। मूल्यांकन केंद्र में किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया गया। आईडी चेक करने के बाद परीक्षक और डीएचई को भी एंट्री दी गई। सुरक्षा के लिहाज से फोर्स भी तैनात रहा। इधर, मूल्यांकन कार्य का जायजा लेने के लिए कई अफसरों ने भी केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्र पर किसी भी परीक्षक को मोबाइल अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। मूल्यांकन कक्ष में पहुंचने से पहले सभी के मोबाइल जमा कर लिए गए थे। इसके अलावा दोनों ही केंद्रों पर सुरक्षा बल भी तैनात रहा।



ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य करते परीक्षक। • अमृत विचार

> जिले में मूल्यांकन के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। दोनों पर ही पहले दिन मूल्यांकन कार्य किया गया। पहले दिन कुल 6200 कॉपियां जांची गई है। कंट्रोल रुम खुला रहा था। अगर बंद रहा है तो उसके बारे में पता करते हैं। कंट्रोल रुम में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। अगर लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **–राजीव कुमार सिंह,** डीआईओएस

# कर्मचारियों को दिया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय में बुधवार को अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अग्निशमन विभाग की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण में चिकित्सालय से जुड़े करीब 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान आग से बचाव के व्यावहारिक तरीके सीखे। प्रशिक्षण का उद्देश्य अस्पताल परिसर में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, त्वरित प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करना रहा। अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों ने आग लगने के कारणों, आग के प्रकार और उससे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने की समझ मिल सके।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

बरेली वृत,लो0नि0वि0,बरेली

पत्रांक : 2233 / 413सी0(ई0टेण्डर)–3 / 25–26 दिनांक 14.03.2026

अल्पकालीन ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1–महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से मदवार दरों पर स्वीकृति की प्रत्याशा में ई–निविदा दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | जनपद बरेली में विधानसभा बिथरी चौनपुर में लाल फाटक से बुखारा फरीदपुर (शहरी भाग) मार्ग तक नाले का निर्माण | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 500.20 | 10.00 | 06 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड ,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

**UP-248436 दिनांक 17.03.2026**

**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


## रंजिश के चलते में मारपीट

दियोरियाकलां। ग्राम दियोराजपुर निवासी भगवान दास पुत्र लोचन प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पैतभोजी चौराहे पर आटा चक्की है। पड़ोस में सर्वेश, अजय, प्रेमसागर की आटा चक्की है। भगवान दास कम रुपये में लोगों की पिसाई करता है। जिसको लेकर रंजिश है। जिसे लेकर आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति**

**नवीन मण्डी स्थल, बिल्सी (बदायूं)**

पत्रांक : कृ.उ.म.सा./2026-142 दिनांक : 17.03.26

**चार पहिया वाहन किराया कुटेशन सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति बिल्सी को प्रवर्तन कार्य हेतु चार पहिया वाहन बोलेरो किराये पर लेने की आवश्यकता है। वाहन का उपयोग प्रशासनिक/प्रवर्तन कार्य हेतु किया जायेगा। वाहन अस्थायी रूप से किराये पर लिया जायेगा, जिसे किसी भी समय हटाया जा सकता है। अतः इच्छुक व्यक्ति निम्न शर्तो के अधीन दिनांक 30.03.26 को समय 05:00 PM बजे तक अपना कुटेशन समिति कार्यालय में सीलबन्द लिफाफे के अन्दर रखकर दे सकते है। कुटेशन दिनांक 31.03.26 को 02:00 PM बजे सभापति महोदय द्वारा कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बिल्सी में खोले जायेंगे। कुटेशनदाता समय पर उपस्थित हो सकते है।

**शर्तें :-**

01. वाहन अच्छी कन्डीशन में होना आवश्यक है, वाहन का मॉडल तीन वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये।
02. वाहन से सम्बन्धित अभिलेख पंजीयन प्रमाण पत्र, वाहन का बीमा, प्रदूषण के कागज, ड्राईवर का नाम पता मोबाईल नं. तथा उसके ड्राइविंग लाइसेन्स की छायाप्रति संलग्न करें।
03. कुटेशन में प्रतिमाह किराये की दर अंकित करें।
04. वाहन किराये का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करने के उपरान्त ही किया जायेगा तथा वाहन किराये का अग्रिम भुगतान समिति द्वारा नहीं होगा।
06. समिति से डीजल उपलब्ध कराया जायेगा।
07. वाहन की लॉग बुक प्रतिदिन वाहन के ड्राईवर द्वारा समिति के अधिकारी/कर्मचारी से पूर्ण कराना आवश्यक है अन्यथा किराये का भुगतान नहीं किया जायेगा।
08. कुटेशन स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सभापति मण्डी समिति बिल्सी में निहित होगा।
09. वाहन के ड्राईवर को पारिश्रमिक का भुगतान वाहन के मालिक द्वारा किया जायेगा, समिति से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है।
10. समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र बिल्सी होगा।

**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बिल्सी (बदायूं)**

**सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बिल्सी (बदायूं)**



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक :2232 / 453सी0(ई0टेण्डर)–3 / 25–26 दिनांकः 14.03.2026

अल्पकालीन ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1–महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ई–निविदा दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | ण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में) | योग 4+5 | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025–26 मे जनपद बरेली मे रूरिया खनपुरा मार्ग के कि0मी0 2 में पूर्व से क्षतिग्रस्त लघु सेतु के स्थान पर 7 सैल 5×5मी0 का बॉक्स कल्वर्ट टाईप लघु सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 ,बरेली | 231.66 | 3.84 | 235.50 | 13.78 | 6 माह | 2725.00 | ए सेतुकार्य) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025–26 मे जनपद बरेली मे ग्राम खलपुर से हृदयपुर मार्ग पर हयूम पाईप पुलिया के स्थान पर 7 सैल 5×5मी0 स्पान का बॉक्स कल्वर्ट टाईप लघु सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 ,बरेली | 234.80 | 3.72 | 238.52 | 13.93 | 6 माह | 2725.00 | ए सेतु कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

**UP-248435 दिनांक 17.03.2026**

**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


## महिला से की गई मारपीट की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा नत्थू की रहने वाली मीना देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 मार्च को उसके घर पर गांव के मिथलेश कुमार, सचिन कुमार आए। और दरवाजे के पास खड़े होकर गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। आसपास के लोग जमा हुए तो जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## लिलहर सरोवर में भक्तों ने लगाई डुबकी

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव लिलहर स्थित सरोवर में अमावस्या के दिन दूरदराज से पहुंचे भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। उसके बाद शिव पार्वती विराजमान शिवालय में दर्शन कर पूजा अर्चना कई। बुधवार को अमावस्या के दिन भक्तों की खासी भीड़ रही। मेले में दुकानें लगाई गईं जिसमें बच्चे खिलौनों के खरीदने में उत्साहित दिखे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत**

पत्रांक : 750/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक : 17.5.2023

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णाक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | ऋषि गुप्ता के मकान से बलजीत वर्मा से वीरेश के मकान तक सी.सी. का निर्माण कार्य वार्ड नं. 09 | 2175207.00 | 36900.00 | 2600.00 | 3 माह |
| 2. | सुभाष चन्द्र के मकान से वरूण जायसवाल के मकान से अमित सक्सेना के प्लाट तक सी.सी. का निर्माण कार्य वार्ड नं. 09 | 3007683.00 | 51000.00 | 3550.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 19.3.2026 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 9.04.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
3. ई–निविदा को माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 10.4.2026 को अपरान्ह 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ( जी.एस.टी. सहित ) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।


**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत**

## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और 27 मार्च को खत्म होंगे। इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी (डोली) पर होगा, जो संघर्ष और सामाजिक अस्थिरता का संकेत माना जाता है। वहीं माता का प्रस्थान हाथी पर होगा, जो अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली का सूचक है। नवरात्र पूरे नौ दिनों के होंगे। इस बार चैत्र नवरात्र एक खास संयोग लेकर आ रहा है। लगभग 72 साल बाद ऐसा योग बन रहा है जब अमावस्या और नवरात्र की शुरुआत एक साथ होगी। 19 मार्च को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। अगर किसी कारणवश इस समय पूजा न कर सकें तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है। यह मुहूर्त 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

**बीज मंत्र........माँ शैलपुत्री ह्रीं शिवाय नमः**



| इफ्तार गुरुवार | सहरी शुक्रवार |
| --- | --- |
| सुन्नी : 6:25 | सुन्नी : 4:52 |
| शिया : 6:33 | शिया : 4:44 |

### शहर में आज

- नवरात्रि के पहले दिन मां यशवंतरी देवी समेत अन्य मंदिरों में पूजन सुबह 04 चार बजे से।
- अशोक कॉलोनी स्थित संतराम शिशु मंदिर से आरएसएस का पथ संचलन दोपहर 03 बजे से।
- शक्तिपीठ इलावांस देवल मंदिर में चैती मेला सुबह 09 बजे से।

### युवती को ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर।** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसके गांव का एक युवक 12 मार्च की रात पुत्री को फुसलाकर ले गया। पुत्री घर में रखे जेवर और डेढ़ लाख रुपये ले गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# कार-ई-रिक्शा की टक्कर, 3 की मौत, 7 लोग घायल

## इलाबास देवल मंदिर में लगे मेले में जा रहे थे ई-रिक्शा सवार, मचा कोहराम



हादसे की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार



टक्कर लगने के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा। ● अमृत विचार



ई-रिक्शा से टक्कर लगने के बाद ट्रॉली में घुसी कार। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरियाकलां (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी एक बार फिर हादसे का सबब बन गई। दियोरियाकलां-बीसलपुर मार्ग पर कार और ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार वृद्धा समेत 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोग गंभीर घायल हो गए। सीओ बीसलपुर दो थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे को लेकर भी पुलिस की टीमें पड़ताल करने में जुटी रहीं।

बीसलपुर तहसील क्षेत्र के इलाबास देवल धार्मिक स्थल पर इन दिनों चैती मेला लगा है। जिसमें दूर दराज से लोग पहुंच रहे हैं। बुधवार को बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मार पगार व बबूरा के कुछ ग्रामीण ई-रिक्शा पर सवार होकर इलाबास देवल पर चैती मेला देखने के लिए जा रहे थे। दियोरियाकलां-बीसलपुर मार्ग पर गांव बिरसिंहपुर बहादिया चौराहे के पास पहुंचते ही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा पलट गया और उसके परखच्चे उड़ गए। जबकि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकरा गई। आसपास के तमाम ग्रामीण और राहगीर जमा हो गए। सीओ बीसलपुर प्रगति चौहान, एसओ दियोरियाकलां गौतम सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। बीसलपुर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया गया।

हादसे में ग्राम बबूरा के रहने वाले 14 वर्षीय राहुल पुत्र श्रीपाल और 60 वर्षीय जसोदा देवी पत्नी राममूर्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान अन्नपूर्णा (40) पत्नी श्रीपाल की भी मौत हो गई। जबकि ग्राम मार पगार निवासी मुनेंद्र (26) पुत्र मुनीष, अमन (12) पुत्र श्रीपाल, राजेश्वरी देवी (30) पत्नी राजू, ग्राम बबूरा निवासी सुधा (10) पुत्री श्रीपाल, शोभा (4) पुत्री संजय, काजल (15) पुत्री रामदुलारे को गंभीर हालत में भर्ती कराया है। मृतक व घायलों के परिजन पहुंच गए। बताते हैं कि कार में कुछ महिलाएं सवार थी और चालक मौके से भाग चुका था। पुलिस ने कार सवार महिलाओं से भी हादसे को लेकर जानकारी की। एसओ दियोरियाकलां गौतम सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन कब्जे में ले लिए हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे के बाद बन गए जाम के हालात

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट चुकी थी। पुलिस ई-रिक्शा में सवार घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाने में जुटी हुई थी। इसे लेकर करीब पौन घंटे तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। जाम के हालात बने रहे। पुलिस ने बमुश्किल वाहनों को एक-एक साइड से निकलवाया और फिर जाम खुल सका।

**तेज रफ्तार कार, ओवरटेक करते वक्त हुई टक्कर :** पुलिस की टीमें हादसे के बाद वजह को लेकर जानकारी करने में जुटी रही। इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि कार काफी तेज स्पीड से आ रही थी। जिसके चलते ओवरटेक करते वक्त दोनों वाहन सामने-सामने आने से नियंत्रित नहीं कर सके और टक्कर हो गई। टक्कर की भीषणता का आकलन हर कोई ई-रिक्शा की क्षतिग्रस्त हालत को देखकर लगाता रहा। मौके पर काफी भीड़ जमा रही। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

**भीड़ से बचाने को चालक को दुकान में छिपाया :** कार और ई-रिक्शा की टक्कर में दो लोगों की जान चली गई थी। मौके पर भीड़ जमा हो गई थी। चालक के मौके से भागने की बात कही जा रही थी। बताते हैं कि एकत्र हुई भीड़ ने कार चालक को घेर लिया और उस हमला बोलने लगे थे। इसी दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने सूझबूझ से चालक को पास में स्थित दुकान के अंदर भेज दिया था। फिर भीड़ को पुलिस ने नियंत्रित किया। भीड़ के आक्रोश को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुला लिया गया था। फिलहाल चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## दिनदहाड़े दुकान से सोने की चेन उड़ाई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के लाल रोड स्थित सराफा बाजार में बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घटना हुई। सराफ राजू चंद्र ने बताया कि वह दोपहर में खाना खाने के लिए दुकान के पीछे बने घर में चले गए थे। इस दौरान दुकान पर मानसिक रुप से कमजोर नौकर बैठा हुआ था। तभी एक अज्ञात युवक दुकान में ग्राहक बनकर घुसा और मौका पाते ही शोकेस में रखी सोने की दो चेन उड़ा ले गया। चोरी करने के बाद आरोपी बिना किसी हड़बड़ी के आराम से वहां से निकल गया। कुछ देर बाद जब दुकान पर वापस लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। शक होने पर जब दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई तो आरोपी की पूरी करतूत सामने आ गई। इसके बाद घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। कोतवाल सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

साथ ही फील्ड यूनिट की टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कराई जा रही है।

# 7 करोड़ से सुधरेगी 5 जर्जर सड़कों की सूरत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- क्षेत्र की सड़कों के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री ने किए थे प्रयास
- ग्रामीणों को जल्द ही मिलेगी निजात, आवागमन होगा सुगम

**अमृत विचार:** सदर और पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र की पांच जर्जर सड़कों की जल्द ही सूरत बदलेगी। इनका सामान्य मरम्मत और नवीनीकरण कार्य कराया जाएगा। सात करोड़ की लागत से कार्य होगा। संबंधित विधायकों की ओर से भेजे गए प्रस्वावों पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने प्रयास किए और अब स्वीकृति मिल गई है। जिसके बाद जल्द ही अब इन पर काम शुरू होगा और राहगीरों व क्षेत्रीय ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा।

स्वीकृत किए गए मार्गों में पांच सड़कें शामिल हैं। जिन पर सात करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बताते हैं कि इनके प्रस्ताव क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भेजे गए थे। जिनकी स्वीकृति के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने प्रसास किए।

इसके लिए मुख्यमंत्री से भी संपर्क किया गया था। स्वीकृत मार्गों में सदर विधानसभा क्षेत्र के पीलीभीत जहानाबाद रोड से सुंदरपुर मार्ग, पीजेएएस मार्ग से हैदराबाद भगवतीपुर धुरा संपर्क मार्ग होते हुए जिठनिया लिंक मार्ग है। वहीं, पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र का पीलीभीत बस्ती मार्ग किमी 63 से जलेश्वर उर्फ जगतपुर संपर्क मार्ग, निघासन पुलिया-धनाराघाट पूरनपुर मार्ग और पूरनपुर कलीनगर मार्ग की सामान्य मरम्मत व नवीनीकरण कार्य होगा। अब इन पर काम शुरू होगा और राहगीरों व क्षेत्रीय ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा। इन सड़कों के आवागमन के बाद सफर करने वाले राहगीरों को राहत मिलेगी।



> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनहित को सर्वोपरि मानते हुए इन सभी विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आधारभूत संरचना को लगातार सुदृढ़ करने का जो संकल्प लिया गया है, यह निर्णय उसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ये क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।
> –**जितिन प्रसाद**, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद

# पानी गर्म करते वक्त लगी आग, सिलेंडर फटा



आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मचारी। ● अमृत विचार



आग लगने के बाद जला सामान। ● अमृत विचार

संवाददाता, न्यूरिया

**अमृत विचार:** नहाने के लिए पानी गर्म करते वक्त पहले सिलेंडर और फिर आसपास रखे सामान में आग लग गई। कुछ ही देर में सिलेंडर फट गया। परिवार ने बमुश्किल खुद को सुरक्षित बाहर किया। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू किया। हादसे में घर पर रखा काफी सामान भी जल गया।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के धनकुना अड्डा निवासी बाबूराम के घर में बुधवार सुबह करीब सात बजे परिवार वाले कामकाज में जुटे हुए थे। दूसरी मंजिल पर स्थित रसोई में नहाने के लिए पानी गर्म किया जा रहा था। बताते हैं कि गैस सिलेंडर के पाइप में रिसाव होने के बाद आग लग गई। कुछ ही देर में आग बढ़ गई। जब तक पत्नी कुछ समझ पाती, गैस ने आग पकड़ ली। परिवार के सदस्यों ने आग की लपटें उठती देखीं तो शोर मच गया। आसपास के लोग भी जमा हो गए। रसोई में मौजूद महिला को बाहर निकाला गया और फिर अन्य परिवार वाले भी सुरक्षित बाहर आ गए।

आग की लपटें और धुआं उठता देख भीड़ बढ़ती चली गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंच गई। बमुश्किल आग पर काबू कर लिया गया। हालांकि काफी सामान जल गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर टीम पहुंची थी। सिलेंडर फटा है। मगर, इस पहलु की जांच की जा रही है कि आग लगने के बाद सिलेंडर फटा या सिलेंडर फटने के बाद आग लगी है।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व को मिला नया रेस्क्यू व्हीकल

- प्रधान मुख्य संरक्षक/विभागाध्यक्ष ने व्हीकल का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



रेस्क्यू वाहन की जांच करते डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से बाहर निकले तेंदुआ समेत अन्य अहिंसक वन्यजीवों को भी अब सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सकेगा। दरअसल पीलीभीत टाइगर रिजर्व को एक फाउंडेशन की ओर से एक अत्याधुनिक रेस्क्यू वाहन मिला है। बीते दिनों टाइगर रिजर्व के दौरे पर आए प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष ने इस अत्याधुनिक रेस्क्यू वाहन का लोकार्पण करते हुए इसे टाइगर रिजर्व के सुपुर्द कर दिया। इस वाहन के आने से जहां मानव-वन्यजीव संघर्ष पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा, वहीं तेंदुआ समेत अन्य अहिंसक वन्यजीवों को सुरक्षित रेस्क्यू करना आसान होगा।

पीलीभीत के जंगल को एक दशक पूर्व टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। उस दौरान आनन फानन में टाइगर रिजर्व का दर्जा तो दे दिया गया, मगर जिम्मेदार जरुरी संसाधन मुहैय्या कराना ही भूल गए। नतीजतन बाघ समेत वन्यजीवों ने तेजी से जंगल से बाहर निकलना शुरू कर दिया। परिणामस्वरुप जंगल से सटे इलाकों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ने लगी। जो आज भी बदस्तूर जारी है। इसमें इंसानों के साथ-साथ बाघ समेत वन्यजीवों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हालांकि टाइगर रिजर्व प्रशासन सीमित संसाधनों के दम पर ही वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में लगा है। इसमें तमाम स्वयंसेवी संस्थाएं भी टाइगर रिजर्व का सहयोग कर उन्हें संसाधन मुहैय्या करा रही हैं। इसी कड़ी में गुजरात की एस्ट्रल फाउंडेशन ने भी अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी फंड से टाइगर रिजर्व को एक अत्याधुनिक रेस्क्यू व्हीकल भेंट किया गया है।

### अब सिर्फ बाघों तक सीमित नहीं रहेगा रेस्क्यू

अभी तक पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पास मुख्य रूप से केवल बाघों को रेस्क्यू करने के लिए ही विशेष वाहन उपलब्ध था। तेंदुआ या अन्य छोटे वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में घुस आने पर वन विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। अब इस नए रेस्क्यू वाहन के आने से वन्यजीवों को बिना किसी गंभीर चोट के सुरक्षित पकड़कर वापस प्राकृतिक आवास में छोड़ना संभव हो सकेगा।

खास बात यह है कि इस वाहन को टाइगर रिजर्व प्रशासन ने अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप मॉडिफाई कराया है, जिससे अब तेदुओं और अन्य अहिंसक वन्यजीवों को सुरक्षित रेस्क्यू करना आसान हो जाएगा। बीते दिन टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय दौरे पर आए प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने इस नए रेस्क्यू व्हीकल का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीलीभीत जैसे संवेदनशील क्षेत्र में, जहां आबादी और जंगल की सीमाएं आपस में सटी हुई हैं, ऐसे आधुनिक संसाधनों की नितांत आवश्यकता थी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह वाहन फील्ड टीम की कार्यक्षमता को बढ़ाएगा।

> पीटीआर के पास अब तक मुख्य रूप से बाघों के रेस्क्यू के लिए ही रेस्क्यू वाहन उपलब्ध था। एस्ट्रल फाउंडेशन द्वारा मिले इस नए रेस्क्यू व्हीकल को हमने अपनी फील्ड की जरूरतों के हिसाब से विशेष रूप से मॉडिफाई कराया है। अब तेंदुआ जैसे फुर्तीले और अन्य अहिंसक वन्यजीवों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करने में हमारी टीम को आसानी होगी।
> –**मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# बदायूं से लौटा हर्षित का परिवार, लाइसेंस व सुरक्षा मिली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- घर पर लगाई गई दो सिपाहियों की ड्यूटी, नायब तहसीलदार समेत अन्य अफसर पहुंचे



परिवार से शस्त्र लाइसेंस के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कराते अधिकारी।

**अमृत विचार :** सप्ताह भर पहले बदायूं के एचसीपीएल प्लांट में गोलीकांड में मारे गए हर्षित मिश्रा के परिवार द्वारा जानमाल का खतरा जताने पर प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। परिवार को शस्त्र लाइसेंस मुहैया कराने के साथ ही घर पर भी दो सिपाहियों की ड्यूटी लगाई है। बुधवार को भी नायब तहसीलदार समेत अन्य अफसरों ने परिवार से मुलाकात कर कागजी कार्रवाई पूर्ण कर डीएम कार्यालय रिपोर्ट भेज दी है।

12 मार्च को बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट में उप महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हर्षित मिश्रा पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रहने वाले थे। मृतक हर्षित मिश्रा के परिवार को गम और गुस्से के बीच जान का खतरा भी सता रहा है।

चार दिन पहले डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधव ने हर्षित के परिवार से मुलाकात की थी। उन्हें शस्त्र लाइसेंस देने की संस्तुति की गई। प्रशासन की ओर से आवेदन पत्र पूरनपुर स्थित उनके आवास पर भिजवाया गया, जहां मंगलवार को नायब तहसीलदार ने पहुंचकर पिता और पत्नी से मुलाकात कर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कराने के लिए भेजा गया था। मगर परिवार वाले पुलिस सुरक्षा में बदायूं गए थे, जोकि देर रात वापस लौटे। जिस वजह से कागजी कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी थी। बुधवार को दोबारा से नायब तहसीलदार हर्षित के घर पहुंचे, उन्होंने परिवार वालों से आवेदन पर हस्ताक्षर और अभिलेख लेकर जमा किए थे। अभिलेख पूर्ण करने के बाद उन्हें डीएम कार्यालय भिजवा दिए हैं। इधर, सुरक्षा के लिहाज से हर्षित के घर के बाहर दो सिपाहियों की ड्यूटी लगाई है। परिवार से मिलने वाले से जानकारी करने के बाद ही मिलने वालों को अदंर भेजा जा रहा है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक हर्षित के परिवार हर संभव सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। शस्त्र लाइसेंस प्रक्रिया पूरी करा दी गई है।

# चार आरोपियों को पुलिस ने भेज जेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जहानाबाद पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जतीपुर में बीते दिनों हुए अलग-अलग समुदायों के दो पक्षों में विवाद के बाद अस्पताल में भर्ती घायल को धमकाने के लिए आरोपी पक्ष के पहुंचने का मामला सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई। पूर्व में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में चार आरोपियों की गिरफ्तारी कर जहानाबाद पुलिस ने जेल भेज दिया है।

घटना 12 मार्च को हुई थी। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जतीपुर निवासी महेंद्र पाल पुत्र बालकराम पर दूसरे समुदाय के युवकों ने हमला कर दिया था। वह गंभीर घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने चार नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। घटना को लेकर गांव में तनाव के हालात थे। मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल को धमकाने के लिए भी मंगलवार को दो लोग अस्पताल पहुंचे थे। जिनमें से एक को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया था। दूसरे पुलिस ने सख्ती की है। जहानाबाद पुलिस ने मामले में चार नामजद आरोपी जतीपुर गांव निवासी उस्मान, असलम, हनीफ उर्फ नन्हेलला और फैजान उर्फ गांधी को बुधवार को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

### घायल को धमकाने वाला भेजा जेल

जिला अस्पताल में भर्ती घायल ग्राम जतीपुर निवासी महेंद्र पुत्र बेचेलाल के पास मंगलवार शाम को तीन युवक जिला अस्पताल पहुंच गए थे। घायल महेंद्र पर समझौते का दबाव बनाया और फिर आरोप है कि जब उसने समझौता करने से इनकार किया, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। घबराए महेंद्र के शोर मचाने पर अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचे और एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से भाग गए थे। महेंद्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम जतीपुर निवासी इमरान अली को नामजद करते हुए दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## कालोनी में मचा बाघ का शोर, पहुंची टीम

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर से सटी राम बिहार कॉलोनी में बीती रात बाघ देखे जाने की सूचना से हड़कंप मच गया। वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। देर तक चली जांच पड़ताल के बाद पगमार्क न मिलने पर टीम ने तेंदुआ होने की आशंका जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की बात कहते हुए निगरानी बढ़ाई है। मामला शहर के वनकटी रोड स्थित राम बिहार कालोनी का है। मंगलवार रात करीब 10 बजे के आसपास कुछ लोगों द्वारा बाघ देखे जाने की बात कही गई। इसकी सूचना वन एवं वन्यजीव प्रभाग को दी गई। कुछ देर बाद ही प्रभाग के डिप्टी रेंजर शेर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम ने लोगों से जानकारी करने के बाद आसपास क्षेत्र में पगमार्क ट्रेस करने के प्रयास किए, मगर काफी देर बाद भी संबंधित स्थान पर कोई पगमार्क नहीं मिला। तेंदुआ होने की आशंका पर सतर्क रहने को कहा है।

# आंतों में संक्रमण के चलते हुई थी बाघ की मौत

- आईवीआरआई बरेली से भेजी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा
- 28 फरवरी की रात माला रेंज में मिला था बाघ का शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



माला जंगल में 28 मार्च की रात मिला बाघ का शव। (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार:** माला रेंज में बीते 28 मार्च की रात मृत मिले पर बाघ की मौत आंतों में संक्रमण होने के चलते हुई थी। इसको खुलासा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली से भेजी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक बाघ की मौत 24 घंटे पहले होने से उसके कुछ अंदरुनी अंग सड़-गल भी गए थे। जांच में कैनाइन डिस्टेंपर या किसी अन्य बीमारी होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में बीते 28 मार्च की रात धमेला वॉच टावर के नजदीक नर बाघ का शव पाया गया था। शव पड़े होने की जानकारी गश्त कर रहे वनकर्मियों को लगी तो उन्होंने उन्होंने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी थी। सूचना मिलते ही प्रभारी डीएफओ भरत कुमार डीके ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। इसके बाद बाघ की मौत की पुष्टि होने के बाद आला अफसरों को सूचना दी गई। रात में ही मुख्य वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह भी मौके पर पहुंचे थे।

उन्होंने ने भी मृत बाघ के शव की बारीकी से जांच की थी। जांच के दौरान बाघ के शरीर पर कोई चोट आदि का निशान नहीं पाया गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली भेजा गया था। अगले दिन आईवीआरआई के विशेषज्ञों की टीम द्वारा बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया गया था। पोस्टमार्टम के बाद आईवीआरआई के विशेषज्ञों ने बाघ की मौत जहर आदि होने से इंकार किया है। हालांकि उसके भूखे होने की बात सामने आई है।

> मृत बाघ की पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक बाघ की मौत पेट में संक्रमण होने के चलते होना पाया गया है। इसमें रैबीज या फिर किसी अन्य बीमारी होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। बाघ की मौत रेस्क्यू करने से करीब 24 घंटे पहले होना पाया गया है। –**मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### गैस्ट्रोएंटेराइटिस इंफेक्शन से हुई मौत

इधर बुधवार को आईवीआरआई द्वारा बाघ की पोस्टमार्टम रिपोर्ट टाइगर रिजर्व प्रशासन को भेजी गई। टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक भेजी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बाघ की मौत पेट में संक्रमण (गैस्ट्रोएंटेराइटिस इंफेक्शन) होना पाया गया है। इसमें किसी अन्य वायरस या बीमारी होने के संकेत नहीं मिले हैं। रिपोर्ट में बाघ की मौत उसे रेस्क्यू करने से 24 घंटे पहले होना बताया गया है। इस कारण उसके कुछ अंदरुनी अंग सड़-गल गए थे। टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दक्ष गंगवार के मुताबिक गैस्ट्रोएंटेराइटिस इंफेक्शन किसी संक्रमित शिकार के खाने या फिर पाचन संबंधी समस्या होने से होता है। इससे आंतों में तेजी से संक्रमण होता है। इस संक्रमण से भूख लगना बंद हो जाता है। भूख न लगने से ही स्वास्थ्य पर तेजी से प्रभाव पड़ता है

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# राहत के नाम पर चला काम गुल हुई बिजली, लोग परेशान

## गर्मी के दिनों में लोड बढ़ने से होने वाले फाल्ट रोकने के लिए चल रही है तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गर्मी की दस्तक के साथ बिजली संकट का खतरा बढ़ने लगा है। पावर कॉरपोरेशन की ओर से आगामी दिनों में बेहतर सप्लाई देने के लिए सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। जिसके चलते घंटों सप्लाई बंद रही और बिजली गुल होते ही उपभोक्ता परेशान हो गए। पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों के फोन घनघनाने लगे। हालांकि दोपहर तक कार्य पूरा कर समस्त क्षेत्रों की सप्लाई चालू करा दी गई। जिम्मेदारों का मानना है कि एक दिन की परेशानी भले हुई हो, लेकिन आगामी दिनों में इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा।

शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लंबे समय से दावे तो बहुत किए गए लेकिन उसका असर कुछ खास नहीं दिख सका। एक साल से अधिक समय से जर्जर लाइनों को बदलकर बंच केबिल डलवाई जा रही है।


ट्रांसफार्मर में सुधार कार्य करता कर्मचारी।


लाइन टैपिंग कार्य में लगे पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारी।

मगर अभी भी कई जगह तारों के मकड़जाल मुसीबत का सबब बने हुए हैं। कई बार डाली गई नई बंच लाइन की केबिन भी आग का गोला बन चुकी है। लोकल फाल्ट के चलते बिजली गुल होना आम हो चुका है। हर बार की तरह इस बार भी गर्मी में लोड बढ़ना तय है।

ऐसे में संसाधनों में सुधार के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। लाइनों को बदलवाने के साथ ही ट्रांसफार्मरों का लोड बढ़ाने का कार्य पावर कारपोरेशन की ओर से कराया जा रहा है। बुधवार के भी सुधार कार्य चला। जिसके चलते सुबह छह बजे से ही बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। लाइनों का टैपिंग कार्य टीमें करती रही। इसके चलते मोहल्ला अशरफ खां, बेनहर कॉलेज रोड, मुख्य बाजार, एकता नगर कॉलोनी, खकरा, कांशीराम कॉलोनी, बल्लभनगर कॉलोनी, आसफजान, साहूकारा, आवास विकास, नई बस्ती, जेपी रोड, लाल रोड, पुरानी तहसील, ड्रमंडगंज चौराहा, मोहल्ला छोटा खुदागंज के दस हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली संकट की स्थिति से जूझना पड़ा। कई जगह ट्रांसफार्मरों का भी सुधार कराया गया। एक-एक कर जहां काम पूरा होता गया, संबंधित फीडरों की लाइन चालू करा दी गई। क्षेत्र की सप्लाई दोपहर तीन बजे तक सुचारू करा दी गई। शहर के अधिकांश घरों में पानी की सप्लाई विद्युत संचालित मोटरों पर आधारित है। ऐसे में बिजली गुल हुई तो कई जगह पानी के लिए भी लोगों को परेशानी हुई।

- **बुधवार सुबह से सप्लाई हुई बंद तो पहुंचने लगे फोन, दोपहर तक चालू हुई बिजली**

> बेहतर आपूर्ति देने के लिए संसाधनों में सुधार कार्य कराया गया है। लाइन टैपिंग कार्य कराया गया। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर भी सुधारे व बदले गए हैं। इसी के चलते कुछ देर के लिए सप्लाई बंद रखी गई थी। सभी जगह बिजली सप्लई सुचारू करा दी गई है।– **जहांगीर आलम**, जेई पावर कॉरपोरेशन

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस बैच 2024 और 2025 के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी थीम स्वास्थ्य के लिए साथ आएं विज्ञान के लिए खड़े रहें थी।

प्रतियोगिता का उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों में वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों, साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धति और स्वास्थ्य सेवाओं में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा। संचालन कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हुमा खान ने नोडल अधिकारी के रूप में किया।

इस दौरान विभाग के डॉ. अरुण सिंह, डॉ. पूजा सिंधवानी, डॉ. वर्तिका अग्रवाल, डॉ. महेश कुमार पांडेय और डॉ. कौस्तव हलदार मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के ज्ञान को मजबूत करती हैं और उन्हें वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। वहीं, प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस विद्यार्थियों को वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने का अवसर देता है।

## बच्चों व अभिभावकों को किया सम्मानित


छात्रा को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य और प्रबंधक। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** टनकपुर रोड स्थित ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को कार्यक्रम हुआ। इस दौरान दोनों शाखाओं के कक्षा केजी के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम और वार्षिक परिणाम वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने अभिभावकों के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। इस दौरान बच्चों ने उत्साह दिखा। शिक्षिका साक्षी गोयल ने आगामी कक्षा एक के पाठ्यक्रम एवं शैक्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए स्मृति चिन्ह दिए गए। शत प्रतिशत पीटीएम उपस्थिति वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

टनकपुर रोड शाखा में केजी ब्लू में कुनाल मंडल, केजी रेड में आराध्या, सुरभि कॉलोनी शाखा में अथर्व गंगवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रस्तुति सौरभ, कुनाल, आराध्या और आश्वी ने की। इस दौरान समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जिलाधिकारी से मिले नामित सभासद


डीएम से मुलाकात करते नामित सभासद। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शासन स्तर से नगरपालिका पीलीभीत में नामित किए गए सभासदों ने बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान नगराध्यक्ष भाजपा इंद्रेश चौहान भी मौजूद रहे।

इस दौरान बताया कि 23 मार्च को नगर पालिका परिषद में शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। डीएम ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समाज हित में कार्य करने की बात कही। मुलाकात करने वालों में नितिन सक्सेना, पंकजा तिवारी, प्रिंस प्यारेलाल लोधी, प्रतीक अग्रवाल टिन्नी, स्वतन्त्र देवल नामित सभासद रहे।

## 20 दिन पहले हुई मारपीट की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम डांग निवासी इकरार अंसारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी जहानाबाद कस्बे में फर्नीचर की दुकान है। उसके पड़ोस में शकील और उसकी दुकान पर काम करने वाले कस्बा निवासी अकरम ने 25 फरवरी को सुबह 10 बजे पीड़ित पर पुरानी रंजिश में गाली गलौज कर हमला कर दिया था। सिर पर लोहे की रॉड मार दी। जिससे वह घायल हो गए थे। आरोप है कि थाना जहानाबाद पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने मेडिकल कराया। आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी उस वक्त रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कई बार थाने के चक्कर लगाए लेकिन कार्रवाई के बजाय पुलिस ने अभद्रता कर भगा दिया। इसके बाद एसपी से गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर जहानाबाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## डीएम-एसपी को मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- **व्यापार मंडल और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की मुलाकात**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधव से मुलाकात की। इस दौरान मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा कि कई ऐसे प्रकरण सामने आते हैं जिनमें संबंधित व्यक्ति न्यायालय से दोषमुक्त हो चुके होते है। जिनमें कोई कन्विक्शन नहीं हुआ होता, फिर भी उनके पुराने मामले सीसीटीएनएस या हिस्ट्रीशीट में प्रदर्शित होते रहते हैं। इसके कारण संबंधित व्यक्तियों की सामाजिक प्रतिष्ठा, निजता, रोजगार, व्यापारिक गतिविधियों, पासपोर्ट, बैंक एवं पुलिस सत्यापन जैसी प्रक्रियाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।


एसपी से मुलाकात करते व्यापारी व अधिवक्ता। • अमृत विचार

अनुरोध किया कि ऐसे मामलों की समय-समय पर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार रिकॉर्ड का क्लोजर/अपडेट सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाए। दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह विषय केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि जनहित, नागरिक अधिकारों और न्यायिक सिद्धांतों से जुड़ा है। अतः प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि इस विषय में आवश्यक परीक्षण कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी, महासचिव विद्याराम वर्मा, मोहतशिम मालिक, इतरत अली, अरुण मिश्रा, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, व्यापार मंडल महामंत्री रजत अग्रवाल, अमित शुक्ला, आयुष, हर्षल सिंह, प्रियांश, दीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग
श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा,
शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## वार्षिक खेलकूद स्पर्धाओं का समापन

- **विधायक ने विजेताओं को किया पुरस्कृत**

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 49वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक बीसलपुर विवेक कुमार वर्मा, प्राचार्या डॉ.अलका मेहरा ने कराई। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. पवन त्रिवेदी ने क्रीड़ा समारोह की आख्या प्रस्तुत की।

विधायक ने कहा कि क्रीड़ा में जीतना जितना महत्वपूर्ण है उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में भाग लेना है।


पुरस्कृत किए गए प्रतियोगिता के विजेता। • अमृत विचार

क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में हमेशा स्वस्थ मानसिकता के साथ हमें प्रतिभाग करना चाहिए। सफलता और असफलता का इसमें कोई भी महत्व नहीं होता है। खेलकूद में भाग लेने वाले प्रतिभागी का स्थान महत्वपूर्ण होता है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉ. विकास प्रधान ने किया। इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. चन्द्रप्रभा गंगवार, डॉ. महेश बाबू, डॉ. सुनीत कुमार साहनी, डॉ. महेंद्र पाल, डॉ. रजत गंगवार, डॉ. जगदम्बा आदि मौजूद रहे।

## जश्न ए कुरआन पाक शानो शौकत के साथ मनाया

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर स्थित मस्जिद मोटा पाकड़ में मुकद्दस रमजान के महीने में कुरआन पाक मुकम्मल होने पर मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआ की गई।

शहर के मोहल्ला भूरे खां स्थित मस्जिद मोटा पाकड़ में मस्जिद के इमाम मौलाना हाफिज अरशद खां ने लगातार नमाजे तरावीह 20 रक्तों के साथ कुरआन पाक सुनाया। कुरआन पाक के सभी 30 पारे मुकम्मल होने पर इशा की नमाज के बाद जश्ने कुरआन पाक शानो शौकत के साथ मनाया गया। मौलाना हाफिज अरशद खां ने कुरआन पाक पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरआन पाक की तिलावत हर घर में होनी चाहिए। बच्चों को हाफिज ए कुरआन बनाएं। रोजे नमाज कुरआन पर तकरीर फरमाई। कहा कि रमजान के महीने में कुरआने पाक पढ़ने और उस पर अमल करने की अजीम फजीलत हुई है। जिस रात को कुरआने पाक नाजिल हुआ था, उस रात को शबे कद्र कहा जाता है। इस मौके पर इंतेजमियां कमेटी के लोगों ने मस्जिद के इमाम अरशद खां को फूलों का हार पहनाकर इस्तकबाल किया और नजराना पेश किया गया। इसके बाद सलातो सलाम फतिहा दुआ हुई, जिसमें मुल्क में अमन चैन की दुआं की गई।

धर्म-कर्म

### घट स्थापना सुबह 6 . 54 बजे से 12 :1 तक होगा, पहले दिन होगी मां शैलपुत्री की होगी पूजा

# चैत्र नवरात्र आज से, पालकी में होगा मां दुर्गा का आगमन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का उत्सव चैत्र नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। पहले दिन भक्त घट स्थापना कर मां शैलपुत्री का पूजन करेंगे। इसको लेकर भक्तों में उल्लास है। नवरात्र का लेकर बुधवार को बाजार सजे देखे गए। पूजा के सामान भी जमकर खरीदारी की गई। किराना और फलों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6:54 बजे से शुरू होकर 12 बजे बजे तक है।

चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरु हो रहे हैं। देवी व्रत को लेकर माता यशवंतरी देवी मंदिर, मां ज्वाला देवी मंदिर, गोदावरी स्टेट कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर समेत जिले भर के मंदिरों में साफ सफाई के अलावा रंग बिरंगी रोशनी से सजावट कराई गई है। वहीं इस चैत्र नवरात्र में मेले का भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को महिलाएं अपने परिवार के साथ देवी व्रत के सामान की खरीदारी करने के लिए घर से निकली। शहर के स्टेशन रोड, चूड़ी वाली गली, नींबू बाजार, गल्ला मंडी, किराना मंडी, जेपी रोड, चौक बाजार समेत विभिन्न स्थानों पर भीड़ बनी रही। जहां पूजा सामग्री की दुकानों पर पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री की खरीदारी की। इसके अलावा घर में नौ दिन प्रतिष्ठा करने के लिए मां दुर्गा के नौ स्वरूप वाली मूर्तियों की डिमांड अधिक रही। इसके अलावा फूलों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बनी रही। श्रद्धालुओं ने मां को अर्पित करने के लिए गुलाब गेंदा आदि फूलों से तैयार माला की खरीदारी की। पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि मान्यता है कि इस नवरात्र में मां दुर्गा का आगमन पालकी में होगा। और उनकी विदाई हाथी पर होगी। हाथी पर विदाई शुभ संकेत मानी जाती है। जो सुख समृद्धि के साथ धन लाभ करेगी। पहले नवरात्र को घटस्थापना आदि का लेकर शुभ मुहूर्त निर्धारित किया गया है। मुहूर्त में शुभ कार्य करने से मनोकामना पूरी होती है। नवरात्रि पर घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6:54 बजे से शुरू होकर 12:00 बजे तक रहेगा।


दुकान पर पूजन सामग्री खरीदती महिलाएं। • अमृत विचार

**बैरिकेडिंग के साथ लगेंगी दो कतार:** चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता यशवंतरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरु हो जाती है। साथ ही बाहरी जिलों के श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी राजेश वाजपेयी ने बताया कि मंदिर में लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पहले दिन सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरु होगी। इस बार बैरिकेडिंग के साथ दो लाइनों की व्यवस्था की गई है। ताकि शांतिपूर्ण ढंग से दर्शन हो सके। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस चौकी बनाई गई है। साथ ही मां की आरती के लाइव दर्शन रहेंगे।

### कलश स्थापना की ये है विधि



पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि नवरात्रि की पहले दिन की शुरुआत कलश स्थापना या फिर घटस्थापना के साथ की जाती है। इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि करके साफ वस्त्र धारण कर लें। इसके बाद एक चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं और उस पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करें। इस पर थोड़े चावल की ढेरी बनाएं और एक मिट्टी का पात्र जिसमें जौ बोए हों, चावल की ढेरी पर रख दें। इस पात्र के ऊपर जल से भरा हुआ कलश रखें। इसके बाद कलश पर स्वास्तिक बनाएं और कलावा बांध दें। कलश में साबुत सुपारी, सिक्का और अक्षत डालकर अशोक के पत्ते रख दें। अशोक के पत्ते लें और उस पर चुनरी लपेटकर कलावा बांध दें। इसके बाद नारियल को कलश के ऊपर रखें और देवी जी का आवाहन करें। दीप जलाकर कलश की पूजा करें।

# थायराइड मशीन खराब जिला अस्पताल से लौटे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः जिला अस्पताल में थायराइड जांच की मशीन खराब होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार दोपहर से मशीन बंद पड़ी है, जिसके चलते लगातार दूसरे दिन भी मरीज बिना जांच कराए वापस लौटने को मजबूर हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मशीन को ठीक होने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है।

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में रोजाना करीब 30 से 40 थायराइड जांचें होती थीं, लेकिन मशीन खराब होने के कारण यह सेवा पूरी तरह ठप हो गई है। इसका सीधा असर दूर-दराज से आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है, जो 15 से 20 किमी सफर तय कर अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन बिना जांच के ही लौटना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि उन्हें मशीन खराब होने की पहले से जानकारी नहीं थी। जिला मुख्यालय से जांच कराने पहुंचे महेश प्रसाद ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लगे थे, लेकिन बाद में पता चला कि मशीन खराब है। इसी तरह खागी ओयल से आए लेखराम, पनगी से आईं पार्वती और देवीपुरवा के अनन्तराम समेत कई मरीजों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अब उन्हें मजबूरी में निजी पैथोलॉजी केंद्रों का रुख करना पड़ेगा।

> मंगलवार को लिखित शिकायत भेजी गई है और तकनीकी टीम को बुलाया गया है। उम्मीद है कि अगले दो से तीन दिनों में मशीन ठीक कर ली जाएगी और जांच सेवाएं फिर से शुरू हो जाएंगी।
>
> -डॉ. राजकुमार कोली, सीएमएस जिला अस्पताल।

निजी जांच केंद्रों पर थायराइड टेस्ट के लिए मरीजों को 600 से 800 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, जो गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन रहा है। कई मरीजों ने यह भी कहा कि जांच के साथ-साथ उन्हें निजी डॉक्टरों से ही दवा लेनी पड़ेगी, जिससे खर्च और बढ़ जाएगा। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मशीन खराब होने की सूचना संबंधित कंपनी को दे दी गई है। इस बीच मरीजों की परेशानी को देखते हुए अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था न होने पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति में प्रशासन को अस्थायी तौर पर कोई वैकल्पिक जांच व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि मरीजों को भटकना न पड़े।

# कृष्णा टॉकीज पर ओवर ब्रिज को मंजूरी

## सीडीओ अभिषेक कुमार के लगातार प्रयास का परिणाम, 113.5 करोड़ से होगा काम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः जिले में वर्षों से प्रतीक्षित ओवरब्रिज और यातायात सुधार का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने शासन से कृष्णा टॉकीज ओवर ब्रिज (लेवल क्रासिंग संख्या - 121) को मंजूरी दिलाई। इससे पहले संकटा देवी से लालपुर बैरियर तक फोरलेन सड़क को स्वीकृति मिल चुकी थी। लेकिन रेलवे ओवरब्रिज की अनुमति न मिलने के कारण प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ था। अब दोनों मंजूरियों के साथ इन निर्माण कार्यों से जाम की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने शहर के मुख्य मार्ग की स्थिति और जाम की समस्या को शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया। कई दौर की बैठकें, तकनीकी रिपोर्टें और समन्वय के बाद अंततः शासन से स्वीकृति मिल गई। कृष्णा टॉकीज क्रॉसिंग पर घंटों लगने वाले जाम का समाधान हो जाएगा। हजारों वाहन रोज इस चौराहे से गुजरते हैं और अक्सर रेलवे फाटक बंद होने पर लंबी कतारें लग जाती हैं। फोरलेन और आरओबी बनने के बाद न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि शहर के मुख्य मार्गों का दबाव भी घटेगा।



रेलवे स्टेशन के सामने लगने वाली जाम से भी मिलेगी निजात। ● अमृत विचार

- संकटा देवी से लालपुर बैरियर तक फोरलेन सड़क निर्माण होगा संभव
- रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को मिलेगी राहत

बताते चलें कि संकटा देवी चौराहे से लेकर लालपुर बैरियर तक 3.65 किलोमीटर लंबे, 24 मीटर चौड़े फोरलेन मार्ग के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यही नहीं, इस मार्ग पर शहर की सबसे भीड़भाड़ वाली कृष्णा टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग पर थ्री लेन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) भी बनेगा।

### सीडीओ बोले- हमारा उद्देश्य जाम की समस्या का समाधान

सीडीओ ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़क या पुल बनाना नहीं, बल्कि जाम की समस्या का समाधान करना है। मैंने यह प्रोजेक्ट इसलिए आगे बढ़ाया ताकि लोग घंटों जाम में न फंसे, शहर की रफ्तार रुके नहीं, और हर कदम पर विकास दिखाई दे। यह सिर्फ एक पुल नहीं, यह लखीमपुर खीरी के हर नागरिक के लिए सुविधा, सुरक्षा और प्रगति का प्रतीक है जो कि जनपद के विकास की गति को तीव्र रफ्तार दिलाएगी।

## बाइक सवार को बचाने में पेड़ से टकराई कार

मैलानी, अमृत विचार : खुटार रोड पर गदनिया वीट जंगल में दोपहर के समय मैलानी की तरफ से कार बरेली जा रही थी, जो दाहिनी तरफ रोड क्रॉस करके पेड़ पर चढ़ गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार कितनी तेज रफ्तार में होगी। कार में पलिया के मोहल्ला किसान सेकंड निवासी तीन लोग सवार थे। उनके हल्की चोटें आई, जिनका निजी में इलाज कराया। बताया जाता है कि एक हफ्ता पूर्व दिल्ली से नेपाल जा रही तेज रफ्तार कार गदनिया वीट जंगल में ही टकरा गई थी। जिसमें चार लोग सवार थे। वह बच गए थे।

## नहर किनारे मिली मासूम, परिजनों को सौंपा

भानपुर, अमृत विचार : भीरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब दो वर्षीय बच्ची नहर किनारे लावारिस हालत में मिली। स्थानीय निवासी गोपाल ने बच्ची को रोते देखा तो सूचना पुलिस को दी। भीरा पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने संरक्षण में लेकर परिजनों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया, जिससे बच्ची की पहचान नूरी पुत्री वारिस अली निवासी अतरिया के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार बच्ची अपनी मां के साथ भीरा आई थी और खेलते-खेलते रास्ता भटककर नहर की ओर पहुंच गई थी।

# किशोरियां आज से कराएं पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान शुरू

अमृत विचारः सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाव के लिए जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत 24 मार्च से टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने किशोरियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य कराएं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला महिला चिकित्सालय में सदर विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अभियान के लिए 12,000 वैक्सीन आवंटित की गई हैं। इसके लिए चिकित्सकों, स्टाफ नर्स, एएनएम व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक प्रमुख कैंसर है, जिससे बचाव के लिए अब जिले में निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को लगाया जाएगा।



सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह ने बताया कि किशोरियों को यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा, जिसके आधार पर ही टीकाकरण किया जाएगा।

आधार कार्ड पर दर्ज आयु के अनुसार पात्रता तय होगी। बाद में दूसरे चरण में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह टीकाकरण शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह टीका बाईं बाजू में इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन के रूप में लगाया जाएगा और मात्र एक डोज (0.5 एमएल) से ही कैंसर का खतरा लगभग 99 प्रतिशत तक कम हो जाता है। निजी क्षेत्र में यही वैक्सीन करीब 4200 रुपये में उपलब्ध है।

# डीएचई चयन में बदलाव से सीनियर शिक्षकों में रोष

लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। इस बार उप प्रधान परीक्षक (डीएचई) की नियुक्ति में किए गए बदलाव को लेकर सीनियर शिक्षकों में असंतोष देखा जा रहा है। अब तक अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में एडेड कॉलेजों के अनुभवी वरिष्ठ शिक्षकों को उप प्रधान परीक्षक बनाया जाता रहा है। लेकिन इस बार अधिकांश विषयों में राजकीय और कस्तूरबा विद्यालयों के शिक्षकों को यह जिम्मेदारी दी गई है। इस बदलाव के चलते लंबे समय से उप प्रधान परीक्षक की जिम्मेदारी निभाते आ रहे सीनियर शिक्षक अब अपने से जूनियर शिक्षकों के अधीन परीक्षक के रूप में कॉपियां जांचने को मजबूर हैं। सीनियर शिक्षक इसे अपने पद और अनुभव के लिहाज से डिमोशन के तौर पर देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस बार वित्त पोषित कॉलेजों के केवल एक-दो शिक्षकों को ही उप प्रधान परीक्षक बनाया गया है। पहले जिन शिक्षकों श्रीकांत सिंह, महीप सिंह, मो. नियाज हसन, राकेश कुमार सिंह को उप प्रधान परीक्षक बनाया जाता था, इस बार उन्हें सिर्फ परीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षक श्रीकांत सिंह ने बताया कि अंग्रेजी विषय में एडेड कॉलेज से केवल बिजेंद्र सिंह को उप प्रधान परीक्षक बनाया गया है, जबकि बाकी टोलियों में राजकीय और कस्तूरबा विद्यालयों के शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडेड कॉलेज के शिक्षकों का कहना है कि इस परिवर्तन से उन पर भरोसा न किए जाने का संदेश गया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह और मंत्री वीर प्रताप ने भी इस फैसले को खेदजनक बताया है।

## महंत सत्यगिरी को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया

बिलसंडा, अमृत विचार : नगर से सटे गांव मझगवां में श्री सिद्ध लगड़े बाबा देवस्थल को जाने वाली सड़क, मॉडल शौचालय, बोरिंग और मंदिर का निर्माण समेत अन्य मांगों को लेकर महंत सत्यगिरी 10 दिन पूर्व अनशन पर बैठे थे। इसको लेकर कई अधिकारियों ने मंदिर पर पहुंचकर उनका अनशन समाप्त कराने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। बुधवार को एसओ सिद्धान्त शर्मा अन्य लोगों ने मंदिर पर पहुंच कर उनको आश्वस्त किया। उन्होंने जूस पीकर अपना अनशन तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि आश्वावन मिला है कि उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा इस पर उनहोंने अपना अनशन तोड़ दिया।

## 98 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर बंद हुई चीनी मिल

पलिया कलां, अमृत विचार : बजाज चीनी मिल का पेराई सत्र 2025-26 तक करीब 98 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त हो गया। यूनिट हेड ओपी चौहान ने क्षेत्र के सभी कृषकों, श्रमिकों, मिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। यूनिट हेड ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के दौरान मिल ने कुल 98 लाख 7 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की गई, जो किसानों, गन्ना विभाग, मिल अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि वे बसंत कालीन गन्ना बुआई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करें तथा पेड़ी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में विकास मलिक, संजीव दुबे, तनवीर अहमद, मनोज मिश्र, यूके पांडेय, शैलेश श्रीवास्तव, सौरभ गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मां-बेटी से मारपीट, दरवाजा तोड़ा

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव सैधरी निवासी मीना ने बताया कि सुबह करीब 8 :30 बजे गांव के ही धीरज, भूरे और छोटू उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसकी बेटी शालिनी को थप्पड़ मारे। लाठी-डंडों से भी पीटा। घर का दरवाजा भी तोड़ डाला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चीनी मिल में नि:शुल्क नेत्र शिविर 24 को

पलिया कलां, अमृत विचार : बजाज चीनी मिल में 24 मार्च को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगेगा, जिसमें सीतापुर स्थित आंख अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ग्रामीणों, किसानों, कर्मचारियों व अधिकारियों की आंखों की जांच की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि जिन लोगों को आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या है, वे शिविर में पहुंचकर निशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। जांच के दौरान यदि किसी मरीज को ऑपरेशन की आवश्यकता पाई जाती है, तो उसे निशुल्क ऑपरेशन के लिए सीतापुर ले जाने की भी व्यवस्था की जाएगी।





न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से बच्चे की मौत, भाई घायल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना पढ़ुआ क्षेत्र के गांव चंद्रपुरा निवासी एक दो वर्षीय बच्चे की बाइक की टक्कर से मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। गांव चन्द्रपुरा निवासी स्वामी दयाल का दो वर्षीय बेटा दीपक अपने बड़े भाई अनुराग के साथ सोमवार की दोपहर घर के बाहर खेल रहा था, बताते हैं कि अभयपुर निवासी एक बाइक सवार युवक कान में फोन लगाकर बाइक चला रहा था, इससे उसने दोनों बच्चों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए रमियाबेहड़ सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां दीपक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गया। अनुराग को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई, एक बरेली शहर में गाड़ी का स्टेयरिंग संभाल रही, दूसरी बनी उसकी ताकत, बड़े-बुजुर्गों का मिल रहा आशीर्वाद

# नवशक्ति: परिवारों की ढाल बनीं पायल-दीपाली, ये सहेलीं ई-रिक्शा वाली



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र नवरात्र मास में सभी के जीवन में भक्ति, शक्ति एवं नवचेतना के संचार का संदेश दिया है। कहा है कि यह पर्व मात्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति के वंदन का महापर्व है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि नारी शक्ति का मान रहे, बेटियों को उनके सपनों का आसमान मिले और मातृशक्ति को सम्मान मिले। विकसित प्रदेश का लक्ष्य है और इसके लिए आवश्यक है कि हर कोई अपने बेटों के समान बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प ले..। पावन-पुनीत समय को साक्षी बनाकर 'अमृत विचार' अपने इस भूभाग से 'नवशक्ति' के रूप कुछ ऐसी बेटियों की मिसाल-बेमिसाल कहानी सामने ला रहा है, जिनके बारे में पढ़कर किसी की भी जुबां से 'शाबास बेटी' के बोल फूट पड़ेंगे...!

संजय शर्मा/मोहित सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** दीपाली और पायल की जोड़ी देखकर सेल्यूट करने का मन करता है। दोस्ताने के रिश्ते में उनका सफर भी एक है और मंजिल भी एक। पिता का साया दोनों के सिर से उठ गया था। दुनियावी दुश्वारियां सिर पर मंडरा रहीं थीं तो ऐसे खराब वक्त में उनकी दोस्ती हो गई। फिर क्या, एक दूसरे की ताकत बनकर मैदान में उतर पड़ीं हैं। पसीने से अपनी-अपनी मां के आंसू पोंछ डाले हैं। जीवन की गाड़ी चलाने को दीपाली ने ई-रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभाल ली है तो साए की तरह साथ निभाकर पायल उसकी ताकत बन गई है।

बरेली की रहने वाली दीपाली की उम्र 25 बरस है तो पायल अभी 20 के पड़ाव पर ही पहुंची है। परिवार में तंगी की वजह से दीपाली स्कूल नहीं जा सकी। मुसीबत का पहाड़ उस समय और बड़ा हो गया, जब चकमहमूद मोहल्ले में रहने वाले उसके पिता चल बसे। भाई कोई नहीं और घर में अकेली सिर्फ मां संतोष देवी। सामने दो जून की रोटी का भी आ खड़ा हुआ। ऐसे ही हालात बांके की छावनी में रहने वाली पायल के सामने भी थे। जैसे-तैसे दो जून की रोटी चल रही थी लेकिन 2019 में पायल का भाई हर्षित और 2021 में पिता बाबूलाल की बीमारी ने जान ले ली। मां कामिनी देवी दूसरों के घरों में काम करके रोटी तो जुटाने लगीं लेकिन भविष्य की चिंताएं बढ़ती ही जा रही थीं।



ई-रिक्शा से सावारियां ले जाती दीपाली और पायल। ● अमृत विचार

कहते हैं कि समय सबको सबक भी देता है और नए रास्ते भी दिखाता है। ऐसा ही कुछ दीपाली और पायल के साथ हुआ। फेसबुक के माध्यम से दोनों संपर्क में आ गईं। बातचीत दोस्ती में बदल गई। पहले तो दोनों ने इज्जत से परिवार चलाने के लिए नौकरी करनी चाही लेकिन शिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान न होने से कहीं भी 4-5 हजार से ज्यादा पर बात नहीं बनी। महंगाई में इतने से गुजारा तो हो नहीं सकता था। ऐसे में दोनों ने बड़ा फैसला कर डाला। ई-रिक्शा चलाने लगीं। गाड़ी खरीदने को पैसे तो थे नहीं, इसलिए किराए पर लेकर स्मार्ट सिटी की सड़कों पर दौड़ लगाने लगीं। व्यस्त सड़कों पर ई-रिक्शा से सवारियां ले जाते अब दोनों को काफी समय हो चुका है। दीपाली पूरी शान से स्टेयरिंग संभालती है तो पायल भरपूर स्वाभिमान के साथ सवारियां को आवाज देकर तिपहिया में बिठाती है। गाड़ी के साथ उनकी जिदंगी का पहिया भी रफ्तार पकड़ने गया है। सुबह से शाम तक मेहनत के बाद पहले ई-रिक्शा का भाड़ा निकालती हैं। इसके बाद भी अपने और परिवार का खर्च चलाने को ठीक-ठाक पैसे बचा लेती हैं। दीपाली-पायल ने 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि अपनी मेहनत और काम से वे बहुत खुश हैं। बड़े-बुजुर्ग मिलते हैं तो आर्शीवाद देकर जाते हैं। और हम उम्र मुसाफिर उनसे सबक लेकर जाते हैं।

# नवरात्रि में गर्भवती महिलाएं व्रत में बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** नवरात्रि का पर्व जहां आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, वहीं गर्भवती महिलाओं के लिए यह समय विशेष सावधानी बरतने का होता है। चिकित्सकों का कहना है कि बिना सोच-समझकर व्रत रखने से गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



डॉ. सुप्रिया मिश्रा।

किलकारी हॉस्पिटल की डॉक्टर सुप्रिया मिश्रा के अनुसार गर्भावस्था में लंबे समय तक खाली पेट रहना खतरनाक हो सकता है। इससे कमजोरी, चक्कर आना और ब्लड शुगर कम होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गर्भवती महिलाओं को पूर्ण उपवास से बचना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि व्रत के दौरान महिलाएं फलाहार लें और हर 2-3 घंटे में कुछ हल्का भोजन जरूर करें। आहार में दूध, दही, ताजे फल, सूखे मेवे और हरी सब्जियां शामिल करना चाहिए। साथ ही दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी, नारियल पानी या जूस का सेवन करना जरूरी है, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि अधिक थकान से बचें, लंबे समय तक खड़े न रहें और भारी काम करने से परहेज करें। आयरन, कैल्शियम और अन्य जरूरी दवाइयों का सेवन नियमित रूप से करते रहें।

### इन बातों से करें परहेज

सिर्फ तला-भुना या साबूदाना-आलू आधारित आहार लेना, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अधिक समय बिताना और बिना डॉक्टर की सलाह के उपवास रखना नुकसानदायक हो सकता है। अगर चक्कर, अत्यधिक कमजोरी, पेट दर्द या ब्लीडिंग जैसी समस्या हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी
रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# सज गए माता के दरबार, आज से गूंजेंगे जयकारे

भक्तों की उमड़ने वाली संख्या को लेकर मंदिर प्रशासन ने की पुख्ता तैयारियां, संकटा देवी मंदिर में नवरात्र भर होंगे आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र को लेकर शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संकटा देवी मंदिर में नवरात्र भर श्रीराम कथा का भी आयोजन होगा। इसके लिए परिसर में टेंट लगवाया गया है। साथ पूरे मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों व झालर आदि से सजाया संवारा गया है।

शहर के संकटा देवी वार्ड में स्थित मां संकटा देवी मंदिर सबसे प्राचीन है। मां की आराधना करने के लिए भारी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचते हैं। मगर, नवरात्र के दिनों में इनकी संख्या कई गुना तक बढ़ जाती है। भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को लेकर मंदिर प्रशासन ने भी पुख्ता तैयारियां की हैं। नवरात्र भर महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन रहेगी। नवरात्र के आठों दिन मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। साथ ही भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर खुलने और बंद होने के समय में भी बदलाव किया गया है।

**रोजाना सुबह 4:30 बजे खुलेंगे मंदिर के कपाट:** मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्र में रोजाना मंदिर सुबह 04:30 बजे खुलेगा। दो से चार बजे तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। इसके बाद महाआरती के बाद माता के विश्राम के लिए रात 10:30 बजे मंदिर के कपाट बंद होंगे।



शहर में मां संकटा देवी मंदिर परिसर में सजी पूजन सामग्री की दुकान। ● अमृत विचार



गोला में शिवम चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर।



गोला में पूजन सामग्री खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### नवरात्र के दिनों में मनाया जाएगा चैत्र महोत्सव



संकटा देवी मंदिर के पुजारी दुर्गा प्रसाद पांडेय ने बताया कि मंदिर में चैत्र महोत्सव का आयोजन होगा। बुधवार आधी रात बाद मां दुर्गा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। 19 मार्च से 27 मार्च तक प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे प्रभात फेरी निकलेगी। मंदिर परिसर में रोजाना दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक कथा व्यास पं. विद्या प्रकाश शुक्ल भुसुंडी भगवान राम की कथा सुनाएंगे। बताया कि नवरात्र में शाम सात से रात्रि 10 बजे तक महा आरती का आयोजन किया जाएगा। 25, 26 और 27 मार्च को जागरण और 27 को ही हवन भंडारा का आयोजन होगा।

### घरों व मंदिरों में घटस्थापना के साथ नौ दिनों की पूजा आज से

**गोला गोकर्णनाथ :** चैत्र नवरात्र पर्व में घरों और मंदिरों में घटस्थापना के साथ नौ दिनों की पूजा आरंभ हो गई है। घरों, मंदिरों में साफ सफाई, बिजली की व्यवस्था की गई है। नवरात्र पर्व को लेकर लोगों विशेषकर महिलाओं ने तीर्थ पर लगी दुकानों सहित नगर में अन्य दुकानों से भी चुनरी, सिंदूर, मेवा, हवन सामग्री, धूप, दीप, फलों आदि वस्तुओं की खरीदारी बुधवार से ही शुरू कर दी। दुकानदारों सोनू, राजेश कुमार, संजय, अजय तिवारी आदि ने बताया कि इस बार माता रानी की सजावट के लिए विभिन्न प्रकार के सजावटी नए सामान आए हैं, जिनकी लोग खरीदारी कर रहे हैं। बताया कि माता की चुनरियां विभिन्न डिजाइनों में उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग खूब पसंद कर रहे हैं। घरों में भी लोगों ने माता रानी का दरबार सजाना शुरू कर दिया है। नगर के विभिन्न मंदिरों में भी सजावट, स्वच्छता का काम शुरू हो गया है। शिवम चौराहे स्थित देवी मंदिर, खुटार रोड स्थित जय मां मंगला देवी मंदिर में आयोजकों द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, हवन, पूजन और जागरण भी आयोजित किए जाते हैं।

### आस्था: नवरात्रि के मद्देनजर सजे पलिया के देवी मंदिर

**पलिया कलां :** नगर के प्रमुख पांडे बाबा देवी मंदिर सहित श्रीकुल सेवा संस्थान में स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर, दुधवा रोड पर माता कालरात्रि मंदिर, चीनी मिल मंदिर, पीपल चौराहे पर पर देवी मठिया, सरस्वती विद्या मंदिर में बने दुर्गा जी के मंदिर, भुइयां माता मंदिर एवं सिंगहिया के देवी मंदिर सहित संपूर्णानगर रोड पर गुदड़िया बाबा मंदिर आदि में नवरात्रि पर भक्तों की जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिरों एवं आसपास के स्थलों पर साफ सफाई कराकर मंदिरों की सजावट का कार्य पूर्ण होने को है। उधर श्रीकुल सेवा संस्थान के कुल उपासक आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने बताया कि 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले नवरात्रि 27 मार्च को संपन्न होंगे।

# श्रद्धालुओं ने पौराणिक शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना



छोटी काशी के शिव मंदिर में पूजा करने के लिये श्रद्धालुओं की लगी लाइन।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** चैत्र मास की अमावस्या पर पौराणिक शिव मंदिर में भक्तों ने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, ध्यान कर भोलेनाथ का पूजन, जलाभिषेक और सत्यनाराण की कथा सुन दान पुण्य किया।

बुधवार को दर्श अमावस्या पर पौराणिक शिव मंदिर में काफी भीड़ रही। उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि धाम से लौटकर आने वाले श्रद्धालुओ ने भी अमावस्या पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर तीर्थ के घाट पर बैठे पुरोहितों से कथा सुन दान, पुण्य किया। पुरोहित कृष्ण कुमार ने बताया कि दर्श अमावस्या पर चंद्रमा पूरी तरह से अदृश्य होता है। यह दिन पितरों के तर्पण, श्राद्ध, दान-पुण्य और स्नान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे पितृ दोष दूर होता है और घर में सुख-समृद्धि आती है।

# वनबुधेली गांव में देवी प्रतिमा और शिवलिंग खंडित

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार:** नवरात्र से एक दिन पूर्व हैदराबाद थाना क्षेत्र के वनबुधेली गांव में धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की एक निंदनीय घटना सामने आई है। रात में अज्ञात अराजक तत्वों ने गांव में स्थित दुर्गा माता मंदिर को निशाना बनाते हुए स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमा और शिवलिंग को खंडित कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और पुलिस प्रशासन पर दोषियों को जल्द ही पकड़ने का दबाव बढ़ गया है।

वन बुधेली गांव से कुछ दूरी पर स्थित दुर्गा माता मंदिर गांव के चौकीदार और पुजारी राजेश के खेत में बना है। बुधवार सुबह जब पुजारी राजेश नित्य पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने मंदिर के गेट का ताला टूटा हुआ पाया। भीतर प्रवेश करने पर जो मंजर उन्होंने देखा, उससे वह सन्न रह गए। मंदिर के गर्भगृह में दुर्गा माता की प्रतिमा और शिवलिंग दोनों को ईंटों से बुरी तरह तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मूर्तियों के खंडित होने की खबर गांव में फैली तो पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण तुरंत मंदिर स्थल पर इकट्ठा हो गए और इस कायराना हरकत पर अपना विरोध दर्ज कराया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।



मंदिर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार



क्षतिग्रस्त मां दुर्गा की मूर्ति।

सूचना मिलने पर थाना हैदराबाद के एसओ सुनील कुमार मलिक अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और उत्तेजित ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। एसओ श्री मलिक ने ग्रामीणों को निष्पक्ष और त्वरित जांच का आश्वासन दिया। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और खंडित मूर्तियों को कठिना नदी में विसर्जित कर दिया. ।थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि मूर्ति तोड़ने की इस घटना की गहन जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अभी तक किसी भी पक्ष से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन पुलिस अपने स्तर पर कार्रवाई कर रही है और आश्वासन दिया कि इस घटना के पीछे जो भी दोषी होंगे, उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल, खंडित मूर्तियों को नदी में प्रवाहित करने के बाद मंदिर में नई मूर्तियों को पुनः स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया ने मूर्तियों को तोड़ने वालो की गिरफ्तारी की मांग की है।

# अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** तहसील अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। यूपी बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य अजय शुक्ल एडवोकेट ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत कवि सम्मेलन से हुई, जिसमें वकीलों और उपस्थित लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। इसके बाद अध्यक्ष चंद्रकेश, मंत्री मो. लतीफ खान, अंकेक्षक अखिल श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री सर्वेश यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भार्गव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भारती को विधिवत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल जज निघासन देवांशु सैनी, विशिष्ट अतिथि अजय शुक्ल, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, एसडीएम राजीव निगम और तहसीलदार दिव्यांशु शाही ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद बार पदाधिकारियों और वकीलों ने अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।





शपथ ग्रहण समारोह में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि सिविल जज देवांशु सैनी ने बार और बेंच को न्याय व्यवस्था के दो महत्वपूर्ण पहिए बताते हुए बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने निघासन बार के कार्यों की सराहना भी की। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने नए पदाधिकारियों को वकीलों के हित में कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने की सलाह दी। वहीं अजय शुक्ल ने कहा कि वकीलों की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव उनके साथ खड़े हैं।

● पूर्व बार कौंसिल चेयरमैन अजय शुक्ल ने दिलाई शपथ

उन्होंने निघासन से अपने पुराने जुड़ाव को भी साझा किया। समारोह के दौरान वरिष्ठ वकीलों और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निघासन चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य, सिंगाही चेयरमैन मो. कय्यूम, संरक्षक डीके सिंह, अंबरीश श्रीवास्तव, सर्वेश मिश्रा, टीएल यादव, श्यामबाबू, मेजर सिंह, सर्वेश गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र सिंह, मो. अमीन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्कूल में मेधावियों एवं अभिभावकों का सम्मान



गोला के स्कूल में मेधावी छात्रा और उसकी मां को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** लाल्हापुर में गोकरन प्रसाद पब्लिक स्कूल में बुधवार को अभिभावक सम्मान, वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

गांव लाल्हापुर में गोकरन प्रसाद पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पंकज मिश्रा, सुधीर गुप्ता, उमेश अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। अतिथियों ने कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय प्रशासन ने इस बार उन अभिभावकों को सम्मानित किया, जिनके बच्चों ने पूरे सत्र शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई। संचालन उपेंद्र वाजपेयी ने किया। अरुण शर्मा, शिक्षक, शिक्षिकाएं, अभिभावक, छात्र रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस नेता के भाई के निधन पर जताया शोक

**महंगापुर, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव के भाई के आकस्मिक निधन पर पार्टी नेतृत्व ने गहरा शोक व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का शोक संदेश लेकर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृज मौर्य पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और संवेदना प्रकट की। पलिया विधानसभा के सुमेरनगर निवासी पूर्व जिला महासचिव राम ज्ञान शर्मा के भाई नंद लाल शर्मा की दुर्घटना में अचानक मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शोक व्यक्त करते हुए अपना संदेश भेजा। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृज मौर्य, वरिष्ठ कांग्रेसी राजीव सिन्हा और यूथ कांग्रेस के आदिल खान के साथ मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फूलबेहड़, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव टेकी कुंडा निवासी ताम्रध्वज का 26 वर्षीय बेटा सुनील अपने चचेरे भाई संजय के साथ बाइक से शारदा नगर बैराज पर शाम करीब छह बजे अपने भाई और भाभी की एक्सीडेंट की खबर सुनकर देखने आ रहा था। बताते हैं कि रास्ते में फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव अचाकापुर के पास गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से सुनील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं संजय को गंभीर घायल हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### हाईवे पर जंगली सूअर से बाइक की टक्कर

**केशवापुर, अमृत विचार :** सीतापुर जिले में थाना तंबौर के गांव चकपुरवा निवासी राजेश (36) पुत्र रामजीवन और मायाराम (38) पुत्र जगन्नाथ दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर से किसी काम से गोला जा रहे थे। करनपुर के पास अचानक सड़क पर जंगली सुअर आ जाने से उनकी बाइक सुअर से टकरा गई। दुर्घटना में राजेश का पैर टूट गया और मायाराम को भी गम्भीर चोटें आई हैं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी वीरेश कुमार, चालक मनोज कुमार ने दोनों घायलों को एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार करते हुए सीएचसी फरधान भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने घायलों की गम्भीर स्थिति देखते हुए उनको जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया है।

# कुख्यात सईद बंजारा का पुलिस पर हमला

## चौकी इंचार्ज की कार में टक्कर मारकर भाग निकला शातिर अपराधी, सीओ ने कहा, फायरिंग नहीं हुई

- **पुलिस पर फायरिंग व दरोगा हिमांशु के चोटिल होने की खबरें वायरल**

संवाददाता, मोहम्मदी


घटना के बाद पिकअप लेकर भाग रहा आरोपी बदमाश। ● अमृत विचार


एसआई हिमांशु सिंह ने की घेराबन्दी।


दरोगा की क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मोहम्मदी क्षेत्र में मंगलवार रात पुलिस और कुख्यात पशु चोरों के बीच मुठभेड़ हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शातिर बदमाश सईदा बंजारा को घेरने का प्रयास किया, लेकिन वह न सिर्फ पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, बल्कि अपने पिकअप वाहन में तेजी से ब्रेक लगाकर पुलिस की थार कार को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। इससे दरोगा को मामूली चोटें भी आईं। घटना के बाद सोशल मीडिया पर फायरिंग और दरोगा की चोटिल होने की खबरें वायरल हुईं तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार ने इन खबरों को गलत बताते हुए कहा कि दरोगा सुरक्षित है और ड्यूटी पर मुस्तैद है। पीछा किया था, लेकिन भाग रहे बदमाशों की गाड़ी में पीछे से पुलिस की कार टकरा गई, जिससे डैमेज होने के कारण बदमाश भाग निकले।

सीओ ने बताया कि रेहरिया पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई हिमांशु आनंद सिंह को गांव भीखमपुर के पास सईदा बंजारा के पिकअप वाहन के साथ होने की सूचना मिली थी। इस पर वह टीम के साथ निजी थार गाड़ी से पीछा करने लगे। मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव सिसोकन के पास आरोपी ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पुलिस की गाड़ी पीछे से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। इस मौके का फायदा उठाकर बदमाश फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में पुलिस ने घंटों कॉम्बिंग अभियान चलाया, लेकिन बदमाश का कोई सुराग नहीं लग सका। सईदा बंजारा पर पशु चोरी के कई मामलों में शामिल होने का आरोप है और उसका एक संगठित गिरोह भी सक्रिय बताया जा रहा है। वहीं, सोशल मीडिया पर पुलिस पर फायरिंग और दरोगा के घायल होने की खबरें वायरल होती रहीं। हालांकि क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मदी अरुण कुमार ने इन खबरों का खंडन करते हुए बताया कि किसी प्रकार की फायरिंग नहीं हुई है और एसआई हिमांशु आनंद सिंह पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### लंबे समय से सक्रिय है सईद बंजारा

पुलिस के अनुसार बदमाश सईद बंजारा लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय है और पशु चोरी की कई घटनाओं में वांछित हैं। पुलिस के मुताबिक उसके खिलाफ विभिन्न थानों में पशु तस्करी समेत विभिन्न 50 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। उधर अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना पर सीओ अरुण कुमार सिंह और आसपास के थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया, लेकिन बदमाश का कोई पता नहीं चल सका।

### बदमाशों के भागने की बात स्वीकार, फायरिंग को नकारा

सीओ मोहम्मदी ने अधिकारिक बयान में पुलिस चौकी इंचार्ज द्वारा पीछा करने और बदमाशों के भाग निकलने की बात को तो स्वीकार किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर फायरिंग और दरोगा को चोटिल होने की बात को नकार दिया है। कहा कि सिर्फ दरोगा की निजी कार में टक्कर मारी गई है। कोई मुठभेड़ नहीं हुई है।

### पुलिस की थार गाड़ी में कई बार मारी टक्कर

सोशल मीडिया पर वायरल खबरों के मुताबिक शातिर बदमाश ने पहले पुलिस टीम पर फायर किए, इसके बाद उसने अपनी पिकअप में अचानक ब्रेक लेकर थार गाड़ी में कई बार टक्कर मारी। इससे दरोगा की थार गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और दरोगा भी चोटिल हो गए। थार सवार पुलिस टीम जब तक कुछ समझ पाती और बाहर निकलती। इससे पहले ही बदमाश पिकअप समेत भाग निकला।

# नवगठित खगियापुर शाखा का किया लोकार्पण

संवाददाता, धौरहरा


दीप प्रज्ज्वलित करते डीसीबी अध्यक्ष।

- **दस हजार क्षेत्रीय किसानों को मिलेगा सीधा लाभ**

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सहकारिता विभाग द्वारा खरवहिया गांव में बी-पैक्स खगियापुर के नाम से नवगठित शाखा का लोकार्पण किया गया। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार पटेल और विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शाखा का शुभारंभ किया। इस नई शाखा से करीब 10 हजार किसानों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

मुख्य अतिथि विनीत मनार पटेल ने कहा कि सहकारी समितियां किसानों की सच्ची मित्र होती हैं। इनके माध्यम से किसानों को खाद, बीज के साथ-साथ फसली, डेयरी समेत विभिन्न प्रकार के ॠण मात्र तीन प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हाल ही में शुरू किए गए ई-केसीसी पोर्टल के माध्यम से किसान स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर आसानी से ॠण प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि क्षेत्र में बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस शाखा के शुरू होने से किसानों को स्थानीय स्तर पर ही जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर समिति अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, शिवम सिंह, सुधांशु चौधरी, सचिव श्रीधर वर्मा, संजय वर्मा, सतीश वर्मा, गणेश जायसवाल, इन्द्र कुमार शुक्ला, प्यारे लाल कटियार, प्रसून सोनार (डीडीएम नाबार्ड) व एआर कोऑपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने किया पालिका के नामित सदस्यों का स्वागत

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने शासन से नामित किए गए नगर पालिका पलिया सभी सदस्यों का अपने निवास पर माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। शासन ने नगर पालिका पलिया के लिए भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, अर्चना अवस्थी, कुसुम राय, घनश्याम श्रीवास्तव एवं दौलत राम गौतम को नामित किया गया है। विधायक साहनी ने अपने आवास पर पालिका के सभी नए नामित सदस्यों को बुलाकर स्वागत किया और माल्यार्पण कर मिष्ठान्न खिलाया। जनप्रतिनिधि जनता और प्रशासन के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उधर नगर पालिका सभागार में पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता ने सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।


नगर पालिका के नामित सदस्यों का माल्यार्पण कर मौजूद विधायक रोमी साहनी।

# नंदलालपुर गांव के पास वन विभाग ने लगाए दो पिंजड़े


नंदलालपुर के आसपास खेतों में कांबिंग करते वनकर्मी। ● अमृत विचार


-नंदलालपुर गांव के खेतों में पिंजड़ा लगाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

- **बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए लगी तीन टीमें**
- **वनकर्मी गांवों में जाकर ग्रामीणों को कर रहे जागरूक**

**अमृत विचार:** महेशपुर वन रेंज क्षेत्र से सटे आंवला बीट के नंदलालपुर गांव में सोमवार शाम तीन बजे बाघ के हमले में किसान की मौत और दूसरे दिन शव रखकर लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग को तीन घंटे तक जाम कर देने से विधायक के आश्वासन पर परिजनो ने अतिशीघ्र बाघ को पकडे की बात पर मृतक का अन्तिम संस्कार किया था।

बुधवार को वनकर्मियों ने अधिकारियों के आदेश पर बाघ को पकड़ने के लिये दो पिंजड़े लगवा दिये हैं। साथ ही वनकर्मियों ने कांबिंग कर लागों को सतर्क रहने को कहा है। वन क्षेत्राधिकारी निर्भय प्रताप शाही ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिये पिंजड़े और लोकेशन ट्रेस करने के लिये आठ नाइट विजन कोमरे लगाये गये है।

क्षेत्रीय वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव, माया प्रकाश वर्मा, विजय सिंह की अगुवाई मे तीन टीमें बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिये लगाई गई है। वनकर्मी नंदलालपुर गांव के अतिरिक्त आस पास के गांवो में जाकर ग्रामीणो को जागरूक कर अकेले खेतो में न जाकर समूह में जाने के लिए भी कह रहे हैं। साथ ही अपने घर के आसपास लगी झाड़ियों आदि की सफाई रखने की सलाह दे रहे है।

# सपाइयों ने उपलों की माला पहन जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रसोई गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ती कीमतों के विरोध में बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ता गले में गोबर के उपलों की माला पहनकर पहुंचे और हाथों में सिलेंडर के आकार की तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान सिलेंडर गायब, सरकार कहां है, रसोई ठप, जनता बेबस जैसे नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ-साथ जिला प्रशासन पर भी लापरवाही के आरोप लगाए। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष यशवंत पटेल ने कहा कि जिले में एक तरफ गैस की किल्लत बनी हुई है, तो दूसरी ओर कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम लोगों का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसियों पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं और लोगों को 10 से 15 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कालाबाजारी में सिलेंडर 1200 से 1500 रुपये तक बेचे जा रहे हैं।

प्रदर्शन में जिला महासचिव हकिउल्ला खां, अखंड सिसोदिया, लल्लन अली, रविशंकर वर्मा, अनुराग त्रिवेदी, साहिल कटियार, आकाश कटियार, पुष्पेंद्र मौर्य, भूपेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, अवनीश यादव, धर्मपाल भार्गव, बबलू यादव, रामसरन वर्मा, अंकुश यादव, संदीप यादव, रोहित भार्गव, शाकिब, अजय यादव, सुरजीत यादव मौजूद रहे।

# तेंदुआ ने 5 नवजात बछड़ों को मार डाला

- **गांव बौधिया कलां में घारी में घुस गया तेंदुआ**
- **घटना के बाद दहशत, पिंजरा लगाने की तैयारी**

संवाददाता, मझगईं


घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वन रेंज मझगई क्षेत्र के गांव बौधिया कलां में बुधवार तड़के तेंदुए के हमले से सनसनी फैल गई। गांव निवासी गोपालक नरेंद्र कुमार उर्फ बुधई यादव की नहर किनारे बनी घारी में घुसे तेंदुए ने पांच नवजात बछड़ों को अपना शिकार बना लिया।

गौपालक बुधई यादव ने बताया कि घटना वाली रात वह जानवरों को घारी में बांधकर घर चले गए थे। सुबह करीब चार बजे जब वह घारी पहुंचे तो तीन बछड़े बाहर और दो अंदर मृत पड़े मिले। सभी बछड़े चार-पांच दिन पहले ही जन्मे थे और गायों के पास बंधे हुए थे। तेंदुआ रात में चुपके से घारी में घुसा और एक-एक कर पांचों बछड़ों को मार डाला। घटना की जानकारी मिलते पूरे इलाके में दहशत फैल गई। यह घारी गांव से लगभग 500 मीटर दूर नहर किनारे स्थित है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है। रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेंदुए का प्रतीत हो रहा है। उसकी लोकेशन ट्रेस कर पिंजड़ा लगाकर पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है।

# बीज व दवाइयों की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता, सिंगाही

- **दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर हो गया नष्ट**

**अमृत विचार:** कस्बे में बुधवार दोपहर एक बीज एवं कृषि दवा की दुकान में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।

सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगहा खुर्द निवासी वीरेंद्र निषाद की सिंगाही कस्बे में बीज भंडार की दुकान है। बुधवार को करीब 12:30 बजे दुकान से अचानक धुआं उठता देख पास में स्थित मोटरसाइकिल पार्ट्स विक्रेता अमर गुप्ता ने तुरंत फोन कर दुकान मालिक को सूचना दी। सूचना मिलते ही वीरेंद्र निषाद मौके पर पहुंचे और शटर खोलकर देखा तो दुकान के अंदर रखा बीज, कीटनाशक व अन्य कृषि सामग्री आग की चपेट में आकर जल चुकी थी। आग लगने का कारण प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने में सहयोग किया, जिससे आग फैलने से रोकी जा सकी। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग की घटना से आसपास के व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई।

# चीनी मिल संघ के सलाहकार ने किया संवाद


महंगापुर में किसान गोष्ठी के दौरान किसानों से मिलते मुख्य गन्ना सलाहकार डॉ. आरसी पाठक। ● अमृत विचार

संवाददाता, महंगापुर/संपूर्णानगर

- **संपूर्णानगर मिल व महंगापुर क्रय केंद्र का किया निरीक्षण**

**अमृत विचार:** चीनी मिल संघ लखनऊ के मुख्य गन्ना विकास सलाहकार ने बुधवार को संपूर्णानगर चीनी मिल और महंगापुर गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मिल यार्ड, केन कैरियर, मिल हाउस, बॉयलिंग हाउस और ड्रायर हाउस का निरीक्षण किया गया। इसके बाद महंगापुर क्रय केंद्र पहुंचकर गन्ने की तौल, उठान व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। इसके पश्चात बसंतकालीन गन्ना बुवाई कार्यक्रम के तहत महंगापुर गांव में किसान गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में विशेषज्ञों ने गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीकों पर जानकारी दी। मुख्य गन्ना विकास सलाहकार डॉ. आरसी पाठक ने किसानों को रोगमुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण बीज के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने पंक्ति से पंक्ति के बीच कम से कम 3 फीट दूरी रखने और संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया। साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर यूरिया, म्यूरेट ऑफ पोटाश, सल्फर और जिंक के संतुलित उपयोग की सलाह दी। सचिव सूर्य नारायण द्विवेदी, गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय, प्रधान प्रबंधक शादाब असलम, मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान सिंह आदि रहे

# पहले दिन 19,776 उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की शुरुआत बुधवार से हो गई। पहले दिन तीनों केंद्रों पर कुल 19,776 कॉपियों की जांच की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। सभी केंद्रों पर प्रशासनिक निगरानी में कार्य सुचारू रूप से शुरू कराया गया। पहले दिन कुल 1,649 परीक्षकों में से 933 परीक्षक उपस्थित रहे, जबकि 716 अनुपस्थित रहे। अधिकारियों ने अनुपस्थित परीक्षकों को समय से ड्यूटी पर आने के निर्देश दिए हैं, ताकि मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जा सके।

# गन्ने में दबकर महिला की मौत, 2 घायल

संवाददाता, धौरहरा

- **ओवरलोड ट्रक की बॉडी फटने से बिखर गया गन्ना**
- **ट्रक का टायर फटने के साथ एक तरफ झुका ट्रक**

**अमृत विचार:** क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को ढखेरवा-धौरहरा मार्ग पर दहौरा पुल के पास एक बड़ा हादसा हो गया, जब ओवरलोड गन्ना लेकर जा रहे ट्रक का अचानक टायर फट गया। टायर फटते ही ट्रक अनियंत्रित होकर एक ओर झुक गया और उसका डाला फट गया, जिससे भरा हुआ गन्ना सड़क पर बिखर जाने से तीन लोग दब गए। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह से गन्ना हटाया। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। ऐरा चीनी मिल के क्रय केन्द्र से ओवरलोड गन्ना भरकर चीनी मिल जा रहे ट्रक का ढखेरवा-धौरहरा मार्ग पर दहौरा पुल के पास टायर फट गया, जिससे ट्रक की बाड़ी एक तरफ झुक कर फट गई और गन्ना सड़क से किनारे पैदल गुजर रही राहगीर सुनीता (35) पत्नी कमलेश, शिवांगी (12) पुत्री कमलेश निवासी काजीपुरवा धौरहरा और सलीम (25) पुत्र हबीब निवासी पठान वार्ड धौरहरा पर गिर गया। तीनों गन्ना के चट्टे के नीचे दब गए।

पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर मौके पर पहुंचे, और ग्रामीणों की मदद से गन्ने में दबे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा भेजा। वहां चिकित्सकों ने सुनीता की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि शिवांगी और सलीम को हल्की चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। हादसे के बाद हरदुहा पुल पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। करीब आधे घंटे बाद पुलिस ने जेसीबी की मदद से सड़क पर बिखरे गन्ने को हटवाकर यातायात बहाल कराया। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस मार्ग पर ओवरलोड गन्ना वाहनों की आवाजाही आम बात है। तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक लदे वाहन आए दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए और नियमित जांच अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मेरा नाम सरकारी रिकॉर्ड में भूल बस (Amrit singh) दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम अमृत सिंह (Amrat singh) मैं ग्राम गिल्टैया पोस्ट म्याऊं थाना उसावां जिला बदायूं यूपी का मूल निवासी हूं।

**आवश्यकता है**
लोहे के सामान एंगिल, पाइप, पत्ती, चादर की बिक्री हेतु अनुभवी अथवा फ्रेशर मुनीम की सैलरी दस से बीस हजार
सम्पर्क करें प्रातः 9 से सायं 7
श्री वर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेमनगर, बरेली

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका अनुक्रमांक 0701048 वास्तव में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **राजीव कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम नगरा पोस्ट खुटार तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**
मेरी हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष अनुक्रमांक 1016558 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र व इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0772050 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूल प्रतिलिपियां वास्तव में खो गयी है और मेरी यह घोषणा सत्य है। **वर्षा देवी पुत्री नन्हें लाल निवासी ग्राम कुरैया खुर्द कलां पोस्ट महुआ गुन्दे थाना सेहरामऊ उत्तरी तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र इरफान व उसकी पत्नी रिजवाना के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने लेन-देन कृत्यों आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवारजन का कोई वास्ता नहीं होगा। **पप्पू अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी बंजरिया जागीर थाना शेरगढ़ जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
छत्रपति शिवाजी कन्या उ.मा. विद्यालय
क्योलड़िया, नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित, कम्प्यूटर पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

**आवश्यकता है**
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
डॉ. श्यामाचरण छोटेलाल गंगवार इ. कालेज
नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 24.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ॠण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**महिला की मौत पर हंगामा :** विजय नगला बिनावर के गांव पुठी निवासी महिला की मौत हो गई। मायके वालों ने हंगामा किया। शाहजहांपुर के गांव ओटा की लीला (30) की शादी उमेश से हुई थी। जांच जारी है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील गोला गोकर्णनाथ विकास खंड कुंभी की न्याय पंचायत लंदनपुर ग्रंट की ग्राम पंचायत सुहेला में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 20.03.2026 को आयोजित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। **रभित कुमार पता ग्राम सुहेला गोला गोकर्ण, जिला लखीमपुर खीरी। मो. 9161895627**


# जल जीवन मिशन योजना का किया गया मूल्यांकन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत "हर घर नल, हर घर जल" योजना का जनपद के कई ब्लॉक क्षेत्रों में टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया। टीम ने घर घर पानी पहुंचाने की जानकारी हासिल की और केंद्र सरकार की योजना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया।

केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल, हर घर जल पहुंचाने को बड़े स्तर पर काम किया है। पूरे जनपद में पानी की पाइप लाइन डाल कर सप्लाई दी गयी है। हालांकि अभी योजना अधूरी है। बुधवार को बरेली से आई टीम ने ब्लॉक क्षेत्रों में भ्रमण कर घर घर लोगों से बात की।

विभाग की ओर से डॉ. अफसाना एवं डॉ. रफ्फन अली के नेतृत्व में 30 छात्रों की टीम एवं उप्र जल निगम (ग्रामीण), के अधिशासी अभियन्ता नरेन्द्र वर्मा, सहायक अभियन्ता सिद्धार्थ सिंह, जूनियर इंजीनियर सोहेल अहमद, रवि कश्यप, मनीष कुमार, परविन्द कुमार एवं नवीन कुमार तथा कार्यदायी संस्था पीएनसी एसपीएमएल जेवी आगरा के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक गुरू प्रताप एवं पवन वर्मा प्रशासन द्वारा विभिन्न ग्रामों का दौरा कर सर्वेक्षण किया।

# प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



योजनाओं की जानकारी देती प्रभारी मंत्री गुलाबो देवी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के नौ साल के शासन को लेकर प्रभारी मंत्री गुलाबो देवी ने उपलब्धियों को गिनाया। कहा कि नौ साल में प्रदेश का नवनिर्माण किया है। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है। लेकिन वह एचपीसीएल के दो अधिकारियों के सवाल पर चुप्पी साध गईं। बस इतना कहा प्रशासन अपना काम कर रहा है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे पर विकास भवन स्थित सभागार में हुई प्रेस वार्ता के दौरान जिले की प्रभारी मंत्री गुलाबो देवी ने बताया कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में जिले का विकास हुआ है। 204.47 करोड़ से सेतु निर्माण कराया गया है।

106 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं पर 1696.95 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। जल जीवन मिशन के तहत 868 परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

- **अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने को लेकर कही बात**

इसके अलावा किसानों को सम्मान निधि, ऋण माफ करने का लाभ दिया गया है। इन योजनाओं के साथ उनके द्वारा अन्य उपलब्धियों को गिनाया।

जल जीवन मिशन योजना में हो रहे भ्रष्टाचार के सवाल पर मौन साध लिया। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात प्रभारी मंत्री ने कही।

वहीं एचपीसीएल प्लांट के दो अधिकारियों की हत्या के मामले में परिजनों के द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पर हत्या कराने के लगाए जा रहे आरोप पर सवाल पूछने पर बोलने से इंकार कर दिया। कहा कि जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। अन्य दोषियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।

# स्कूल में नमाज पढ़ने के मामले में डीएम ने बैठा दी जांच

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचारः** स्कूल में नमाज पढ़े जाने का मामला हाई प्रोफाइल हो गया है। हिंदू संगठनों के लगातार विरोध करने और शासन स्तर से मॉनिटरिंग किए जाने पर डीएम की ओर से जांच बैठाई है। नमाज पढ़ने के मामले में एडीएम प्रशासन और एसपी देहात को जांच के आदेश दिए हैं।

अंबियापुर ब्लॉक क्षेत्र के रिसौली उच्च प्राथमिक विद्यालय में नमाज पढ़े जाने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें बच्चे और शिक्षक स्कूल में नमाज पढ़े जाने की बात कहते नजर आ रहे थे। इस प्रकरण का संज्ञान लेने पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम गठित कर जांच कराई थी। जांच के बाद स्कूल प्रधानाचार्य और एक शिक्षक को निलंबित कर दिया था। बीएसए द्वारा की गई कार्रवाई से हिन्दू संगठन के लोग संतुष्ट नहीं थे। उनका आरोप था कि जिस शिक्षक के द्वारा प्रकरण से प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया उसी के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई। आरोपी को छोड़ दिया गया। हिन्दू संगठनों के द्वारा डीएम को ज्ञापन सौंपकर दोबारा से जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर डीएम ने शासन और हिन्दू संगठनों के रुख को देखते हुए दोबारा से जांच कराने के लिए प्रशासनिक जांच के आदेश कर दिए। डीएम के द्वारा एडीएम प्रशासन और एसपी देहात को जांच कर दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। डीएम स्तर से होने वाली कार्रवाई को लेकर शिक्षा विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

> स्कूल में नमाज पढ़े जाने के मामले में डीएम स्तर से दोबारा से जांच कराई जा रही है। जांच के बाद डीएम स्तर से ही कार्रवाई होगी।
>
> **-वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए


## कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया महीपत वि.ख. भदपुरा जिला बरेली

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत मनरेगा कार्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुलड़िया महीपत को आवंटित उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणानुसार कार्यो के शासकीय विभाग से पंजीकृत उच्च कोटि की सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से उच्च कोटि की ईट, बजरी, सरिया, सीमेन्ट, रोडा, टीन, बजरफुट व अन्य आवश्यक सामग्रियां निर्माण कार्य से प्रस्तुत होती है के लिये निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.03.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 21.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक समय 4:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के सामने खोली जायेगी। कोई निविदा प्राप्त न होने पर कुटेशन प्राप्त कार्य कराने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा। मनरेगा के कार्यो का विवरण :

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | राजवीर यादव पुत्र श्री हेमराज सिंह का केटिल शैल्टर का निर्माण कार्य | 152478/- |

ग्राम प्रधान-दुर्गा प्रसाद सचिव-ब्रजेश कुमार

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांकः 2225/413सी0(ई0टेण्डर)-3/2025-26 दिनांक 14.03.2026

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय वार)

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरो पर में ई-निविदा दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू०लाख में) | लागत: कुल अनुमानित लागत (4+5) (रू०लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | वित्तीय वर्ष 2025-26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत कार्य | | | | | | | | |
| 1 | जनपद बरेली में ग्राम बिथरी में आश्रम होते हुए शिव मन्दिर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 248.80 | 16.00 | 264.80 | 15.24 | 2725.00 | 06 माह | ए (मार्ग कार्य) |

2-निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(भगत सिंह) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP-248429 दिनांक 17.03.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2224/413सी0(ई0टेण्डर)-3/2025-26 दिनांक 14.03.2026

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय वार)

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य व योजना का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | वित्तीय वर्ष 2025-26 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य | | | | | | |
| 1 | जनपद बरेली में बल्लिया शीशगढ़ मार्ग से बिहारीपुर अकीलाबाद होते हुए बसुधरन मार्ग (अ0जि0मार्ग) के किमी० 9.200 से 14.400 तक सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली | 48.65 | 4.43 | 02 माह | 2725.00 | ए, बी, सी (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(भगत सिंह) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

UP-248428 दिनांक 17.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बदायूँ।

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, बदायूँ परिसर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ठेका कैन्टीन, ठेका चना-चबैना, ठेका फल जूस, ठेका चाट की सार्वजनिक नीलामी होना है।
अत: ठेका कैन्टीन, ठेका चना-चबैना, ठेका फल जूस एवं ठेका चाट की खुली बोली के द्वारा सार्वजनिक नीलामी दिनांक 23/03/2026 को सार्यकाल 4:30 बजे से 5:30 बजे जनपद न्यायालय बदायूँ के केन्द्रीय सभागार में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी।

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है-**

1. किसी भी ऐसे व्यक्ति को नीलामी में बोली लगाने का अधिकार नहीं होगा जिस पर पिछले किसी भी ठेके का बकाया धन शेष हो।
2. प्रत्येक बोलीदाताओं को रू0 10,000/- (दस हजार रूपये) धरोहर राशि के रूप में बोली आरम्भ होने से पूर्व नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर उसे बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। बोलीदाता द्वारा जमा यह धनराशि बोली समाप्ति के उपरांत बोलीकर्ता को लौटा दी जावेगी।
3. सर्वोच बोली लगाने वाले व्यक्ति को बोली समाप्ति के उपरान्त छ: माह की किस्त की धनराशि नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी, जिसके उपरान्त बोली की स्वीकृति की संस्तुति की जायेगी। बोली स्वीकृति होने के उपरान्त अधिकतम एक माह के अन्दर शेष आधी धनराशि जमा करनी होगी। इस शेष आधी धनराशि को किस्तों में वितरण करने का व समय निर्धारित का विवेकाधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश बदायूँ को होगा। माननीय जनपद न्यायाधीश के अन्यथा आदेश के अधीन उक्त शेष आधी धनराशि जमा न करने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा तथा शेष धनराशि एकमुश्त जमा करा ली जायेगी।
4. ठेका लेने वाले व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति को ठेका हस्तान्तरण करने का अधिकार नहीं होगा। यदि ऐसा होता है तो ठेका निरस्त कर शेष धनराशि एकमुश्त जमा करयी जायेगी।
5. ठेका स्वीकृत होने पर ठेकेदार को अंकन रु0 100 (एक सौ रूपये) के स्टाम्प पर मय नवीतम फोटो के अनुबंध करना होगा कि वह सभी शर्तो का पालन करेगा।
6. किसी भी बोली को स्वीकार करने अथवा समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार बिना किसी कारण बताये जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को होगा।
7. ठेका स्वीकृति व अनुमोदित होने के उपरान्त भी किसी भी समय अवैधानिक शतों के विपरीत कार्य पाये जाने पर माननीय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को बिना नोटिस दिये ठेका निरस्त करने का विवेकाधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. अपरिहार्य परिस्थितियों में नीलामी तिथि को स्थगित करने का अधिकार नीलामी समिति को होगा

उक्त ठेका नीलामी के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु सूचना के प्रकाशन के उपरान्त गीलागी दिवस से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे के मध्य केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय बदायूँ में सम्पर्क करके प्राप्त किया जा सकता है।

**अध्यक्ष नीलामी समिति /प्रथम अपर जिला जज, बदायूँ।**

UP-248468 दिनांक 17.03.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## पूर्वोत्तर रेलवे

### निविदा निरस्तीकरण सूचना

ई-टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 10/2026 दिनांक 06.03.2026 के अंतर्गत निविदा जो दिनांक 30.03.2026 को खोली जानी है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है। ई-निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-517

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## पूर्वोत्तर रेलवे

### निविदा निरस्तीकरण सूचना

ई-टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 09/2026 दिनांक 03.03.2026 के अंतर्गत निविदा जो दिनांक 27.03.2026 को खोली जानी है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता हैं।
ई-निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट पर www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी.) इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-516

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, पीलीभीत

संख्या :-शा0औ0 क्रय पत्रा0 / 2025-26/3193 दिनांक-16/3/26

### कस्टम बिड सूचना

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, पीलीभीत द्वारा कस्टम बिड संख्या-GEM/2026/B/7332096, दिनांक-10.03.2026 के माध्यम से अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं (जी0एम0पी0 प्रमाण-पत्र धारक औषधि निर्माताओं) से जेम पोर्टल पर निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं।
बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट https://mkp.gem.gov.in/market पर अब 25.03.2026, समय 09:00 तक उपलब्ध हे जो कि दिनांक-25.03.2026 को समय-अपरान्ह 09:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। उक्त कस्टम बिड को दिनांक-25.03.2026 को समय-पूर्वान्द 09:30 बजे खोली जायेगी।
साथ ही अवगत कराना है की कस्टम-बिड की नियम व शर्ते हेतु कस्टम बिड संख्या-GEM / 2026/B/7332096 में अंकित हैं।

(डा0 भारत ज्योति) क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी पीलीभीत

UP-248483 दिनांक 17.03.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2228/453सी0(ई0टेण्डर)-3/25-26 दिनांकः 14.03.2026

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में) | योग 4+5 | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे ग्राम सुकली से आनन्दपुर गौटिया सम्पर्क मार्ग में नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 91.43 | 5.44 | 96.87 | 6.85 | 5 माह | 2725.00 | ए, बी मार्ग कार्य) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे ग्राम बलेही से रेतीपुरा मार्ग में नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 45.94 | 3.45 | 49.39 | 4.47 | 3 माह | 2725.00 | ए, बी मार्ग कार्य) |
| 3 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे जंगबाजपुर से बराथानपुर मार्ग में नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 65.08 | 3.64 | 68.72 | 5.44 | 3 माह | 2725.00 | ए, बी, सी मार्ग कार्य) |
| 4 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे रहगवां से रम्पुराखुर्द मार्ग में नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 212.52 | 14.72 | 227.25 | 13.37 | 6 माह | 2725.00 | ए, मार्ग कार्य) |
| 5 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे कुण्डरिया फैजुल्लापुर से कैनी मढ़ी तक नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 70.93 | 5.32 | 76.25 | 5.82 | 4 माह | 2725.00 | ए, बी मार्ग कार्य) |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे रेवती महमूदपुर मार्ग पर ग्राम कंधरपुर मटिया से ग्राम तिगराखानपुर तक खण्ड़ंजे पर नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 103.55 | 5.99 | 109.54 | 7.48 | 5 माह | 2725.00 | ए, बी मार्ग कार्य) |
| 7 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे विशारतगंज चाढ़पुर मार्ग से जहांपीर मंदिर से परवहाउद्दीन के समीप रम्पुरा अलीगंज मार्ग में नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 45.08 | 3.38 | 48.46 | 4.43 | 3 माह | 2725.00 | ए, बी, सी मार्ग कार्य) |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे ढकिया से नौगवां होते हुये नौगवां गौटिया मार्ग में नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 303.65 | 22.77 | 326.42 | 18.33 | 6 माह | 2725.00 | ए, मार्ग कार्य) |
| 9 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे सुनरासी से लीलौर चारम तक नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 95.49 | 7.16 | 102.65 | 7.14 | 5 माह | 2725.00 | ए, बी मार्ग कार्य) |
| 10 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे ग्राम खेड़ा सिंघा मार्ग के कि0मी0 4 से हनुमान तिराहा नौरंगपुर तक नव निर्माण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली | 55.17 | 4.14 | 59.31 | 4.97 | 4 माह | 2725.00 | ए, बी, सी मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UP-248431 दिनांक 17.03.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# जिले में अब प्रतिदिन लगेगा एचपीवी टीका

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** जनपद में 14 साल तक की किशोरियों को एचपीवी टीका अब ब्लॉक स्तर पर लगाया जाएगा। उसके बाद बुधवार और शनिवार को वैक्सीनेशन किया जाएगा। शासन द्वारा दिए गए 36 हजार किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। ब्लॉक जगत में 108 किशोरियों को टीके लगाए गए।

शासन ने 14 साल तक की किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। उक्त टीकाकरण का शुभारंभ पिछले दिनो जालंधरी सराय स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर किया। टीकाकरण का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि आज इस कार्यक्रम के तहत 14 साल तक की किशोरियों को टीका लगाया जा रहा है। लेकिन इसके बाद यह टीका ब्लॉक स्तर पर लगाया जाएगा।

टीकाकरण के नोडल डा. मोहम्मद असलम ने बताया कि जनपद में अब प्रत्येक दिन में अब प्रत्येक दिन सर्विक्स कैंसर से बचाव का टीका लगाया जाएगा। उन्होने कहा कि गर्भाशय में होने वाले कैंसर से बचाव हेतु सरकार द्वारा एचपीवी वैक्सीन प्रारंभ की गई है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रं०सं०:-** 1, **ई-प्रापण निविदा संख्या:-** उप मु०इं०- नि०-गोंडा-04-2026 क्लोजिंग दिनांकः 08.04.2026, **कार्य का नाम:-** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढवल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अन्तर्गत कर्नैलगंज से घाघराघाट स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन के टैक फार्मेशन के नजदीक बोरोपिट में मिट्टी भराई का कार्य एवं अन्य फार्मेशन रिपेयर का कार्य।, **अनुमानित निविदा मुल्य:-** 2,99,92,849.62, **बयाना राशि (रु०):-** 3,00,000.00, **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु०):-** 00, **कार्य पुर्ण करने की अवधि:-** 06 (छः) माह, **बिड प्रारम्भ करने की तिथि** -दिनांक 25.03.2026, • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 08.04.2026 15.00 बजे तक, • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 08.04.2026 15.30 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

सकापाइं/नि0/गोंण्डा-I, गोंण्डा
मुजाधि/डब्लू-514

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 12/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र0 सं0: 1 कार्य का विवरणः** कासगंज स्टेशन के रनिंग रूम में अतिरिक्त क्रू रूम का प्रावधान। 2. समई/मथुरा के अधिकार क्षेत्र में पटियाली-मथुरा खंड में रेलवे क्वार्टरों का सुधार। 3. कासगंज फर्रूखाबाद, फतेहगढ़ एवं रावतपुर में डिवीजनल ट्रैफिक इंस्पेक्टर के लिए कार्यालय का प्रावधान (कुल 4 स्टेशन) 4. हाथरस सिटी में 16 बिस्तरों वाली आर.पी.एफ. बैरक का प्रावधान। **अनुमानित लागत रूपयों में :** 7,22,40,631.81/- **बयाना राशि रुपयों में (रु0) :** 14,44,800/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (माह) **क्र0 सं0: 2 कार्य का विवरणः** 1. वरि. मंडल इंजीनियर/II के अंतर्गत मथुरा-राया अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सी.आर.ओ. को रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिग लगाने का कार्य। 2. वरि. मंडल इंजीनियर/II के अंतर्गत सोनाई-राया अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिग लगाने का कार्य। **अनुमानित लागत रूपयों में :** 9,38,84,580.09/- **बयाना राशि रुपयों में (रु0) :** 18,77,700/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 (माह) **क्र0 सं0: 3 कार्य का विवरणः** 1. इज्जतनगर डिवीजन में शमसाबाद-कायमगंज अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (2) इज्जतनगर डिवीजन में फर्रुखाबाद-हरसिंगपुर गोबा अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (3) इज्जतनगर डिवीजन के हरसिंगपुर गोबा-शमसाबाद अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (4) इज्जतनगर डिवीजन में उत्तरीपुरा-बिल्हौर अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनार सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (5) इज्जतनगर डिवीजन में बिजुरी-उत्तरीपुरा अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनार सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। **अनुमानित लागत रूपयों में :** 23,45,25,066.53/- **बयाना राशि रुपयों में (रु0) :** 46,90,500/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (माह) 1. ई-निविदा दिनांक 08.04.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-513

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/न.पं.गु.भि./2025-26 दिनांक : 18.03.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा-मझोला द्वारा राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने है, जिसकी निविदाएं दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 28.03.2026 तक समय 12:30 बजे अपरान्ह तक कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत में निविदाएं बिक्री की जायेंगी। इच्छुक ठेकेदार निर्धारित मूल्य देकर निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते है तथा दिनांक 28.03.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत में रखे निविदा बॉक्स में डाल सकते है। निविदाएं ठेकेदारों की उपस्थिति में समक्ष अधिकारी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत में दिनांक 30.03.2026 अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेंगी। आगणन एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य का विवरण निम्नवत् है :-**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन की धनराशि | जमानत की धनराशि 10% | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | तशव्वर के मकान से डूनी डैम मार्ग तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली निर्माण का कार्य | 3,74,000.00 | 37,400.00 | 450.00 | 15 दिवस |
| 2. | शुगर मिल ग्राउण्ड में पैदल घूमने हेतु इण्टरलॉकिंग टाइल्स की सड़क निर्माण कार्य | 313000.00 | 31300.00 | 400.00 | 15 दिवस |

**शर्तो :**

1. ठेकेदार को 10 प्रतिशत जमानत धनराशि निविदा के साथ जमा करनी होगी। नगद अथवा एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगी।
2. ठेकेदार को आयकर, जी.एस.टी. हैसियत प्रमाण-पत्र, श्रम विभाग के प्रमाण-पत्र, कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ पूर्व एवं प्रारम्भ करने तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात फोटोग्राफी कराना अनिवार्य होगा।
4. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगी।
5. केवल उन्हीं ठेकेदारों की निविदा पर विचार किया जायेगा जो निर्धारित शर्ते पूर्ण करते हो।
6. सशर्त निविदा/ओवराइटिंग कटिंग निविदा मान्य नहीं होगी।
7. निविदा स्वीकृत के एक सप्ताह के अन्दर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करनी होगी।
8. लोक निर्माण विभाग के मानक के अनुसार कार्य करना होगा। गुणवत्ता के साथ नियत अवधि में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
9. गुणवत्ता के सत्यापन उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
10. निविदा के साथ रू. 10.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पब्लिक रोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य होगा।
11. निविदा स्वीकृति होने के बाद रू. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।
12. ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से बहिष्कृत ठेकेदारों की निविदा मान्य नहीं होगी।
13. समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश/शर्ते ठेकेदार को मान्य होगी।
14. अन्य विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत गुलड़िया भिणडारा मझोला जनपद पीलीभीत

**अध्यक्ष** नगर पंचायत गुलड़िया भिणडारा मझोला जनपद पीलीभीत

# डीजीपी के लिए चार अफसरों के नामों का पैनल भेजा यूपीएससी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीते चार वर्षों से कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के सहारे चल रहे यूपी को जल्द ही पूर्णकालिक डीजीपी मिल सकता है। इसके लिए सरकार ने चार वरिष्ठ आईपीएस अफसरों का पैनल संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेज दिया है।

पैनल में वरिष्ठता के आधार पर पुलिस अफसरों के नाम शामिल किए गए हैं। मौजूदा समय में प्रदेश की सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वर्ष 1990 बैच की रेणुका मिश्रा का नाम सबसे ऊपर है। उसके बाद दूसरे नंबर पर 1991 बैच के आलोक शर्मा, जबकि तीसरे नंबर पर पीयूष आनंद का नाम है। चौथे नंबर पर कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण का नाम शामिल किया गया है।

### राजीव कृष्ण के नाम पर मुहर लगना तय



विभागीय सूत्रों का दावा है कि यूपीएससी इन चार नामों में से तीन नामों का पैनल तैयार करेगा। उसके बाद पैनल को राज्य सरकार के पास भेज देगा। पैनल की सबसे वरिष्ठ अधिकारी रेणुका मिश्रा जब 2024 में पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष थीं। उस समय सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। उसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने पुलिस सेवा से वीआरएस के लिए आवेदन किया है, जो कि अभी विचाराधीन हैं। पैनल में दूसरे नंबर वाले आलोक शर्मा इसी साल जून में रिटायर हो रहे हैं, जबकि डीजीपी के लिए छह माह तक का कार्यकाल होना जरूरी है। तीसरे नंबर वाले पीयूष आनंद केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। ऐसे में पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में राजीव कृष्ण के नाम पर ही मुहर लगना तय माना जा रहा है।

# निवेश व नवाचार का उभरता केंद्र बना यूपी : उच्चायुक्त कनाडा


## मुख्यमंत्री योगी से कनाडा के उच्चायुक्त की मुलाकात, यूपी में निवेश व टेक्नोलॉजी सहयोग पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रीन एनर्जी, एआई, डिफेंस व शिक्षा क्षेत्र में सहयोग की कनाडाई पक्ष ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने बुधवार को भेंट कर उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की व्यापक संभावनाओं पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश को एक उभरते निवेश और नवाचार केंद्र के रूप में रेखांकित किया।

उच्चायुक्त ने प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने बीते वर्षों में आधारभूत संरचना, नीतिगत सुधार और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। भेंट के दौरान उच्चायुक्त ने ग्रीन एनर्जी, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। उच्चायुक्त ने कहा कि कनाडाई कंपनियां उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए सक्रिय रूप से अवसरों का आकलन कर रही हैं।



कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

### कनाडा की कंपनियों को किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री योगी ने राज्य में उपलब्ध निवेश-अनुकूल वातावरण, औद्योगिक विकास और नीतिगत सुधारों का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए कनाडा की कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। कहा कि कनाडा के साथ तकनीक, कौशल और नवाचार आधारित सहयोग को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हर संभव संस्थागत समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने निवेश, तकनीकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### नव संवत्सर, नवरात्र और चेटी चंद पर्व की योगी ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र और चेटी चंद के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि ये पर्व प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव संवत्सर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जो नवचेतना और नवसंकल्प का संदेश देता है। वहीं चैत्र नवरात्रि को आदिशक्ति की उपासना का विशेष काल बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने चेटी चंद के अवसर पर विशेष रूप से सिंधी समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भगवान झूलेलाल जी की जयंती के रूप में आस्था, समरसता और एकता का प्रतीक है।

### 1.67 करोड़ से होगा श्री जम्भेश्वर मंदिर का पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुरादाबाद स्थित लोदीपुर धाम के कायाकल्प को गति मिल गई है। यहां स्थित करीब 200 वर्ष पुराने श्री जम्भेश्वर मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण पर 1.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में सत्संग भवन, यज्ञशाला, विश्राम गृह, रसोई, आधुनिक शौचालय, भव्य प्रवेश द्वार और ढका हुआ परिक्रमा मार्ग विकसित किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और यह स्थल प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लोदीपुर धाम का विकास प्रदेश की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत आध्यात्मिक और कम प्रसिद्ध स्थलों को नई पहचान दी जा रही है।

### उत्तर भारत दर्शन परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर भारत दर्शन परिषद का 40वां राष्ट्रीय अधिवेशन 19 मार्च से चित्रकूट में शुरू होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में देश-विदेश के विद्वान भारतीय दर्शन के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे। यह अधिवेशन 21 मार्च तक चलेगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान भी इसमें सहभागिता कर रहा है। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'वैश्विक शांति : चुनौतियां और समाधान' रखा गया है।

### आंदोलन के साथ ही पर्वों पर बिजली सुचारू रखेंगे कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से निजीकरण के विरोध में प्रदेश स्तर पर आंदोलन तो जारी रहेगा। साथ ही आम लोगों के प्रति जिम्मेदारी को समझते हुए गुरुवार को शुरू होने जा रहे नवरात्र और ईद के पर्व को देखते हुए बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 19 मार्च से 27 मार्च तक निजीकरण के विरोध में आंदोलन चल रहा है। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु रखा जाए। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ समेत प्रदेश भर की सदर तहसील परिसरों संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने निजीकरण के विरोध में धरना दिया गया।

# प्रदेश में अब विश्वास की सरकार : योगी

## 2017 से पहले भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण का था दौर, डबल इंजन सरकार ने यूपी को 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' में बदला



लोक भवन में 'उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष' पर वार्षिक पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नव निर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास और विश्वास का मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में पारदर्शिता नहीं थी और वसूली तंत्र हावी था, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता था।

मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने जाति और तुष्टिकरण की राजनीति से प्रदेश को पीछे धकेला, जबकि वर्तमान सरकार ने 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंचाया। आज 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा रहे हैं और वंचित समुदायों मुसहर, वनटांगिया, थारू, सहरिया तक पहली बार योजनाएं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि यूपी अब 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' की छवि से निकलकर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में बढ़ चुका है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 6 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी हुए, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का विस्तार हुआ और इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार ने समस्याओं की पहचान कर उन्हें खत्म किया और प्रदेश को ठहराव से निकालकर तेजी की राह पर लाया। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### गुंडाराज-परिवारवाद की राजनीति नहीं चलेगी : चौधरी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि योगी सरकार के 9 वर्षों में यूपी ने 'माफियाराज' से 'विकास मॉडल' तक का सफर तय किया है। जनता ने 2017 और 2022 में विकास पर भरोसा जताया और 2027 में भाजपा हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के कारण यूपी देश का ग्रोथ इंजन बना है। एक्सप्रेसवे, बिजली आपूर्ति और किसानों के भुगतान में रिकॉर्ड सुधार हुआ है। जनता अब गुंडाराज और परिवारवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

### बदली यूपी की पहचान : पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में यूपी की पहचान पूरी तरह बदल गई है। पहले जहां गुंडाराज और खराब सड़कें थीं, वहीं आज बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और कानून-व्यवस्था है। शिक्षा में नकलविहीन परीक्षा और स्कूलों में सुधार हुआ है, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि यूपी अब विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है और इसे आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा।

### 2027 के चुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करेगी : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी सरकार के 9 वर्ष सुशासन और विकास की मिसाल हैं। 2017 से पहले कानून-व्यवस्था बदहाल थी और निवेशक आने से कतराते थे, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हुई है और किसानों को 99 हजार करोड़ रुपये सीधे खातों में मिले हैं। जनता अब विकास की राजनीति को समझ चुकी है और 2027 में भाजपा पहले से बड़ी जीत दर्ज करेगी।

# हर घर जल योजना को लेकर सरकार ने किया एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र और प्रदेश सरकार के बीच एमओयू से ग्रामीण पेयजल योजनाओं का नया चरण
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में वर्चुअली हुआ समझौता

**अमृत विचार:** प्रदेश में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत केंद्र और उप्र. सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से यह समझौता हुआ, जिससे मिशन के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत हो गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को अब और तेजी और मजबूती से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब केवल कनेक्शन देने तक सीमित न रहकर योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन, रखरखाव और गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम बेहतर होंगे।

केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 में गुणवत्ता और स्थायित्व सबसे अहम होंगे।

## फार्मर आईडी बनाने में रामपुर अव्वल

- गाजियाबाद जिला दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किसानों को योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए चलाए जा रहे फार्मर आईडी अभियान में रामपुर ने सबसे आगे निकलते हुए नया कीर्तिमान बनाया है। रामपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है जिसने तय समय सीमा से पहले ही 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया। गाजियाबाद दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 1 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत 31 मार्च उत्तर प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी हैं। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 2,09,828 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया।

# नवरात्र और ईद एक साथ पड़ने से पुलिस के लिए बढ़ी चुनौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ड्रोन से होगी निगरानी, जिलों में लागू होगी सेक्टर स्कीम

**अमृत विचार:** होली और रमजान एक साथ पड़ने के बाद अब नवरात्र और ईद-उल-फितर का पर्व भी एक साथ पड़ रहे हैं। इसे लेकर जहां पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। प्रदेश भर में में सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के साथ ही सेक्टर स्कीम लागू कर दी गई है, वहीं ड्रोन से निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं।

गुरुवार से हिन्दुओं के लिए विशेष आस्था के पर्व चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। उधर, चांद दिखाई देने के हिसाब से ईद उल फितर का पर्व 20 या 21 मार्च को हो सकता है। दोनों ही समुदायों का अहम पर्व है तो पुलिस खासी चौकन्नी हैं। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, इसे लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण की ओर से प्रदेश भर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खास कर प्रदेश के ऐसे जिले, जहां पर मिली-जुली आबादी है और अति संवेदनशील जिले हैं, वहां पर फोर्स और खुफिया टीमों को अतिरिक्त सुरक्षा बरतने की हिदायत दी गई है। धार्मिक स्थलों पर फोर्स तैनात रहे, वहीं संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जाए।

पुलिस द्वारा प्रदेश के अति संवेदनशील जिले लखनऊ, बहराइच, आजमगढ़, कानपुर, बरेली, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली समेत 26 जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। इन जिलों में पैरा मिलिट्री की कंपनियों को भी उतारा गया है। साथ ही ड्रोन निगरानी करने को कहा है। आला अफसरों ने साफ कहा कि किसी भी नई परिपाटी को शुरू नहीं करने दिया जाए। जिन लोगों को अतीत में पर्व के मौकों पर उत्तेजनापूर्ण रवैया रहा है, उन पर कड़ी नजर रखी जाए। जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों को भारी धनराशि पाबंद भी किया जाए।

# सफलता डिग्री से नहीं कौशल से मिलती है : कपिल

## वृहद रोजगार मेला में 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' तीन नए प्लेटफॉर्म लांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने राजधानी में 'वृहद रोजगार मेला-2026' की शुरुआत की। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मेले में युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद क्षमता से मिलती है।

कौशल विकास को डिजिटल बढ़ावा देने के लिए उन्होंने 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' जैसे तीन नए प्लेटफॉर्म लांच किए। 'कौशल दृष्टि' के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्रों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। 'कौशल दर्पण' एआई आधारित डैशबोर्ड के रूप में विभिन्न आंकड़ों को एकीकृत करेगा, जबकि 'कौशल दोस्त' चैटबॉट के जरिए 24×7 सहायता उपलब्ध कराएगा।




लखनऊ : रोजगार मेले में नौकरी पाने वाले युवाओं के साथ कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

**15 हजार पद लेकर मेले में आई हैं 116 कंपनियां :** इस मेले में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, जहां 116 कंपनियों ने करीब 15,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की। रोजगार मेले में 8,694 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 2,527 युवाओं को जॉब ऑफर मिला।

परियोजना | लागत घटेगी और निर्यात बढ़ेगा, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़त का लक्ष्य

# वन-स्टॉप टेक्सटाइल इकोसिस्टम की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार लखनऊ में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क को सिर्फ एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि 'वन-स्टॉप टेक्सटाइल इकोसिस्टम' के रूप में तैयार कर रही है। इस मॉडल का लक्ष्य उत्पादन लागत कम करना, सप्लाई चेन को तेज बनाना और निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है, जिससे प्रदेश टेक्सटाइल सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर पर नई बढ़त हासिल कर सके।

करीब 1000 एकड़ में विकसित हो रहे इस पार्क में 'फार्म टू फैशन' की पूरी वैल्यू चेन एक ही स्थान पर स्थापित की जा रही है। इससे कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की प्रक्रिया में समय और लागत दोनों में कमी आएगी। सरकार का मानना है कि बिखरी हुई इकाइयों के बजाय एकीकृत मॉडल से उद्योगों की दक्षता बढ़ेगी और लॉजिस्टिक्स खर्च घटेगा। पार्क में कोर और बाहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 990.71 करोड़ रुपये के कार्य तेजी से चल रहे हैं। सड़क, बिजली, जलापूर्ति और लॉजिस्टिक्स को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि निवेशकों को रेडी-टू-यूज औद्योगिक माहौल मिल सके।

यह परियोजना रोजगार के लिहाज से भी बड़ा बदलाव ला सकती है। अनुमान है कि एक पीएम मित्र पार्क में करीब 3 लाख तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इससे प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर अवसर मिलेंगे और पलायन में कमी आएगी। निवेश के मोर्चे पर भी परियोजना तेजी से आकर्षण का केंद्र बन रही है। देशभर के सात पीएम मित्र पार्कों के लिए 63 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश रुचि सामने आ चुकी है, जिसमें लखनऊ का प्रोजेक्ट प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सरकार का फोकस केवल उद्योग स्थापित करना नहीं, बल्कि निर्यात-उन्मुख टेक्सटाइल क्लस्टर तैयार करना है।

### पीएम मित्र पार्क की विशेषता

- लखनऊ में 1000 एकड़ में विकसित हो रहा मेगा पार्क
- 990 .71 करोड़ से इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य प्रगति पर
- 'फार्म टू फैशन' एकीकृत टेक्सटाइल वैल्यू चेन
- उत्पादन लागत कम, लॉजिस्टिक्स तेज
- हर पार्क में 3 लाख तक रोजगार की संभावना
- 63 हजार करोड़ से अधिक निवेश रुचि
- निर्यात बढ़ाने और ग्लोबल प्रतिस्पर्धा पर फोकस



# दो लाख प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं ने चालू नहीं कराए प्रीपेड कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


- पावर कारपोशन ने की छापेमारी 18 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** प्रदेश भर के 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने मीटर रिचार्ज नहीं कराकर अपना कनेक्शन चालू नहीं कराए हैं। पावर कारपोरेशन ने प्रदेश भर के ऐसे उपभोक्ताओं के यहां छापेमारी करने के आदेश दिए हैं। इसके तहत बुधवार को 1211 उपभोक्ताओं के यहां पर छापे मारे गए, जिनमें से 18 के घरों में चोरी से बिजली सप्लाई पाई गई। इनके खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है।

प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर के निगेटिव बैलेंस के कारण कनेक्शन कटने के बाद बगैर रिचार्ज कराए अवैध रूप से बिजली का उपभोग करना दंडनीय अपराध है। बकाये पर कटे कनेक्शन का भुगतान प्राप्त होने पर दो घंटे के भीतर जोड़े जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज कराते ही रीकनेक्शन कमांड जारी हो जाती है। चूंकि कमांड कई सारे सिस्टम से गुजरती है, इसलिए इसमें दो घंटे तक का समय लग सकता है। हालांकि 90 प्रतिशत से अधिक केस में भुगतान प्राप्त होने के कुछ मिनटों में ही कनेक्शन जुड़ जाते हैं।

### बैलेंस खत्म होने के बाद तीन दिन चलता है कनेक्शन

प्रवक्ता के मुताबिक कनेक्शन एकाएक नहीं कटता। प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को माह के आरम्भ में एवं उसके द्वारा रिचार्ज की गई धनराशि का क्रमश : 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य होने पर प्रत्येक बार एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाता है। बैलेंस समाप्त होने के उपरांत भी तीन दिन का समय दिया जाता है। उसके बाद भी यदि रिचार्ज नहीं होता तो स्वत : ही कनेक्शन कट जाता है।



भीतर के साथ बाहर का निश्चित विभाजन अगर बना रहे, तो हमारा जीवन सुविहित, सुश्रृंखलित, सुसंपूर्ण हो जाता है, किंतु वही हमारे जीवन में नहीं हो पा रहा है।

–रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार

## लारिजानी के बाद ईरान

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रभावशाली सचिव अली लारिजानी की हत्या ईरान की रणनीतिक सोच और निर्णय-प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। इससे पहले अली खामेनेई की हत्या ने जो नेतृत्व शून्य पैदा किया था, लारिजानी उस खाली स्थान को आंशिक रूप से भर रहे थे। अब उनका जाना उस शून्य को और गहरा कर देता है। लारिजानी भले ही प्रत्यक्ष सैन्य कमांडर नहीं थे, लेकिन वे ईरान की युद्ध, कूटनीति और सुरक्षा नीति के केंद्रीय सूत्रधार थे। उनकी भूमिका विचारधारा और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बनाने की थी। वे एक ऐसे नेता थे, जो कठोर बयानबाज़ी के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते थे, इसलिए उनकी मौत संस्थागत अस्थिरता के रूप में सामने आएगा।

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जो युद्ध और कूटनीति से जुड़े निर्णयों का केंद्र है, अब नेतृत्वहीनता की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में दो स्थितियां उभरती हैं- या तो कोई नया काबिल नेता उभरकर इस शून्य को भरे या फिर निर्णय-सत्ता धीरे-धीरे सैन्य प्रतिष्ठान, विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड के हाथों में अधिक केंद्रित हो जाए। लारिजानी के रहते ईरान ने 'नियंत्रित टकराव' की नीति अपनाई थी, जहां वह अमेरिका और इजराइल से सीधे युद्ध से बचते हुए दबाव बनाए रखता था, लेकिन अब यह संतुलन बिगड़ सकता है। यदि नेतृत्व अधिक कट्टर या सैन्य-केंद्रित हाथों में चला गया, तो ईरान की रणनीति अधिक आक्रामक हो सकती है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर ईरान का रुख़ और सख़्त हो सकता है। लारिजानी इस मार्ग को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में देखते थे। उनके बाद यदि अधिक कठोर नेतृत्व सामने आता है, तो इस जलडमरूमध्य को बाधित करने या उसकी धमकी देने की नीति और तेज हो सकती है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, हालांकि ईरान की संस्थागत संरचना केवल एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा परिषद और धार्मिक नेतृत्व मिलकर सत्ता का ढांचा बनाते हैं, इसलिए ईरान पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, यह मानना जल्दबाज़ी होगी, लेकिन नेतृत्व के स्तर पर स्पष्टता की कमी से निर्णय लेने की गति और दिशा दोनों प्रभावित होंगी। लारिजानी जैसे संतुलित और अनुभवी नेता का विकल्प खोजना आसान नहीं होगा। शीर्ष नेतृत्व के कमजोर होने की स्थिति में सैन्य इकाइयों को अधिक स्वायत्तता मिल सकती है। इससे युद्ध के मैदान में अधिक आक्रामक और असंगठित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं, जो संघर्ष को और जटिल बना देंगी। इसके बावजूद ईरान ने अब तक यह दिखाया है कि वह वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका हवाई क्षेत्र लगातार हमलों के लिए खुला रहना यह बताता है कि उसकी सैन्य सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में है।

ऐसे में कोई भी नया नेता तुरंत निशाने पर आ सकता है, जिससे नेतृत्व संकट और गहरा सकता है। लारिजानी की मौत के निर्णायक मोड़ के बाद आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस संकट को संस्थागत मजबूती से संभालता है या फिर वह अधिक सैन्यवादी और आक्रामक रास्ते पर आगे बढ़ता है, जिसका असर पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ेगा।

### प्रसंगवश

## भारत का सबसे पुराना कैलेंडर है विक्रम संवत

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही महाकाल कहा गया। इस जगत में जितनी भी जीवंतता है, वह भगवान सूर्य से प्राप्त होती हैं। सूर्य पृथ्वी के पिता हैं, ऋग्वेद में लिखा है, 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य ही गतिशील और स्थिर जगत की आत्मा हैं। इसका अर्थ हुआ कि सूर्य संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा, प्राण और जीवन शक्ति के मुख्य स्रोत हैं, जिनके बिना सृष्टि का अस्तित्व संभव ही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को आत्मा का कारक और पिता का द्योतक माना जाता है।

शायद उदित होते सूर्य को जल का अर्घ्य देने की सनातन परंपरा भी इसीलिए हमारे ऋषियों ने शुरू कराई थी। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। ब्रह्मा जी द्वारा घोषित इस सर्वश्रेष्ठ तिथि को प्रथम पद मिला, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व अर्थात वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है।



अंजनी निगम
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय पंचांग तय करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' बनाई थी, जिसमें विश्व के सभी कैलेंडरों का अध्ययन करने के बाद माना गया कि विक्रम संवत सबसे अधिक वैज्ञानिक है, जिसे राष्ट्रीय संवत बनाना चाहिए। विक्रम संवत, ईसवी संवत से 57 साल पुराना था। दुर्भाग्य से भारत सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त वैज्ञानिक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के इस सुझाव को नहीं माना। संभवतः उस समय से लेकर अब तक की सरकारों पर पाश्चात्य का अधिक प्रभाव होने के साथ ही इच्छा शक्ति में कमी रही होगी, जो साहा कमेटी की रिपोर्ट नहीं लागू हो सकी।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था, 'यदि हमें गौरव के साथ जीने का भाव जगाना है, हम अपने दिलों में देशभक्ति के बीज को फलित करना चाहते हैं, तो हमें हिंदू राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियों की शरण लेनी होगी। बाहरियों की तिथियों पर भरोसा करने वाला गुलाम बन आत्म-सम्मान खो देता है।'

त्रेतायुग में वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ और रामराज्य की स्थापना हुई। द्वापर युग में पांडु पुत्र महाराज युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर का सम्राट बनने के 18 दिनों के बाद इसी दिन युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ किया और बाद में राजसूय यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बने। कलयुग में महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य के परम वैभवशाली इतिहास को भारत का अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

वास्तव में मालवा राज्य के शासक गर्दभिल्ल थे, स्वतंत्र राज्य मालवा पर शक राजा नहपान ने आक्रमण कर उनकी हत्या कर राज्य पर अधिकार कर लिया। उस समय गर्दभिल्ल की पत्नी वीरमती के दो पुत्र भर्तहरि और विक्रमसेन थे। शकों ने मालवा पर करीब 20 वर्ष शासन किया तब तक विक्रमसेन ने सेना एकत्र की और अपने राज्य को मुक्त करा महाकार की नगरी उज्जैन को राजधानी बनाया। या। उन्हीं महान सम्राट ने ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रम संवत का श्री गणेश किया था। इसी विक्रम संवत को भारतीय समाज ने मान्यता दी। क्या हम लोग विक्रम संवत 2083 को मनाकर उस चक्रवर्ती सम्राट का स्मरण नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

# एशिया की अहम नस होर्मुज जलडमरूमध्य






जय प्रकाश पांडेय
लेखक

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित होर्मुज़ जलडमरूमध्य वह पतला-सा समुद्री रास्ता है, जो आज वैश्विक ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण नाड़ियों में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा रोज़ इसी रास्ते से गुजरता है। तेल और गैस से भरे जहाज़ यहां से निकलते हैं और एशिया, यूरोप तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ते हैं, इसलिए जब इस रास्ते पर शांति रहती है, तो दुनिया के शहरों की रोशनियां जलती रहती हैं और उद्योगों की मशीनें चलती रहती हैं। जब इस रास्ते पर तनाव पैदा होता है, तो उसका असर केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता। उसकी लहरें बहुत दूर तक जाती हैं। कारखानों तक, बाजारों तक और अंततः घरों की रसोई तक।

पश्चिम एशिया में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने हाल के दिनों में यही स्थिति पैदा की है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ीं, तो समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गईं। कई शिपिंग कंपनियों ने जहाज़ों की गति धीमी कर दी। कुछ टैंकरों ने रास्ता बदल लिया और कुछ जहाज़ खाड़ी के बाहर ही सुरक्षा अनुमति का इंतज़ार करते दिखाई दिए। समुद्र में पैदा हुई यह अनिश्चितता सीधे उन देशों को प्रभावित करती हैं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में है।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। देश हर साल लगभग 31–32 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी खपत करता है, लेकिन इस गैस का बड़ा हिस्सा भारत को बाहर से मंगाना पड़ता है। अनुमान है कि देश की कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 से 67 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा होता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यानी यह संकरा समुद्री रास्ता केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विषय नहीं है; यह भारतीय रसोई की स्थिरता से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

भारत की रसोई अब पहले से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ चुकी है। इसका मतलब यह है कि यदि दुनिया के किसी हिस्से में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर भारत में भी महसूस किया जाता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत में भी गैस आपूर्ति को लेकर चिंता दिखाई देने लगी। कई शहरों में सिलेंडर बुकिंग अचानक बढ़ गई। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं गैस की कमी न हो जाए। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। करोड़ों परिवारों की रसोई को चलाए रखना स्वाभाविक रूप से पहली जिम्मेदारी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया।

वाणिज्यिक एलपीजी, जिसका उपयोग होटल, रेस्तरां, छात्रावास और छोटे उद्योग करते हैं, सबसे पहले प्रभावित होने लगी। कई शहरों में भोजनालयों ने मेन्यू सीमित कर दिए। कुछ संस्थानों को वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य आधुनिक भारत की ऊर्जा कहानी की एक विचित्र विडंबना को सामने लाता है।

एक ओर हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर कभी-कभी रसोई में फिर से लकड़ी का चूल्हा जलता दिखाई देता है। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। गैस आपूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि उर्वरक संयंत्रों से लेकर सिरेमिक और वस्त्र उद्योग तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। तेल और गैस की कीमतों में थोड़ी-सी वृद्धि भी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाती है। इससे आयात बिल बढ़ता है और महंगाई पर दबाव भी बढ़ता है।

भारत के लिए यह संकट एक और कारण से संवेदनशील है। खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वे हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, इसलिए पश्चिम एशिया की स्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी कारण भारत को इस पूरे संकट में अत्यंत सावधानी से संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर वैश्विक रणनीतिक साझेदारियां हैं, दूसरी ओर ऊर्जा और व्यापारिक हित।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा प्रश्न सामने आता है- क्या भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी उन समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है? ऊर्जा आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन संकट अक्सर हमें यह दिखा देते हैं कि हमारी कमजोरियां कहाँ हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में पैदा हुई हलचल ने हमें एक साधारण, लेकिन गहरा सच फिर से समझा दिया है।

यही कारण है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं रह जाती; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न बन जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य की संभावनाएं अवश्य दिखाते हैं, लेकिन वर्तमान में तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य की हर हलचल भारत के लिए केवल अंतर्राष्ट्रीय समाचार नहीं होती। वह हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि ऊर्जा की दुनिया में भूगोल और राजनीति कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। सच यही है कि दुनिया के किसी दूर समुद्र में पैदा हुई हलचल केवल नक्शे पर एक बिंदु की कहानी नहीं होती। उसकी प्रतिध्वनि हमारे शहरों के कारखानों में, बाजारों की कीमतों में और घरों की रसोई की आग में सुनाई देती है। होर्मुज़ की यह पतली जलधारा हमें बार-बार यह समझाती है कि वैश्विक राजनीति की सबसे दूर की लहर भी अंततः हमारे घर की देहरी तक पहुंच सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जो यूं सामान्य नजर आती हैं, लेकिन पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन उनसे जुड़ी होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य ऐसी ही एक जगह है।

### आमने सामने



आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। जहां तक हमारी बात है, हम लगातार काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बिना रुकावट के लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

–भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में दो साल में ही हताशा का इतना भाव आ गया है कि वह सामान्य मानवीय संवेदनाओं को भी भूल चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के स्वास्थ्य पर जो बेहूदा टिप्पणी की, वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाली है।

–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



# ईरानी तेल पर क्यों है अमेरिका की नजर



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस और इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है, जिससे देश अपनी गतिविधि को आराम से चलाते रहे हैं। रसायन विज्ञान के अनुसार सभी जगह का कच्चा पेट्रोलियम तेल एक समान तरलता वाला और गुणवत्ता का नहीं होता। जमीन से निकाला जाने वाला कच्चा तेल हज़ारों हाइड्रोकार्बन अणुओं का मिश्रण है, जो कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की आपस में जुड़ी शृंखलाएं होती हैं। धरती के गर्भ में पहले से यह अनेक रासायनिक क्रियाओं, गर्मी और दबाव से बना, विशाल मात्रा में मौजूद है और बनता भी रहता है।

हाइड्रोकार्बन्स की छोटी शृंखलाएं हल्की होती हैं और परिष्कृत होने पर पेट्रोल और जेट ईंधन बनाती हैं। लंबी, भारी शृंखलाएं धीमी होती हैं और उन्हें तोड़ना महंगा होता है, इसलिए अंततः वे कम मूल्य वाले डामर या ईंधन तेल के रूप में ज़्यादातर इस्तेमाल होती हैं। जब कच्चा तेल रिफाइनरी में प्रवेश करता है, तो यह एक ऊंचे आसवन टॉवर से गुज़रता है और क्वथनांक के आधार पर छांटा जाता है। हल्के अणु ऊपर उठते हैं और प्रीमियम ईंधन बन जाते हैं। भारी अणु नीचे बैठ जाते हैं। रिफाइनरी का काम ऊपर से निकलने वाले कच्चे तेल की मात्रा को अधिकतम करना है। किसी भी कच्चे तेल की दो सबसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता विशेषताएं घनत्व और सल्फर की मात्रा हैं।

हल्के और कम सल्फर वाले कच्चे तेल आमतौर पर अधिक कीमत वाले होते हैं, क्योंकि इनसे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अधिक आसानी से और सस्ते में किया जा सकता है। घनत्व को एपीआई ग्रेविटी का उपयोग करके मापा जाता है, जो अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एक पैमाना है। इसे इस प्रकार समझें कि पानी की एपीआई ग्रेविटी 10 होती है और 10 से अधिक ग्रेविटी वाला कोई भी पदार्थ पानी पर तैरता है तो उसे तेल माना जाता है।

दस से ऊपर संख्या जितनी अधिक होती है, कच्चा तेल उतना ही हल्का होता है। एपीआई ग्रेविटी 25 डिग्री से कम भारी से लेकर 35 डिग्री से अधिक घनत्व तक होती है। ईरानी लाइट 33 और 36 के बीच है, जो मध्यम और हल्के के बीच की सीमा पर स्थित है। अधिकांश रिफाइनरियां इसी उपयुक्त स्तर को पसंद करती हैं। ईरानी लाइट, ईरान का प्रमुख निर्यात ग्रेड कच्चा तेल है, जिसमें सल्फर की मात्रा 1.36 से 1.5 प्रतिशत तक होती है। कम सल्फर वाले कच्चे तेल को स्वीट कहा जाता है और उच्च सल्फर वाले कच्चे तेल को खट्टा (सोर)। इसके आसवन से लगभग 20 प्रतिशत हल्के अंश और 50 प्रतिशत मध्य आसुत प्राप्त होते हैं।

मध्य आसुत वे उत्पाद हैं, जो आसवन टॉवर के मध्य भाग से निकाले जाते हैं। डीजल, जेट ईंधन और हीटिंग ऑयल, जो विश्व स्तर पर लगातार सबसे अधिक लाभदायक ईंधन हैं। इन आंकड़ों को मिलाकर देखें, तो प्रत्येक बैरल का लगभग 70 प्रतिशत प्रीमियम ईंधन बन जाता है। ईरान से आपूर्ति बंद होने पर रिफाइनरी इंजीनियरों की चिंता का कारण यही रूपांतरण दर है। अर्थात दूसरी जगह के तेल में रूपांतरण दर निश्चित तौर से कम होगी और उत्पादन घटेगा। सल्फर की मात्रा का महत्व होने का एक दूसरा कारण भी है, जिसका कीमत से कोई लेना-देना नहीं है। जब सल्फर युक्त कच्चे तेल को बिना उपचार के जलाया जाता है, तो यह सल्फर डाइऑक्साइड गैस छोड़ता है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे रोकने के लिए, रिफाइनरियां ईंधन के पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही सल्फर को अलग कर देती हैं, जिसे हाइड्रोडीसल्फराइजेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु उत्प्रेरकों अर्थात मेटल कैटेलिस्ट्स की उपस्थिति में, 450 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान और 100 वायुमंडल तक के दबाव पर हाइड्रोजन गैस के साथ तेल की प्रतिक्रिया कराकर कच्चे तेल में मौजूद सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है।

यह कारगर तो है, लेकिन महंगा, ऊर्जा-गहन और विशेष औद्योगिक उपकरणों की आवश्यकता वाला भी है। सल्फर की मात्रा जितनी कम होगी, उपकरणों की आवश्यकता भी उतनी ही कम होगी। सल्फर की 1.36 से 1.5 प्रतिशत मात्रा के साथ, ईरानी लाइट एक प्रबंधनीय सीमा में आता है, जिसे एशिया भर की अधिकांश मध्यम-जटिलता वाली रिफाइनरियां बिना किसी बड़े अतिरिक्त निवेश के संभाल सकती हैं। इरानी तेल को संभालना आसान है, क्योंकि यह इतना हल्का है कि इसे सस्ते में संसाधित किया जा सके और इतना भारी कि उन सभी प्रकार के ईंधनों का उत्पादन कर सके, जिनके लिए बड़ी, जटिल रिफाइनरियां बनाई गई थीं। ईरानी कच्चा तेल केवल तेल मात्र नहीं है, बल्कि यह वह सामान है, जिसके इर्द-गिर्द ही वैश्विक रिफाइनिंग प्रणाली की पूरी संरचना निर्मित की गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस एंड इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है।

### सोशल फोरम

## सबसे महंगा गाना

मुगल-ए-आज़म फिल्म में एक दृश्य है, जिसमें अनारकली और सलीम एक-दूजे से मिलते हैं। उनके बीच कोई संवाद नहीं है। रोमांस है और बैकग्राउंड में शास्त्रीय गायन चल रहा है। कहानी के मुताबिक उस वक्त तानसेन गायन कर रहे थे। के आसिफ ये सोचकर परेशान थे कि इस दृश्य में तानसेन के स्तर की गायकी करने के लिए भला किस गायक को लिया जाना चाहिए। उन्होंने अपने मन की बात नौशाद साहब से कही, 'किससे गायकी कराई जानी चाहिए।'



रंजन शर्मा
रिटायर अफसर

नौशाद बोले, 'कायदे से तो उन्हें ही करनी चाहिए, जिन्हें आज के ज़माने का तानसेन कहा जाता है।' के आसिफ ने पूछा, 'कौन हैं वो?'

'उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ान, लेकिन वो फिल्मों के लिए गाते नहीं हैं।' नौशाद ने जवाब दिया।

दोनों खां साहब से मिलने पहुंचे। उस्ताद ने इंकार करते हुए कहा, 'भई फिल्मों में मैं नहीं गाता।' उस्ताद ने जैसे ही इंकार किया, के आसिफ बोल पड़े, 'खां साहब। गाना तो आप ही गाएंगे।' के आसिफ के इस अंदाज़ से उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां झुंझला गए। उन्होंने नौशाद साहब से पूछा, 'ये कौन साहब हैं? नौशाद ने बताया, 'ये ही फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं।'

उस्ताद बोले, 'कोई भी हों। मैंने जब मना कर दिया कि मैं नहीं गाऊंगा तो फिर ये क्यों ज़बरदस्ती कर रहे हैं?' नौशाद कुछ बोलते इससे पहले ही के आसिफ फिर से बोले, 'गाना तो आप ही गाएंगे।' उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ा हैरान थे। उस्ताद नौशाद का बाज़ू पकड़कर उन्हें बालकनी में ले गए और बोले, 'मैं इतनी कीमत मांगता हूं कि ये सुनकर खुद ही भाग खड़ा होगा।' इस पर नौशाद साहब ने कहा, 'हुज़ूर ये तो आप बोल सकते हैं। ये आपका हक है। अपनी गायकी की कीमत आप खुद ही तय कीजिए।'

उस्ताद वापस कमरे में आए और के आसिफ से बोले, 'ठीक है जनाब। मैं आपकी फिल्म में गाऊंगा, लेकिन एक गाने के 25 हज़ार रुपये लूंगा।'

नौशाद साहब ये सुनकर अपने कानों पर यकीन नहीं कर पाए, क्योंकि ये वो ज़माना था, जब बड़े-बड़े प्लेबैक सिंगर पांच सौ से एक हज़ार रुपये ही चार्ज करते थे। नौशाद जी को लगा कि यकीनन अब तो के आसिफ अपनी ज़िद को साइड में रख देंगे।

के आसिफ उस्ताद की बात सुनकर बोले, 'अजी आपकी तो कोई कीमत ही नहीं है। आप तो अनमोल हैं। ठीक है। बात पक्की। के आसिफ ने तुरंत ही दस हजार एडवांस दे दिए।' **–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पीरियड लीवः सुप्रीम कोर्ट का फैसला और वैश्विक परिप्रेक्ष्य

13 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की नीति को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने के कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि इस प्रकार का प्रावधान कानून के रूप में लागू किया गया, तो कई नियोक्ता महिलाओं को रोजगार देने से ही हिचक सकते हैं, जिससे उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पेड पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग वाली याचिका सुनने से इंकार कर दिया और इस मुद्दे पर व्यावहारिक चिंताओं को सामने रखा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं, इसलिए सरकार सभी हितधारकों से चर्चा कर इस विषय पर कोई नीति बनाने पर विचार कर सकती है। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों को यह सुझाव दिया कि वे इस अभ्यावेदन पर विचार करें और विभिन्न पक्षों से परामर्श करके नीति का प्रारूप तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए हर महीने कुछ दिनों का अवकाश दिया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने यह भी बताया कि केरल सरकार ने स्कूलों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू की है और देश की कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से 'पेड पीरियड लीव' दे रही हैं।



सुनील कुमार महला
लेखक

वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाओं का मानना है कि इस विषय में एक संतुलित या मध्य मार्ग होना चाहिए। उनके अनुसार 'पीरियड लीव' को अनिवार्य बनाने के बजाय वर्क फ्रॉम होम या फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर्स का विकल्प दिया जाना चाहिए। इससे महिला का काम भी प्रभावित नहीं होगा और उसे कार्यालय के तनावपूर्ण वातावरण से राहत भी मिल सकेगी। उनका यह भी मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उनकी पेशेवर गरिमा भी बनी रहेगी। कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, ऐंठन, मतली और माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में लगातार काम करना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन हो सकता है।

यदि हम देशों की बात करें तो जापान में वर्ष 1947 से ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है। यह छुट्टी वेतन सहित होगी या नहीं, यह कंपनी की नीति पर निर्भर करता है। दक्षिण कोरिया में महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन की मेंस्टुअल लीव का अधिकार प्राप्त है। इंडोनेशिया के श्रम कानून में भी महिलाओं को मासिक धर्म के पहले दो अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। जांबिया में 'मदर्स डे लीव' के नाम से हर महीने एक दिन की पीरियड लीव दी जाती है, जिसके लिए चिकित्सकीय प्रमाणपत्र की आवश्यकता भी नहीं होती। स्पेन ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023 में 'पेड पीरियड लीव' को कानूनी मान्यता प्रदान की, जिससे गंभीर मासिक धर्म पीड़ा से पीड़ित महिलाएं चिकित्सकीय सलाह के आधार पर अवकाश ले सकती हैं। मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य और गरिमा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न देशों और संस्थानों में इसके प्रति जागरूकता और नीतिगत पहल लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कैम्पस

आज के दौर में जब हर व्यवसाय अपनी पहचान तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बनाता है, तब विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी केवल शौक नहीं रह गए हैं। यह एक ऐसा पेशेवर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें रचनात्मकता के साथ-साथ अच्छी आय और वैश्विक अवसर भी मौजूद हैं। 12 वीं के बाद करियर चुनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह समझना जरूरी है कि फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।



शैलेश गोयल
डायरेक्टर
आईआईपी एकेडमी

## वर्ड स्मिथ

### टेलीविजन

टेलीविजन शब्द की उत्पत्ति भाषा और विज्ञान के अद्भुत मेल की कहानी है। 'टेलीविजन' शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'दूर', जबकि 'विजन' लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस तरह 'टेलीविजन' का शाब्दिक अर्थ हुआ-दूर की वस्तुओं को देखना। 19 वीं और 20 वीं सदी के दौरान जब वैज्ञानिक संचार तकनीकों पर काम कर रहे थे, तब एक ऐसी मशीन की कल्पना की गई, जो दूर बैठे स्थानों के दृश्य को तुरंत दिखा सके। कई वैज्ञानिकों के प्रयासों के बाद यह तकनीक विकसित हुई और पहली बार चलती-फिरती तस्वीरों को दूर तक प्रसारित करना संभव हुआ। इस नई खोज के लिए ऐसा नाम चाहिए था, जो इसकी विशेषता को स्पष्ट करे, इसलिए 'टेलीविजन' शब्द चुना गया। धीरे-धीरे टेलीविजन हर घर का हिस्सा बन गया और सूचना, मनोरंजन तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा। आज भी यह शब्द हमें यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने कैसे दूरी की सीमाओं को खत्म कर दुनिया को एक साथ जोड़ दिया है।



## बदलते दौर में विजुअल कंटेंट की बढ़ती जरूरत

आज हर कंपनी अपने उत्पाद या सेवा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, सोशल मीडिया रील्स, डिजिटल विज्ञापन, वेबसाइट विजुअल, कैटलॉग और ब्रांड स्टोरी टेलिंग का सहारा लेती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी (IIP) के संस्थापक निदेशक राजेश गोयल कहते हैं, "फोटोग्राफी के बिना किसी उत्पाद या सेवा का प्रभावी विजुअल कम्युनिकेशन करना लगभग असंभव है।" दरअसल फोटोग्राफी केवल कैमरा चलाने का कौशल नहीं है। यह लाइटिंग, कंपोजिशन, विजुअल नैरेटिव और सौंदर्यबोध को विकसित करने की प्रक्रिया है, जो आगे चलकर फिल्म, विज्ञापन, डिजाइन और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी होती है।



# इंटर बाद के लिए उभरता करियर ऑप्शन

# विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी



## सफलता की वास्तविकता

फोटोग्राफी में सफलता का कोई निश्चित प्रतिशत नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार असफलता का मुख्य कारण यह होता है कि कई छात्र केवल कैमरा चलाना सीखते हैं, लेकिन पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट मैनेजमेंट, सही मूल्य निर्धारण और किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित नहीं कर पाते। जो छात्र मजबूत बुनियादी प्रशिक्षण, वास्तविक प्रोजेक्ट्स, मेंटरशिप और इंडस्ट्री अनुभव के साथ आगे बढ़ते हैं, उनके सफल होने की संभावना अधिक होती है।

## बढ़ता बाजार और नए अवसर

भारत का मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। हाल के उद्योग आकलनों के अनुसार 2024 में यह क्षेत्र लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और इसमें डिजिटल मीडिया सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर दिन भारी मात्रा में नए विजुअल कंटेंट की जरूरत होती है। इसी कारण फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइन से जुड़े पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही क्रिएटर इकोनॉमी भी तेजी से विकसित हो रही है। लाखों कंटेंट क्रिएटर और डिजिटल ब्रांड्स के बढ़ने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह क्षेत्र ट्रिलियन-डॉलर से अधिक के उपभोक्ता बाजार को प्रभावित कर सकता है।



## फोटोग्राफी में करियर के विविध रास्ते

- फोटोग्राफी कई अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है।
- कमर्शियल फोटोग्राफी में प्रोडक्ट, ई-कॉमर्स, फूड, ऑटोमोबाइल और विज्ञापन से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल होते हैं।
- फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में मॉडल, सेलिब्रिटी, मैगजीन और एडिटोरियल शूट किए जाते हैं।
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर फोटोग्राफी में इमारतों, होटलों और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की तस्वीरें ली जाती हैं, जबकि ड्रोन फोटोग्राफी भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।
- मीडिया और डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफी में फोटो जर्नलिज्म, ट्रैवल और स्पोर्ट्स फोटोग्राफी शामिल हैं।
- इसके अलावा फाइन आर्ट फोटोग्राफी, म्यूजियम डॉक्यूमेंटेशन और गैलरी इमेजिंग जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।
- डिजिटल युग में कुछ नई भूमिकाएं भी सामने आई हैं जैसे एआई-असिस्टेड इमेजिंग स्पेशलिस्ट, विजुअल स्टोरीटेलर और कंटेंट प्रोड्यूसर।

## नई शिक्षा नीति और रचनात्मक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 में भी रचनात्मक शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन पर जोर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को कला, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल के साथ तैयार करना है।

इस दृष्टि से देखा जाए, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र अब केवल वैकल्पिक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विकल्प बनते जा रहे हैं।

**संस्थान चुनते समय क्या देखें :** किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का चयन करते समय छात्रों और अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए।

क्या वहां केवल कैमरा संचालन सिखाया जाता है या कॉन्सेप्ट और क्रिएटिव थिंकिंग भी विकसित की जाती है।

क्या छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है।

क्या संस्थान के पास पूर्व छात्रों का मजबूत नेटवर्क और उपलब्धियां हैं।

क्या प्रशिक्षण में पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट हैंडलिंग और फ्रीलांसिंग की जानकारी दी जाती है।

## छात्रों के लिए चार सरल कदम

विशेषज्ञों के अनुसार कक्षा-12 के बाद फोटोग्राफी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को चार कदमों पर ध्यान देना चाहिए-

- अपना क्षेत्र चुनें-जैसे कमर्शियल, फैशन, डॉक्यूमेंट्री या फाइन आर्ट।
- मजबूत पोर्टफोलियो बनाएं-12 से 20 अच्छी तस्वीरें, सैकड़ों साधारण तस्वीरों से बेहतर होती हैं।
- मेंटर्स से फीडबैक लें-सीखने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन जरूरी है।
- कमाई का रास्ता बनाएं-इंटर्नशिप, असिस्टेंटशिप और फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करें।



## बदलती सोच का समय

डिजिटल युग में तस्वीरें और विजुअल कंटेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यवसाय, संचार और ब्रांड निर्माण का शक्तिशाली माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र में रचनात्मक दृष्टि, तकनीक सीखने की इच्छा और मेहनत करने का जज्बा है, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी उसके लिए एक सार्थक और संभावनाओं से भरा करियर साबित हो सकता है।

## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेला



- 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजिन किया जाएगा। मेले में झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को मौका मिलेगा। रोजगार मेले से युवाओं को सीधे कंपनी से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 100 से अधिक कंपनियां और नियोक्ता शामिल होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना, आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार पाने का मौका मिल सकेगा।

### राहत भरी खबर

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) और परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, पहले यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

## कैंपस का पहला दिन

# झिझक से आत्मविश्वास तक का सफर

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में मेरा पहला दिन, पहला दिन नहीं था, बल्कि मेरे उस सपने की पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने बचपन से अपनी आंखों में सजाया था- एक पत्रकार बनने का सपना। जब मैं ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के परिसर में पहुंची, तो मेरे कदम थोड़े डगमगा रहे थे और दिल की धड़कनें तेज थीं। मन में कई सवाल थे- क्या मैं इस नई दुनिया में खुद को ढाल पाऊंगी? क्या मुझे अच्छे दोस्त मिलेंगे? क्या मैं अपने सपनों के इस सफर में सफल हो पाऊंगी?



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

ओरिएंटेशन और शुरुआती सत्र के दौरान जब हमारे शिक्षकों ने हमसे संवाद किया, तो पत्रकारिता को लेकर मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने समझाया कि पत्रकारिता केवल माइक थामने या कैमरे के सामने खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक अटूट जिम्मेदारी है। सच को सामने लाना, लोगों की आवाज बनना और निष्पक्षता के साथ अपनी बात रखना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान होती है। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

पहली क्लास खत्म होने के बाद, जो झिझक मेरे मन में थी, वह धीरे-धीरे कम होने लगी। कॉलेज की कैंटीन और गलियारों में मेरी मुलाकात अपने सहपाठियों से हुई। हम सब अलग-अलग जगहों से आए थे, लेकिन हम सबके बीच एक बात समान थी, वो थी दुनिया को बदलने का जज्बा और कुछ नया सीखने की चाह। बातचीत के दौरान हम अपने-अपने सपनों और उम्मीदों को साझा करने लगे। बातों-बातों में कब अजनबी सहपाठी दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। उस अपनत्व ने मेरे मन का डर काफी हद तक दूर कर दिया।

कॉलेज का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग, इन सबने मेरे पहले दिन को यादगार बना दिया। हर कोना जैसे कुछ नया सिखाने को तैयार था और हर चेहरा एक नई कहानी कह रहा था। मुझे यह महसूस होने लगा कि मैंने अपने जीवन की सही दिशा चुन ली है। शाम को जब मैं कॉलेज से घर के लिए निकली, तो मेरे पास केवल किताबों का बोझ नहीं था, बल्कि एक नई सोच, आत्मविश्वास और बड़े इरादे भी थे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के उस पहले दिन ने मुझे यह सिखाया कि पत्रकारिता का रास्ता चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह सम्मान, जिम्मेदारी और समाज सेवा से भरा हुआ है।




## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रीक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- हाल ही में यूनिक्लो ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी 16 मार्च 2026 को घोषित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और भारतीय क्रिकेट स्टार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है।
- हाल ही में साउथ इंडियन बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहयोग से नई ईपीएफ भुगतान सेवा शुरू की है। इस सेवा के माध्यम से नियोक्ता अब कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का भुगतान सीधे बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म SIBerNet के जरिए कर सकेंगे, जिससे वैधानिक भुगतान अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस पहल की घोषणा 12 मार्च 2026 को की गई, जो बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- हाल ही में विश्व बैंक, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल को "उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम" कहा जाता है, जिसमें 299 .66 मिलियन डॉलर का निवेश शामिल है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित उपायों के माध्यम से बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है।

## जॉब अलर्ट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-275
- वेतन- 48480 - 120940 प्रति माह
- योग्यता- AICTE/UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/IT/ECE/E&TC/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E./B.Tech या MCA
- आयु सीमा- स्केल I- अधिकतम 30 वर्ष, स्केल II/III- अधिकतम 35 वर्ष, स्केल IV- अधिकतम 45 वर्ष
- अंतिम तिथि- 23 मार्च 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम- असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
- पदों की संख्या- 11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2/शुरुआती
- वेतन : 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक)
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- अंतिम तिथि-14-06-2026
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in




### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद का नाम-कांस्टेबल (पशु चिकित्सा, ड्राइवर, ट्रेड्समैन और नर्सिंग अर्दली)
- श्रेणी- ग्रुप 'C' नॉन-गजटेड (कॉम्बैटाइज्ड), नॉन-मिनिस्टीरियल
- पदों की संख्या-827 पद
- वेतन-लेवल-3, 21,700-69,100 (7वां CPC)
- नौकरी का स्थान-भारत में कहीं भी / SSB की आवश्यकतानुसार भारत के बाहर भी
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन
- चयन प्रक्रिया-PET, PST, लिखित परीक्षा, ट्रेड/कौशल परीक्षण, दस्तावेज़ीकरण और चिकित्सा परीक्षण

# एआई और हिंदी : रोजगार के नए क्षितिज

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहक और प्रगति का आधार होती है। आज जब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति (Industry 4.0) के दौर से गुजर रही है, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने मानव जीवन के हर पहलू को स्पर्श किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा होने के नाते, हिंदी के लिए यह समय एक ऐतिहासिक मोड़ है। अक्सर यह कहा जाता है कि तकनीक भाषाओं को मिटा देगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। एआई ने हिंदी के लिए संभावनाओं के वे द्वार खोल दिए हैं, जो पहले बंद थे। आज हिंदी केवल साहित्य या बोलचाल तक सीमित नहीं है, यह डेटा, कोडिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा बन रही है। एक हिंदी भाषी व्यक्ति तकनीक के इस युग में न केवल प्रासंगिक रह सकता है, बल्कि एआई को अपना हथियार बनाकर वैश्विक बाजार में रोजगार के नए और आकर्षक अवसर पैदा कर सकता है।



प्रो .मीना यादव
हिंदी विभाग
बरेली कॉलेज बरेली




### हिंदी और एआई का संगम

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) वह तकनीक है, जिसने मशीनों को हिंदी व्याकरण, मुहावरे और शब्दावली समझने की शक्ति दी है। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई (चैटजीपीटी) जैसी कंपनियां हिंदी डेटा पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंदी का विशाल डेटा सेट तैयार करना और उसे मशीनों के लिए सुलभ बनाना आज एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन चुका है।

## एआई के माध्यम से हिंदी में उभरते रोजगार के क्षेत्र

एआई ने हिंदी को सॉफ्ट स्किल से बदलकर एक तकनीकी स्किल में तब्दील कर दिया है। इसके अंतर्गत रोजगार के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं।

### भाषा डेटा वैज्ञानिक और एनोटेटर

एआई मॉडल को सिखाने के लिए सटीक हिंदी डेटा की आवश्यकता होती है। हिंदी वाक्यों को व्याकरण के साथ टैग करना और भावनाओं की पहचान करना आज एक बड़ा करियर विकल्प है।

### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

एआई टूल्स से सही काम करवाने की कला। विज्ञापन एजेंसियां और कंटेंट हाउस ऐसे विशेषज्ञों को खोज रहे हैं, जो एआई का उपयोग कर कम समय में सटीक हिंदी विज्ञापन, स्क्रिप्ट या रिपोर्ट तैयार कर सकें।

### वॉयस टेक्नोलॉजी और स्पीच रिकग्निशन

एलेक्सा और सिरी जैसे असिस्टेंट के लिए हिंदी वॉयस देना, उच्चारण सुधारना और मशीन को स्थानीय बोलियों का लहजा समझाना।

### चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट डेवलपर

बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हिंदी में बातचीत करने वाले चैटबॉट्स की स्क्रिप्ट लिखना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से सही बनाना।

### अनुवाद और स्थानीयकरण 2.0

अब केवल अनुवाद नहीं, बल्कि 'मशीन ट्रांसलेशन पोस्ट-एडिटिंग' (MTPE) का दौर है। एआई द्वारा अनुवादित सामग्री की जांच करना और उसे मानवीय संवेदनाएं देना एक उच्च-भुगतान वाला कार्य बन गया है।

### तकनीकी कौशल और चुनौतियां

हिंदी को रोजगारपरक बनाने के लिए केवल भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। युवाओं को ChatGPT, Gemini और Canva AI जैसे टूल्स का कुशल उपयोग सीखना होगा।

## एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर

एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह भाषा और तकनीक के बीच की उस खाई को पाट रहा है, जिसने दशकों से हिंदी भाषियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रखा था। आज एक अनुवादक, लेखक या शिक्षक एआई की मदद से अपनी कार्यक्षमता को दस गुना बढ़ा सकता है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें हिंदी के प्रति भावुकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता को भी अपनाना होगा। यदि हम अपनी भाषाई जड़ों को मजबूती से थामे रखकर एआई जैसे आधुनिक उपकरणों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो हिंदी न केवल भारत की अस्मिता बनी रहेगी, बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। भविष्य उनका है, जो भाषा की गरिमा और तकनीक की गति, दोनों को साथ लेकर चलेंगे।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,704.13 | 23,777 |
| बढ़त | 633.295 | 196.65 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.83 |

सोना 1,60,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,56,500 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, गुरुवार, 19 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445 निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल (प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी** –पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4360

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 155900, सोना गिन्नी जेवर 151900, चांदी (पक्की) 2540 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### गोदरेज ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन खरीदी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने कहा कि कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपये है।

# पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर मिलेगी ज्यादा एलपीजी

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर सुझाया फार्मूला, 30 प्रतिशत तक दी जाएगी कॉमर्शियल एलपीजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा-एलपीजी सीमित, लेकिन पीएनजी आपूर्ति निर्बाध जारी



केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया।

केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है।

उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किराये/पट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनर्स्थापन योजनाओं की अनुमति देते हैं। शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग 93 प्रतिशत तक बढ़ गई है लेकिन उपभोक्ता अब भी डीलर के यहां पर कतार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद प्रतीक्षा करें। सिलेंडर उनके घर पहुंचाए जाएंगे। घबराहट में बुकिंग करने या एलपीजी वितरकों के पास जाने की जरूरत नहीं है।

एलपीजी पर दबाव कम करने के लिए सरकार वाणिज्यिक एवं घरेलू एलपीजी उपयोगकर्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

शहर गैस वितरण कंपनियां प्रोत्साहन दे रही हैं और जल्द कनेक्शन प्रदान कर रही हैं।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुधवार को पत्र लिखकर कहा कि राज्य सरकारों को शुल्क कम करना चाहिए। शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा 12.63 करोड़ घरेलू ''कनेक्शन'' देने की प्रतिबद्धता के बावजूद अब तक केवल 1.6 करोड़ पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### अधिक एलपीजी का फार्मूला

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए आवेदन करने के 24 घंटे बाद सभी पुराने आवेदनों व नए आवेदनों को स्वतः सीजीडी अनुमति देने वालों को दो प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा। यदि राज्य सीजीडी इकाइयों के लिए 'खुदाई व पुनर्स्थापन योजना' लागू करते हैं, तो उन्हें एलपीजी की तीन प्रतिशत अतिरिक्त आपूर्ति मिलेगी जिससे वे सड़कों आदि की खुदाई व पुनर्स्थापन स्वयं कर सकेंगे और इस प्रकार पुनर्स्थापन शुल्क समाप्त हो जाएगा। मित्तल ने कहा कि जो राज्य सीजीडी नेटवर्क बिछाने/संचालन के लिए वार्षिक किराया/पट्टा शुल्क को शून्य कर देते हैं, उन्हें चार प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त होगी।

### पेट्रोल-डीजल में आत्मनिर्भर, एटीएफ भी पर्याप्त

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से माल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण, भारत ने आपूर्ति को सीमित कर दिया है। इसके अलावा, खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है। विमान ईंधन (एटीएफ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।

### पड़ोसी देशों से पहले घरेलू ईंधन की आपूर्ति भारत की प्रथम प्राथमिकता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल–पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू–राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है।

## एफएफएफएआई का युद्ध जोखिम अधिभार के खिलाफ सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री मालभाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

एफएफएफएआई ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम 'कवरेज' की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं।

# सीसीपीए के जुर्माने के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेटा

## कहा-ईमार्केट नहीं, बल्कि केवल एक नोटिस बोर्ड है फेसबुक

**नई दिल्ली, एजेंसी**




मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के उस आदेश को बुधवार को चुनौती दी, जिसमें फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी की कथित अनधिकृत बिक्री एवं सूचीबद्धता को लेकर उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के पास फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का स्वामित्व है। मेटा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अमेजन और फ्लिपकार्ट के विपरीत, फेसबुक कोई ई-मार्केट नहीं है बल्कि केवल एक 'नोटिस बोर्ड' हैं। इसलिए वह सीसीपीए के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मेटा की याचिका को 25 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि आदेश को 'अधिकार क्षेत्र से परे' कैसे माना जा सकता है।

न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि इस मामले पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग क्यों विचार नहीं कर सकता।

मेटा की ओर से पेश रोहतगी ने तर्क दिया कि फेसबुक न तो खरीद-बिक्री का कोई तंत्र उपलब्ध कराता है और न ही उपयोगकर्ताओं से कोई 'कमीशन' लेता है, क्योंकि यह ई-कॉमर्स मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल फेसबुक उपयोगकर्ताओं के लिए एक 'नोटिस बोर्ड' है। हम कोई दुकान नहीं हैं।

कोई व्यावसायिक बिक्री की अनुमति नहीं है। कोई शुल्क नहीं लिया जाता। हम किसी से शुल्क नहीं लेते।'

आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए मेटा की याचिका में दावा किया गया कि सीसीपीए ने इस 'अमान्य' आधार पर कार्रवाई करके अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम किया कि फेसबुक मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स के लिए कानूनी ढांचे के अधीन और उसके द्वारा शासित है।

### ये था सीसीपीए का आदेश

सीसीपीए ने एक जनवरी 2026 को पारित अपने आदेश में कहा था कि मेटा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उसके नियमों एवं सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों का उल्लंघन किया है, क्योंकि उसने फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी–टॉकी को बिना अनिवार्य खुलासों के सूचीबद्ध होने दिया।

## शेयर हेरफेर: 8 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ जुर्माना पांच साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12% वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।

नियामक ने मंगलवार को पारित अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा कि ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। सेबी ने पाया कि साजिश में आपस में जुड़े संगठनों के बीच ट्रेडिंग करना शामिल था जिसका उद्देश्य कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करना था।

# शेयर बाजार गुलजार: सेंसेक्स 633 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार

**मुंबई, एजेंसी**



- कच्चे तेल में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान से लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में रही तेजी

कच्चे तेल की कीमतों में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान के बीच, शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार तीसरे दिन उनकी बढ़त जारी रही। आईटी शेयरों में तेजी के कारण घरेलू बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला।बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत और जापान का निक्की 2.87 प्रतिशत मजबूत हुए। चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,225.32 करोड़ के शेयर खरीदे।

## नए वित्तीय वर्ष में नए नियम

# सिर्फ आधार से नहीं बनेगा पैनकार्ड सरकार ने बदली आवेदन प्रक्रिया

सरकार ने पैन कार्ड यानि स्थायी खाता संख्या के आवेदन प्रक्रिया में बड़े बदलाव की घोषणा की है। नए नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू होंगे, जिसके बाद केवल आधार कार्ड के आधार पर पैन कार्ड के लिए आवेदन नहीं हो सकेगा। सरकार समर्थित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

बताया कि फिलहाल 31 मार्च 2026 तक नागरिक केवल आधार के जरिए पैन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए नियम अनिवार्य हो जाएंगे और उसी के अनुसार पैन के लिए आवेदन किया जा सकेगा।




**पहली अप्रैल से लागू होंगे नए नियम**

### इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

- जन्म प्रमाण पत्र
- वोटर आईडी
- मैट्रिक प्रमाण पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- शपथ पत्र (अफिडेविट)
- अन्य सरकारी दस्तावेज

### सरकार की अपील

- सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपने पैन से जुड़े काम पूरे कर लें, ताकि बाद में अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत से बचा जा सके।

### ये होंगे बदलाव

- एक अप्रैल 2026 के बाद केवल आधार से पैन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन के साथ जन्मतिथि का प्रमाण देना जरूरी होगा।
- नए पैन आवेदन फॉर्म लागू होंगे, पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे।
- पैन कार्ड में दर्ज नाम को आधार के अनुसार ही रखा जाएगा।

### फर्जी ईमेल से सावधान रहने की चेतावनी

लोगों को साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि 'ई–पैन डाउनलोड' के नाम पर फर्जी ईमेल और मैसेज भेजे जा रहे हैं। ऐसे किसी भी लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें। पैन कार्ड वित्तीय और बैंकिंग लेन–देन के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जबकि आधार 12 अंकों की एक यूनिक पहचान संख्या है, जिसे यूआईडीएआई द्वारा जारी किया जाता है। इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

### इन पोर्टल्स के जरिए कर सकते हैं आवेदन

- इनकम टैक्स विभाग का ई–फाइलिंग पोर्टल
- प्रोटियन (पूर्व में NSDL eGov)
- यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (UTIITSL)

### अमेजन पर 'रेडी टू ईट' उत्पादों की बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली।** एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान के बीच ई–कॉमर्स मंच अमेजन पर तत्काल उपयोग के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन इंडिया ने बुधवार को कहा कि एलपीजी संकट पैदा होने के बाद इंस्टेंट नूडल्स, डिब्बाबंद खाना, स्नैक्स और पेय पदार्थ जैसी श्रेणियों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी देखी गई है। यह मांग केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई के साथ सोनीपत और पणजी जैसे छोटे शहरों में भी देखी जा रही है।

**एक्शन** | राज्यसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा–अब 25 हजार ग्राम पंचायतों को मिलेगा 100 प्रतिशत बीमा कवर

# बीमा कंपनियों की गलत हरकतें अनदेखी नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, कारोबार डेस्क**




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आश्वासन दिया कि बीमा कंपनियों द्वारा की गई अनियमितताओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उन्होंने राज्यसभा को यह भी बताया कि 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा के दायरे में लाया जाएगा।

बताया कि एक प्रश्न के उत्तर में, सीतारमण ने अपने मौखिक उत्तर में इस बात पर जोर दिया कि सभी बीमा कंपनियों को बीमा नियामक द्वारा बहुत ही व्यवस्थित और क्रमबद्ध तरीके से विनियमित किया जाता है।

उन्होंने पिछले तीन वर्षों में की गई कार्रवाई का विवरण देते हुए कहा कि यदि बीमा कंपनियों द्वारा कोई भी कदाचार किया जाता है, तो नियामक उनके खिलाफ कार्रवाई करता है। उदाहरण के लिए, 2023-24 में, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी पर अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं के लिए 2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। इसी तरह, बजाज फाइनेंस लिमिटेड (2 करोड़ रुपये), एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस (2 करोड़ रुपये), एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस (1 करोड़ रुपये) और रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस (1 करोड़ रुपये) सहित अन्य कंपनियों पर भी जुर्माना लगाया गया है।

सीतारमण ने उन गड़बड़ियों की सूची भी बताई जिन पर सरकार की पैनी नजर है-

**बिना सहमति बीमा:** ग्राहक की मर्जी के बिना पॉलिसी थमाई गई, तो जुर्माना लगेगा।

**गलत जानकारी, क्लेम में देरी:** पॉलिसी बेचते समय फीचर्स छिपाना या गुमराह करने वाले दावे करना। साथ ही परिपक्वता यानी मैच्योरिटी क्लेम के निपटारे में देरी या ब्याज न देना भी जांच के दायरे में आएगा।

### 25 हजार गांवों पर फोकस

अब सरकार बीमा (इंश्योरेंस) को देश के दूर–दराज के गांवों तक पहुँचाने के लिए एक नया तरीका अपना रही है। इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीए के नए नियमों के अनुसार अब इंश्योरेंस की पहुंच को 'ग्राम पंचायत' के आधार पर मापा जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार 25,000 ग्राम पंचायतों को खास तौर पर चुना गया है, जहां बीमा का दायरा बढ़ाया जाएगा। सरकार का वास्तविक उद्देश्य है कि गांव–गांव और समाज के हर वर्ग तक 100% बीमा की सुविधा पहुंच सके।

### किस पर कितना जुर्माना

| वित्त वर्ष 2023–24 | जुर्माना |
|---|---|
| रिलायंस जनरल इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| बजाज फाइनेंस | 2 करोड़ |
| एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| एसबीआई लाइफ | एक करोड़ |
| रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस | एक करोड़ |

**प्रीमियम का गलत आवंटन:** अगर प्रीमियम के पैसों का हिसाब सही नहीं रखा गया, तो रेगुलेटर एक्शन लेगा।

### सीधे कर सकते हैं शिकायत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जनता से अपील की कि अगर कोई बीमा कंपनी नियमों का पालन नहीं करती या परेशान करती है, तो चुप न बैठें। लोग सीधे आईआरडीएआई से संपर्क कर सकते हैं या सरकारी शिकायत पोर्टल CPGRAMS का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेगुलेटर सिस्टेमैटिक तरीके से हर शिकायत की जांच करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बेनामी लेनदेन में 20 लाख रुपये बरामद

**करीमनगर।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित रिश्वतखोरी और बेनामी लेनदेन मामले में आबकारी निरीक्षक और एक सरकारी शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसीबी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, करीमनगर अर्बन के आबकारी निरीक्षक श्री गुंडेटी रामू और जगत्याल जिले के मल्लियाल मंडल स्थित एमपीपीएस ओबुलापुर के सेकेंडरी ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को 17 मार्च को रात लगभग 8 :25 बजे आय से अधिक संपत्ति और अवैध धनराशि के मामले में पकड़ा गया। एसीबी ने खुलासा किया कि वेमुलावाड़ा में एसएचओ के रूप में तैनाती के दौरान निरीक्षक ने 2022 से 2024 के बीच एक गुड़ व्यापारी से नियमित रूप से अवैध धन वसूला। यह राशि कथित रूप से शिक्षक के माध्यम से ली जाती थी, जो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था और लेनदेन यूपीआई के जरिए किये जाते थे।

### अमेरिकी वायु अड्डे पर गोलीबारी में एक मरा

**अलामोगोर्डो।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको स्थित वायु सेना के एक अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। वायु सेना अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि अलामोगोर्डो शहर के निकट होलोमन वायु सेना अड्डे पर एक हमलावर के मौजूद होने की खबरों के कारण मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे उसे बंद कर दिया गया। गोलीबारी में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब अड्डा सुरक्षित है और उसे खोल दिया गया है। बयान में कहा गया है कि आपातकालीन कर्मी स्थिति से निपट रहे हैं और कोई खतरा नहीं है।

### एफबीआई ने वांछितों पर इनाम को बढ़ाया

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल भगोड़ों के बारे में सूचना देने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 10 लाख अमेरिकी डॉलर कर दी है। इस सूची में 11 साल पुराने हत्या के मामले में फरार एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और इसमें पहली बार किसी साइबर अपराधी को भी शामिल किया गया है। एफबीआई के आपराधिक प्रभाग के सहायक निदेशक हीथ आर . जानके ने यहां कहा कि 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में फरार हुए तीन आरोपियों ने नामों को पिछले सप्ताह जोड़ा गया था और सूचीबद्ध किए जाने के तुरंत बाद उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश कोर्ट में नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई पूरी

- दाखिल याचिका में प्रत्यर्पण मामला पुन: खोलने की मांग

**लंदन, एजेंसी**

फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई लंदन के उच्च न्यायालय में पूरी हो गई जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण याचिका पर फिर से विचार किए जाने का अनुरोध किया था। इस अर्जी में दावा किया गया है कि भारत में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान उसे यातना दिए जाने का खतरा है।

रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में अपील की सुनवाई कर रहे लॉर्ड जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने मंगलवार को दिनभर चली सुनवाई के अंत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

स्टुअर्ट-स्मिथ ने कहा कि यह मामला मोदी और भारत से आए




भारतीय अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यथाशीघ्र फैसला सुनाएंगे। भारत में करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मुकदमे में वांछित हीरा कारोबारी उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिये सुनवाई में पेश हुआ।

## क्यों राख में तब्दील हो रहीं जिंदगियां

भारत में आग की घटनाएं अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलताओं का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली के पालम इलाके और इंदौर के तिलक नगर में हुए भीषण अग्निकांडों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में कई मासूमों और परिवारों ने अपनी जान गंवा दी। दिल्ली में एक बहुमंजिला इमारत में आग से 9 लोगों की मौत हुई, जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने 7 की जान ले ली। तकनीक और विकास के इस दौर में हम आग जैसी बुनियादी आपदा से निपटने में इतने असहाय क्यों हैं? क्या हमारी सुरक्षा प्रणालियां केवल कागजों तक सीमित हैं? दिल्ली और इंदौर की घटनाओं ने उजागर किया है कि अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन निकासी के अभाव ने इमारतों को 'डेथ ट्रैप' बना दिया है।

# अग्नि तांडव-सुरक्षा तंत्र



### मौत का मंजर और चूक के बिंदु

- बिल्डिंग बॉयलाज का उल्लंघन : हालिया घटनाओं में सबसे बड़ी चूक बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन और अवैध भंडारण रहा है।
- दिल्ली (पालम हादसा) : इमारत में कॉस्मेटिक और बिजली के तारों का स्टॉक था, जिसने आग को तेजी से भड़काया। एकमात्र सीढ़ी होने के कारण लोग इमारत में ही फंस गए और कई लोग काल के गाल में समा गए।
- इंदौर (तिलक नगर) : घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे वहां रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। ● निकासी मार्ग का अभाव :इमारतों में केवल एक ही प्रवेश/निकास द्वार होना। ● अवैध व्यावसायिक उपयोग : आवासीय क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। फायर विभाग से एनओसी लिए बिना संचालन।

### देश के इतिहास में सबसे भीषण अग्निकांड

- भारत ने पिछले तीन दशकों में कई ऐसे हादसे देखे हैं जिन्होंने सुरक्षा नियमों को बदलने पर मजबूर किया, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी अधूरा है।
- डबवाली स्कूल अग्निकांड (1995) : हरियाणा के सिरसा में एक वार्षिक उत्सव के दौरान लगी आग में 442 लोगों (ज्यादातर बच्चे) की जान गई थी।
- उपहार सिनेमा (1997) : दिल्ली के ग्रीन पार्क में 'बॉर्डर' फिल्म के शो के दौरान आग लगी, जिसमें 59 लोग मारे गए। मुख्य कारण निकास द्वारों का बंद होना था।
- कुंभकोणम स्कूल (2004) : तमिलनाडु में स्कूल में मिड–डे मील की रसोई से लगी भीषण आग में 94 बच्चों की मौत हुई
- आमरी अस्पताल, कोलकाता (2011) : अस्पताल के बेसमेंट में आग के कारण 89 मरीजों की मौत।

### भारत में सुरक्षा बनाम अन्य देश

- भारत में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) 2016 मुख्य मार्गदर्शिका है, लेकिन यह केवल सिफारिशी है, अनिवार्य नहीं।
- भारत की स्थिति : राज्यों के अपने कानून हैं, लेकिन उनमें एकरूपता की कमी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आज भी ठोस फायर सेफ्टी कानून का अभाव है।
- यूनाइटेड किंगडम : ब्रिटेन यानी यूनाइटेड किंगडम में 'फायर रिस्क असेसमेंट' अनिवार्य है और उल्लंघन किए जाने पर जेल भेजने का प्रावधान है।
- अमेरिका : एनएफपीए मानकों के अनुसार, होटलों में निकास मार्ग की दूरी अधिकतम 23 मीटर होनी चाहिए, जबकि भारत में यह 30 मीटर तक मान्य है।

# ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से मौजूदा संघर्ष को बताया एक संक्षिप्त अभियान

- सुनिश्चित करेंगे कि संघर्ष के बाद ठीक से संचालित हो ईरान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस संघर्ष को एक संक्षिप्त अभियान बताया और संकेत दिया कि यह कुछ हफ्तों में समाप्त हो सकता है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बीते समय की बात कर रहे थे या आने वाले समय की।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अभी हटने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन बहुत जल्द वापसी कर सकता है। ट्रंप ने युद्ध के बाद की योजनाओं पर पूछे जाने पर केवल सामान्य रूपरेखा दी और कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि संघर्ष के बाद ईरान ठीक से संचालित हो। ट्रंप ने वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या पर टिप्पणी करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे कूटनीति जटिल हो गयी है और हमें नहीं पता कि बातचीत किससे करें।

नाटो को लेकर अपनी आलोचना दोहराते हुए ट्रंप ने सहयोगियों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रयास का समर्थन न करने पर नाराजगी जताई और यूरोपीय देशों के रुख को बहुत बड़ी गलती बताया। उन्होंने ब्रिटेन और फ्रांस का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर समर्थन नहीं दे रहे हैं, जो एक बड़ी गलती है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बारे में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले संकेत दिया था कि पेरिस और लंदन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी पहल में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फ्रांस ने कहा है कि वह नौसैनिक एस्कॉर्ट मिशन पर तभी विचार करेगा जब तेहरान के साथ तनाव कम होगा। वहीं ब्रिटेन ने सैन्य अभियानों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि अन्य एशियाई और यूरोपीय सहयोगी भी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन जैसे खाड़ी देशों की रक्षात्मक तैयारियों की सराहना की।



### अप्रयुक्त हथियारों से हमले का जवाब देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपने अभियान में ऐसे हथियारों को तैनात करने की योजना बना रही है जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया है। यह बात बुधवार को ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कही। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के भीतर कई ठिकानों पर हमले कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जान गयी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल के इलाके और पश्चिमी एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### यूएई ने की ईरान के हमलों की कड़ी निंदा

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का घोर उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। नाहयान ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों पर हमले किए गए।

# मोदी ने 59 सांसदों को दी विदाई बोले-राजनीति में फुल स्टॉप नहीं

- राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को भावभीनी विदाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को एक खुला विश्वविद्यालय करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं – पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाई में बिताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें मृदुभाषी और विनम्र लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है।

### राज्यसभा का सदन एक खुला विश्वविद्यालय



प्रधानमंत्री ने कहा एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं।

# स्वेच्छा से देश छोड़ने पर अवैध प्रवासियों को देंगे 2600 डॉलर

- अमेरिकी गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर की बोनस की पेशकश

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर भारत सहित अन्य देशों के अवैध अप्रवासियों को मुफ्त में स्वदेश भेजने के साथ-साथ 2600 अमेरिकी डॉलर का निर्वासन बोनस देने की पेशकश की है। अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों को लक्षित करके शुरू की गई स्व-निर्वासन पहल को बढ़ावा देने के लिए ताजमहल और कोलंबिया और चीन के प्रमुख स्थलों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया है।

डीएचएस ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि सीबीपी होम (अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा विकसित ऐप) का उपयोग करके स्वयं को निर्वासित करने पर आपको घर वापसी की मुफ्त उड़ान और 2,600 अमेरिकी डॉलर का निकासी बोनस मिलेगा।

प्रोजेक्ट होमकमिंग नामक यह पहल पिछले साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद शुरू की गई थी। डीएचएस ने प्रवासियों को प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीपी ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है, जिससे वे स्वेच्छा से देश छोड़ने के अपने इरादे के तहत पंजीकरण कर सकें, अपने विवरण जमा कर सकें और यात्रा सहायता और कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी कर सकें। डीएचएस के मुताबिक जनवरी 2025 में योजना के शुरू होने के बाद से 22 लाख से अधिक अवैध अप्रवासियों ने लाभ उठाया है।

## ऊर्जा संकट: यूएस ने दी जहाजरानी प्रतिबंधों में ढील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए देश के भीतर तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की शिपिंग पर लगे प्रमुख प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस निर्णय की जानकारी दी है। अमेरिकी प्रशासन ने जहाजरानी संबंधी कानून 'जोन्स एक्ट' में अगले 60 दिनों के लिए छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के बाद अब विदेशी झंडे वाले जहाजों को भी अमेरिकी बंदरगाहों के बीच तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और कोयले जैसी वस्तुओं के परिवहन की अनुमति होगी। आमतौर पर जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल की ढुलाई केवल अमेरिका में पंजीकृत और निर्मित जहाजों द्वारा ही की जा सकती है।

# राजपाल यादव की सजा एक अप्रैल तक निलंबित

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, अभिनेता को जेल नहीं भेजेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता राजपाल यादव की सजा को निलंबित रखने की मियाद एक अप्रैल तक बढ़ाते हुए कहा कि चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा क्योंकि उन्होंने 'पर्याप्त' भुगतान कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय सुनवाई अदालत के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई करेगा और अंततः फैसला सुनाएगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने अभिनेता के वकील को दलीलें पेश करने को कहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं आपकी मुख्य याचिका सुन रही हूं। मैं उन्हें अभी जेल नहीं भेज रही हूं। उन्होंने काफी बड़ी रकम का भुगतान कर दिया है। मैं इस मामले पर फैसला करूंगी।



अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए यादव से कहा कि उनके पास पैसा लौटाने या मामले को चुनौती देने का विकल्प है।

शिकायतकर्ता का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि सजा को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ उनका आवेदन लंबित है। अदालत ने रेखांकित किया कि यादव पहले ही 4.25 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता। वह भाग नहीं रहे हैं...।

## म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन, ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** – आज सुबह काम का तनाव रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृष** – आज अपने रसूख के कारण आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। व्यापार को लेकर आपके मन में आइडियाज आते रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन** – आज किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**धनु** – आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे।

**कर्क** – आज दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे।

**मकर** – आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**सिंह** – आज अकारण लोगों से विवाद हो सकता है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। भाग्य का साथ न मिलने से काम प्रभावित हो सकते हैं।


**कुंभ** – आज आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**मीन** – आज आपको जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 मार्च, गुरुवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– चैत्र, पक्ष– कृष्ण पक्ष, अमावस्या 06 .52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 20 मार्च 04 .52 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**– दक्षिण, **ऋतु**– वसंत। **चन्द्रबल**– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। **ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेष, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**– उत्तर भाद्रपद 20 मार्च 04 .05 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

### सुडोकू -93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

## अफगानिस्तान में नशामुक्ति केंद्र पर हमले की जांच हो

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तानी हवाई हमले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है। इस हमले में करीब 400 लोगों की मौत और 250 के घायल होने की खबर है। यूएनएचसीएचआर के प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने कहा कि इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

**साक्षात्कार**

## ईरानी विदेशमंत्री बोले–नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद हम पहले की नीति पर कायम

# ईरान की परमाणु नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं : अराघची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अराघची ने अल जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि 2000 के दशक की शुरुआत में तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा जारी एक धार्मिक फतवे में सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब ईरान बाहरी दुनिया को नीति की निरंतरता का संकेत देना चाहता है, हालांकि मौजूदा सैन्य दबाव के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था इस सिद्धांत की व्याख्या कैसे करेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो



उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फतवे उस इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है" और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी, हालांकि नेतृत्व परिवर्तन से कुछ हद तक रणनीतिक अनिश्चितता भी उत्पन्न हुई है। यह मुद्दा वर्तमान संघर्ष के केंद्र में बना हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे पश्चिमी देश तथा इजरायल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण

ईरान, अमेरिका–इजरायल और अन्य देशों के परमाणु हथियार विकसित करने के आरोपों से इनकार करता रहा है और अपने परमाणु कार्यक्रम को ऊर्जा एवं अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है। इस तरह की जानकारी है कि उसने उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन किया है और उसके पास बड़े यूरेनियम के विशाल भंडार मौजूद हैं।



यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। लेकिन मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा।
–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 19 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### जापान-ऑस्ट्रेलिया में होगा महिला एशिया कप खिताबी मुकाबला

**सिडनी।** खिताब की प्रबल दावेदार जापान की टीम ने बुधवार को सिडनी में दक्षिण कोरिया को 4–1 से आसानी से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात यहाँ सेमीफ़ाइनल में मौजूदा चैंपियन चीन को 2–1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिको उएकी और माइका हमानो ने शुरुआती 25 मिनट में गोल किए, जिसके बाद साकी कुमागाई ने मैच खत्म होने से 15 मिनट पहले हेडर से गोल करके जापान की सेमीफाइनल में शानदार जीत लगभग पक्की कर दी। पूरे मैच के दौरान सटीक पासिंग और बेहतरीन नियंत्रण के साथ खेलते हुए, जापान ने शनिवार को सिडनी में 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) के खिलाफ होने वाले फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### मारिन ने विश्व कप व एशियाई खेलों के लिए टीम की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।

### शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर और भी मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष–20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष –10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष–20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था जितना शीर्ष–10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।

### मंधाना ने 2025 विश्व कप जीत का श्रेय टीम की तैयारी को दिया

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स में 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला)' का खिताब जीतकर अपने शानदार सीजन का समापन किया। उन्होंने विश्वकप जीत का श्रेय टीम की मेहनत और तैयारी को दिया। यह साल मंधाना के लिए निजी उपलब्धियों और वैश्विक मंच पर भारत की जीत, दोनों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। उन्होंने व्यक्तिगत सम्मानों के बजाय टीम की सामूहिक सफलता को अधिक महत्व दिया। बीसीसीआई के एक वीडियो में मंधाना ने कहा यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा, क्योंकि मैं टीम के लिए जो कुछ भी कर सकती थी, मैंने किया।



# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी : सिंधु

**गुरुग्राम, एजेंसी**

- पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में बातचीत के दौरान शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है। क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है।

पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी।

इस खिलाड़ी ने कहा आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।

उन्होंने कहा कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं।

ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।

# सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान किशन

## आईपीएल 2026 : नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे

**हैदराबाद, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, 'पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद ईशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सत्र की शुरुआत में ईशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

### आरसीबी में अब भी कोहली ही हैं मुख्य ताकत : डिविलियर्स

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के हमेशा बने रहने वाले प्रभाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कोहली को मौजूदा चैंपियन टीम की पहचान और सफलता के पीछे की मुख्य ताकत बताया है, चाहे वह मैदान के अंदर हो या बाहर। जैसे ही आरसीबी 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, 2025 में ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

### चक्रवर्ती और नारायण को ईडन गार्डन्स में अनुकूल पिच मिलनी चाहिए : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा है कि वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में भले ही कुछ खास नहीं रहा हो लेकिन 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह भारतीय रहस्मयी स्पिनर बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस टूर्नामेंट से संन्यास लेने से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले डु प्लेसी ने से कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच सुनील नारायण और चक्रवर्ती की गेंदबाजी के अनुकूल होनी चाहिए। डु प्लेसी ने कहा अगर मैं केकेआर टीम प्रबंधन का हिस्सा होता तो मैं ईडन गार्डन्स के मैदानकर्मियों से कहता कि पिच को स्पिन के अनुकूल बनाया जाए। केकेआर खुशकिस्मत है कि उसके पास चक्रवर्ती और नारायण जैसे दो शानदार गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा ये दोनों इस समय टी20 क्रिकेट के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से हैं। वरुण और नारायण, दोनों का प्रदर्शन असरदार होना जरूरी है। अगर वे ऐसी पिचों पर खेलते हैं जहां वे अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाते तो आप अपने इन दो सबसे बड़े हथियारों और अपनी सबसे बड़ी ताकत को खो देंगे।

### पोंटिंग ने यानसेन के देर से टीम से जुड़ने की दी छूट

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने टीम के साथ जमकर अभ्यास किया। एजेंसी



चैंपियंस लीग मैच के दौरान मुकाबला करते रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज और मैनचेस्टर सिटी के मैथ्यूज नून्स। एजेंसी

### चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड व पीएसजी

**मैनचेस्टर।** रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रियल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया।

# भारत थॉमस और उबेर कप में चीन के ग्रुप में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**थॉमस कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन
ग्रुप डी : इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।



**उबेर कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप डी : कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की।

थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ''ए'' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप ''ए'' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था। चीन के पास एक मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं। भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

## हॉकी विश्व कप

नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले

# भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को एक ही ग्रुप में जगह

**एम्स्टर्डम, एजेंसी**

भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को इसी वर्ष नीदरलैंड्स व बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप के एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। 15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस वैश्विक आयोजन की ड्रॉ सेरेमनी मंगलवार को एम्स्टर्डम के वैगेनर स्टेडियम में हुई और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**पुरुष हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस व मलेशिया (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल सी** : ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड व दक्षिण अफ्रीका (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल डी** : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान व वेल्स (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : अर्जेंटीना, जर्मनी, अमेरिका व स्कॉटलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल सी – बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड व आयरलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल डी – चीन, इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**ग्रुप डी के सभी मैच नीदरलैंड्स में होंगे :** दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों – भारत व पाकिस्तान व इंग्लैंड व वेल्स के साथ पूल डी में जगह दी गई है। इस ग्रुप के सभी मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि क्रिकेट के, जहां भारत व पाकिस्तान कमोबेश हर विश्व कप में एक ही ग्रुप में होते हैं, उलट हॉकी में ये दोनों टीमें 2010 के बाद पहली बार विश्व कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**विश्व कप में 2010 के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी भारत-पाक टीमें :** पुरुषों हॉकी विश्व कप के इतिहास में भारत व पाकिस्तान पांच बार एक-दूसरे का सामना कर चुके हैं। भारत तीन जीत के साथ आगे है जबकि पाकिस्तान दो बार जीता है। भारत ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पिछले विश्व कप मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**2026 में दोनों टीमों की कम से कम तीन मुलाकातें होंगी :** हॉकी विश्व कप में मुकाबले के अलावा, भारत और पाकिस्तान इस वर्ष दो बार और एक-दूसरे का सामना करेंगे। विश्व कप में मुकाबले से पहले, दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग में दो बार खेलेंगी। इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स में चौथी मुलाकात की भी संभावना है।

**महिला वर्ग में भारत, चीन, इंग्लैंड व द. अफ्रीका एक ग्रुप में :** इस बीच पुरुष विश्व कप के अलावा महिला हॉकी विव कप के लिए भी ड्रॉ सेरेमनी हुई, जिसमें पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं कर पाया है। भारत, चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल D में है।